YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-117 | बुधवार, 28 मई 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



माधवबाग को धर्म और आरोग्य केंद्र बनना चाहिए। स्वास्थ्य और कल्याण के लिए संजीवनी केंद्र की स्थापना करने और सांस्कृतिक जड़ों का जश्न मनाने और पोषण करने के लिए माधव संस्कृति केंद्र बनाने के अपने दृष्टिकोण पर भी जोर दिया।
अमित शाह

राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें: धनखड़ 11

विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर चलाया गया जन-जागरुकता अभियान 12

# सुप्रीम कोर्ट में अब वक्फ एक्ट-1995 को चुनौती

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ एक्ट-1995 के प्रावधानों को चुनौती देने वाली एक याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारों को नोटिस दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता से भी सवाल किए और पूछा कि 1995 एक्ट को 2025 में क्यों चुनौती दे रहे हैं। क्या इसे सुना जाना चाहिए?

सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि कोर्ट में 2013 के वक्फ संशोधन एक्ट को भी चुनौती दी गई है। इस पर



सीजेआई ने कहा कि वह भी 12 साल देरी हो रही है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को लेकर भी अब सुनवाई कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को 1995 के एक्ट को चुनौती देने वाली एक पुरानी याचिका के साथ जोड़ दिया। यह याचिका लॉ स्टूडेंट निखिल उपाध्याय की तरफ से दायर की गई है। उनकी याचिका को पारूल खेडा और हरिशंकर जैन की याचिका के साथ जोड़ा गया है। याचिका में कहा- 1995 का वक्फ एक्ट भेदभावपूर्ण निखिल उपाध्याय ने अपनी याचिका में वक्फ एक्ट, 1995 के विभिन्न प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए उनको रद्द करने की मांग की है। केवल मुसलमानों के पास ही उनकी दान वाली संपत्तियों के प्रशासन से संबंधित कानून है। अन्य धर्मों के पास ऐसा कोई कानून ● शेष पेज 11 पर

# 676 कोविड कार्मिकों के समायोजन को हरी झंडी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

- पूर्व में 1834 कर्मचारियों को मिल चुकी है तैनाती
- शेष कार्मियों के लिए पत्र जारी-डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी जानकारी
- एक माह में तैनाती के दिए निर्देश

लखनऊ। कोविड महामारी के दौरान प्रदेश के विभिन्न जनपदों में अस्थाई, अल्पकालिक, संविदा एवं आउटसोर्स मानव संसाधन के पदों पर कार्यरत कर्मियों के विभागीय समायोजन को हरी झंडी मिल गई है। यह वे कर्मचारी हैं, जो पिछले समायोजन में रह गए थे। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में इन कर्मियों का समायोजन किया जा रहा है। इससे पूर्व कई कर्मियों का विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में समायोजन हो चुका है।

ब्रजेश पाठक ने बताया कि कोविड महामारी के दौरान प्रदेशभर से कार्मिकों को विभिन्न स्वास्थ्य इकाइयों में अस्थाई रूप से भर्ती किया गया था। कुछ समय पूर्व से इन कार्मिकों से कार्य नहीं लिया जा रहा है।

इन कर्मचारियों की मांग के आधार पर विभिन्न जनपदों में 1834 कर्मचारियों को समाहित कर लिया गया था। शेष 676 कर्मचारियों को समाहित करने के निर्देश मंगलवार को जारी कर दिए गए हैं। डिप्टी सीएम ने बताया कि इन कर्मचारियों को जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा अगले एक माह में समाहित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। ब्रजेश पाठक के निर्देश पर चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा



शिक्षा के प्रमुख सचिव की ओर से प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों (अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति), सभी प्रधानाचार्य, राजकीय स्वशासी मेडिकल कॉलेज, सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति), सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों को इस संबंध में पत्र जारी किया गया है। योग्यतानुसार मिलेगी तैनाती पत्र के अनुसार योग्यता के हिसाब से कार्मिकों को कार्य मिलेगा। जिन ब्लॉकों में ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट स्थापित किए गए हैं, वहां डाटा एनालिस्ट, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विभिन्न कार्यक्रमों में लैब असिस्टेंट, ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन, आयुष एमओ, बीडीएस एमओ, स्वीपर, वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, नॉन मेडिकल साइंटिस्ट, माइक्रोबायोलॉजिस्ट, पीएचसी लेवल के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लैब टैक्नीशियन, एनएचएम के तहत डिस्ट्रिक्ट हेल्थ स्ट्रेनटिनिंग प्रोग्राम के स्टाफ नर्स की तैनाती उस समय मिलने वेतन पर ही की जाए। सिर्फ कोविड कार्मिकों को रखें पत्र के अनुसार अगर ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### अमृतसर में बम विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकवादी की मौत

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के पास मंगलवार को सुबह करीब 9.30 बजे हुए एक विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकवादी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि हमें सुबह विस्फोट की सूचना मिली थी और घटनास्थल पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिला। विस्फोट में उसके दोनों हाथ उड़ गए थे। घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### अजीज अहमद बने प्राविधिक शिक्षा निदेशक

**लखनऊ।** अजीज अहमद को प्राविधिक शिक्षा निदेशक बनाया गया है। वह विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा के साथ-साथ निदेशक पद का अतिरिक्त कार्यभार भी संभालेंगे। अभी तक विभाग के विशेष सचिव रहे अन्नावि दिनेश कुमार के पास यह पदभार था। उनके स्थानांतरण के बाद इस रिक्त पद पर मंगलवार को तैनाती कर दी गई। प्राविधिक शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव प्रभाकर चंद्र मिश्रा की ओर से इसका आदेश जारी कर दिया गया है।

### बिहार अब यूपी से जानेगा एक्सप्रेसवे के लिए वित्तीय प्रबंधन

**लखनऊ।** बिहार का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को लखनऊ आकर यूपीडा के अधिकारियों के साथ वार्ता करेगा। इस यात्रा का मकसद यूपी के एक्सप्रेसवे व अन्य परियोजनाओं के लिए यूपीडा द्वारा किए वित्तीय प्रबंधन के तौर तरीके जानना है। इस प्रतिनिधिमंडल में बिहार के बीएसआरडीसीएल के एमडी व आईएएस अधिकारी शिरसत कपिल अशोक, वित्त विभाग के संयुक्त बजट नियंत्रक मनीष कुमार, केपीएमजी इंडिया के मोबाशिर नय्यर व अब्दुल मतीन अख्तर हैं। यूपीडा के एसीईओ श्रीहरि पति शाही ने बिहार के इस दल से वार्ता के लिए वित्त नियंत्रक विश्वजीत राय, महाप्रबंधक एसपी राव, ओएसडी चुनकू राम पटेल, वरिष्ठ सलाहकार अनूप श्रीवास्तव व अन्य अधिकारियों को नामित किया है।

# आतंकवाद पाकिस्तान की युद्ध रणनीति भारत उसी के अनुसार जवाब देगा : मोदी

एजेंसी

गांधीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान द्वारा पोषित आतंकवाद कोई परोक्ष युद्ध नहीं, बल्कि एक सोची-समझी युद्ध रणनीति है और भारत उसी के अनुसार जवाब देगा। गुजरात सरकार के शहरी विकास कार्यक्रम में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में मोदी ने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद के जरिए युद्ध कर रहा है। मोदी ने कहा, ''हम इसे परोक्ष युद्ध नहीं कह सकते, क्योंकि 6 मई की रात (पाकिस्तान में आतंकी शिविरों पर भारतीय हमलों में) मारे गए लोगों को पाकिस्तान में राजकीय सम्मान दिया गया। उनके ताबूतों पर पाकिस्तानी झंडे लपेटे गए और उनकी सेना ने उन्हें सलामी दी।''

उन्होंने कहा, ''इससे साबित होता है कि ये आतंकवादी गतिविधियां सिर्फ़ परोक्ष युद्ध नहीं हैं, बल्कि उनकी ओर से सोची-समझी युद्ध रणनीति है। अगर वे युद्ध में शामिल होते हैं, तो जवाब भी उसी के अनुसार



होगा।'' पीएम मोदी ने कहा कि जब भी भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान को इस बुरी तरह से हराया कि पड़ोसी देश उसे कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा, ''यह महसूस करते हुए कि वे भारत के खिलाफ प्रत्यक्ष युद्ध में कभी नहीं जीत सकते, उन्होंने परोक्ष युद्ध का सहारा लिया और आतंकवादियों को सैन्य प्रशिक्षण तथा सहायता प्रदान की। मोदी ने कहा, ''विभाजन के दौरान मां भारती दो टुकड़ों में बंट गई और उसी रात मुजाहिदीन द्वारा कश्मीर पर पहला आतंकी हमला किया गया।'' उन्होंने कहा कि इसके बाद पाकिस्तान ने मुजाहिदीन के नाम पर आतंकवादियों की मदद से भारत माता के एक हिस्से पर कब्जा कर लिया। पीएम मोदी ने कहा, ''अगर उस दिन ये मुजाहिदीन मार गिराए गए होते और सरदार पटेल की सलाह मान ली गई होती तो पिछले 75 साल से जारी यह (आतंकवादी हमलों का) सिलसिला नहीं दिखता।'

प्रधानमंत्री ने आजादी के समय की चर्चा कर कहा कि 1947 में जब भारत का टुकड़ा हुआ, उसी रात कश्मीर की धरती पर पहला आतंकवादी हमला हुआ था। भारत का एक हिस्सा आतंकवादियों, मुजाहिदीन के नाम पर पाकिस्तान ने हड़प लिया। उस दिन अगर इन मुजाहिदीनों को मौत के घाट उतार दिया जाता, जो सरदार पटेल की इच्छा थी कि पीओके वापस न आए तब तक सेना को रोका नहीं जाना चाहिए था। उस समय इस बात को नहीं माना गया। मुजाहिदीन जिन्होंने खून का स्वाद लिया था, वह सिलसिला 75 वर्षों से चला आ रहा है। पहलगाम में भी इसका विकृत रूप देखने को मिला। 75 साल से वह सिलसिला चला आ रहा है और जब पाकिस्तान के साथ युद्ध का समय आया तो तीनों बार भारत की सैन्य शक्ति ने पाकिस्तान को धूल चटाई। मोदी ने कहा कि पाकिस्तान अच्छी तरह से समझ गया कि ● शेष पेज 11 पर

# 5वीं पीढ़ी के स्वदेशी लड़ाकू विमान के मॉडल को मंजूरी



एजेंसी

नई दिल्ली। चीन की ओर से पाकिस्तान को स्टील्थ फाइटर जेट्स मुहैया कराने की खबरों के बीच भारत ने बड़ा कदम उठाया है। नई दिल्ली ने अपने खुद के स्टील्थ विमान बनाने के प्लान को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायुसेना के लिए 5वीं पीढ़ी के मध्यम वजनी उन्नत लड़ाकू विमान को स्वदेशी रूप से विकसित करने के मॉडल को मंजूर कर लिया। भारत अपनी वायु शक्ति क्षमता को बढ़ाने के लिए उन्नत 'स्टील्थ' विमानों पर जोर दे रहा है। ये ऐसे विमान हैं, जिनकी हवाई क्षेत्र में मौजूदगी का पता लगाना मुश्किल होता है। साथ ही, ये दुश्मन के क्षेत्र में भीतर तक जाकर लक्ष्य को भेद सकते हैं। रक्षा मंत्रालय ऐसे ही मध्यम वजन के लड़ाकू जेट विकसित करने की एएमसीए परियोजना पर काम कर रहा है।


रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि राजनाथ सिंह ने उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान कार्यक्रम को मंजूरी दे दी है। बयान में कहा गया, 'भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने और मजबूत घरेलू एयरोस्पेस औद्योगिक तंत्र को बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम उठाया गया है।' वैमानिक विकास एजेंसी उद्योग की साझेदारी के माध्यम से इस कार्यक्रम को लागू करेगा। ● शेष पेज 11 पर

# कोविड संक्रमण पर घबराने की आवश्यकता नहीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ने मंगलवार को फिर दोहराया कि देश में कोविड संक्रमण की स्थिति पर निरंतर नजर रखी जा रही है और घबराने की आवश्यकता नहीं हैं।

मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक देश में कोरोना के सक्रिय मामले 19 मई से अभी तक 1010 तक पहुंच गए हैं।भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉक्टर राजीव बहल ने कहा है कि देश में कोविड संक्रमण की स्थिति पर बारीकी से नजर रखी जा रही है और



फिलहाल चिन्ता की बात नहीं है। देशभर में एक बार फिर से कोरोना वायरस के नए वैरिएंट जेएन.1 के तेजी से बढ़ने से संबंधित अधिकारियों की सक्रियता आरंभ हो गयी है। स्वास्थ्य सेवा के सभी संस्थानों को सतर्क रहने का कहा गया है और सभी आवश्यक उपचार ● शेष पेज 11 पर

# 16 साल की सेवा कर चुके दरोगाओं को मिलेगा 5400 रुपए का द्वितीय ग्रेड पे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में कार्यरत 2001 बैच के दरोगाओं एवं वर्तमान समय में पुलिस निरीक्षक के पद पर कार्यरत, पुलिस इंस्पेक्टरों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बड़ी राहत दी है।

अदालत ने पुलिस विभाग के आलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि इन पुलिस निरीक्षकों की ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा जाए। साथ ही दरोगा के पद पर नियुक्ति हुये पुलिस कर्मियों जिनकी सेवायें 16 वर्ष की पूर्ण हो चुकी है, द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान ग्रेड-पे 5400 रूपये (पुलिस उपाधीक्षक) का देने के सम्बन्ध में 6 सप्ताह में कानून के तहत स्पष्ट आदेश पारित करने का निर्देश दिया है। यह आदेश जस्टिस अजीत कुमार ने पुलिस इंस्पेक्टर जगदम्बा सिंह व अन्य द्वारा योजित की गयी याचिका को निस्तारित करते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम की बहस सुनकर पारित किया। पुलिस निरीक्षकों की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता विजय गौतम एवं श्याम शरण ने बहस की। उनका तर्क था कि हाईकोर्ट के पहले के आदेशों और बाद में जारी शासनादेशों के बावजूद विभाग कुछ नहीं



कर रहा है। प्रशिक्षण अवधि की सेवा को द्वितीय प्रोन्नत वेतनमान देने के लिए नहीं जोड़ा जा रहा है जबकि वे इसके हकदार है।

याची पुलिस निरीक्षकों की नियुक्ति वर्ष 2001 में दरोगा के पद पर हुई थी, तत्पश्चात याचीगणों को वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदान की गई। सभी याचीगणों की सेवायें 16 वर्षों से ज्यादा की पूर्ण हो चुकी है, लेकिन उन्हें द्वितीय वेतनमान ग्रेड-पे 5400/- रूपये नहीं दिया जा रहा है और न ही उनके ट्रेनिंग अवधि को सेवा में जोड़ा गया। संशोधित शासनादेश दिनांक 26 अगस्त 2015 में यह व्यवस्था प्रतिपादित की गयी है कि ऐसे राज्य कर्मचारी जिन्होंने सीधी भर्ती के पद पर प्रथम नियुक्ति की तिथि से 16 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है, उन्हें द्वितीय वेतनमान / ग्रेड पे प्रदान किया जायेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता गौतम का कहना था कि अपर पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद द्वारा जारी सर्कुलर दिनांक 17 मार्च 2012 में यह स्पष्ट कहा गया है कि आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2000 रूपये है। मुख्य आरक्षी के पद का ग्रेड वेतन 2400 रूपये है। उपनिरीक्षक के पद का ग्रेड ● शेष पेज 11 पर

# आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि हुई 15 सितंबर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आंकलन वर्ष 2025-26 के लिए 31 जुलाई 2025 तक दाखिल होने वाली आयकर रिटर्न (आईटीआर) की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 सितंबर 2025 कर दी है।

सीबीडीटी ने मंगलवार को यहां यह जानकारी देते हुये कहा कि आंकलन वर्ष 2025-26 के लिए अधिसूचित आईटीआर में संरचनात्मक और सामग्री संशोधन किए गए हैं, जिनका उद्देश्य अनुपालन को सरल बनाना, पारदर्शिता बढ़ाना और सटीक रिपोर्टिंग को सक्षम बनाना है। इन परिवर्तनों के कारण सिस्टम विकास, एकीकरण और संबंधित उपयोगिताओं के परीक्षण के लिए अतिरिक्त




समय की आवश्यकता है। इसके अलावा, 31 मई, 2025 तक दाखिल होने वाले टीडीएस विवरणों से उत्पन्न क्रेडिट जून की शुरुआत में दिखाई देने लगेंगे, जिससे इस तरह के विस्तार के अभाव में रिटर्न दाखिल करने की प्रभावी विंडो सीमित हो जाएगी। सीबीडीटी ने कहा कि अधिसूचित आईटीआर में पेश किए गए व्यापक परिवर्तनों और आंकलन वर्ष 2025-26 के लिए आयकर ● शेष पेज 11 पर

प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में विगत 11 साल से देश में और आठ साल से प्रदेश में यही परिवर्तन देखने को मिल रहा: मुख्यमंत्री

# विकास और गरीब कल्याण के साथ समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है अच्छी सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब अच्छी सरकार होती है तो वह विकास और गरीब कल्याण के कार्यक्रमों को तेजी से आगे बढ़ाते हुए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। सुरक्षा के बेहतर माहौल में हरेक व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक, विकासपरक और कल्याणकारी परिवर्तन लाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में विगत 11 साल से देश में और आठ साल से प्रदेश में यही परिवर्तन देखने को मिल रहा है।

मुख्यमंत्री योगी मंगलवार को हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (खाद कारखाना) के परिसर में 1200 जोड़ों के मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वास्तविक सरकार वही है जो जनता के घर जाकर उनकी समस्याओं का समाधान निकाल सके। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। यह कार्यक्रम बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की अगली कड़ी है। यह बाल विवाह, बहुविवाह और दहेज प्रथा जैसी सामाजिक रूढ़ियों पर भी प्रहार है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज सरकार की मंशा हर एक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है। भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए हमें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति के बारे में सोचना होगा। हमें उसके जीवन में परिवर्तन लाना होगा। इसी परिवर्तन के उद्देश्य से सरकार द्वारा मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना, कन्या सुमंगला योजना, आयुष्मान



योजना आदि अन्य कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। सामूहिक विवाह योजना भी इसी प्रगतिशील सोच का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 में सरकार द्वारा निर्धनों की पीड़ा को समाप्त करने के लिए बेटी के जन्म से लेकर स्नातक तक की पढ़ाई के लिए मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना चलायी गयी। आज यह योजना सफलतापूर्वक चल रही है। इसके तहत प्रदेश के साधनहीन और वंचित परिवारों की लगभग 24 लाख बालिकाओं को जन्म से लेकर स्नातक की शिक्षा के लिए 25 हजार की धनराशि दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कन्या सुमंगला योजना में शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था के बाद बेटी की शादी के लिए सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलायी गयी। आज गरीब अभिभावक को बेटी के विवाह की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार गरीब कन्या का विवाह कराने का भी कार्य कर रही है। इस सामूहिक विवाह में मुख्यमंत्री के साथ विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण भी सम्मिलित होते है। उन्होंने कहा कि मुझे भी इस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, जो बाल विवाह, दहेज प्रथा व बहुविवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति दिलाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस योजना में जाति, मत, मजहब एवं क्षेत्र के बंधन से ● शेष पेज 11 पर

# जोन–3 में नहीं रुक रहे अवैध प्लाटिंग और निर्माण

**अवैध निर्माणों पर रोक लगाने में एलडीए कुछ हद तक सक्रिय है लेकिन समस्या का दायरा इतना बड़ा है कि यह नियंत्रण से बाहर दिखाई देता है**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ अपने तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ-साथ अवैध प्लाटिंग और निर्माण की समस्या से जूझ रही है। विशेष रूप से लखनऊ विकास प्राधिकरण के जोन-3 में अवैध प्लाटिंग और अनधिकृत निर्माण की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। यह स्थिति न केवल शहर की नियोजित विकास योजना को प्रभावित कर रही है बल्कि आम नागरिकों के हितों को भी नुकसान पहुंचा रही है। सवाल उठता है कि इन गतिविधियों के लिए जिम्मेदार कौन है और जिम्मेदार अधिकारी इस दिशा में प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहे हैं। अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण पर लखनऊ विकास प्राधिकरण समय समय पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करता रहता है। इन कार्रवाइयों से पता चलता है कि एलडीए कुछ हद तक सक्रिय है लेकिन समस्या का दायरा इतना बड़ा है कि यह नियंत्रण से बाहर दिखाई देता है। जोन-3 में ज़िम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण और समय पर कार्रवाई न करने से अवैध निर्माण और प्लाटिंग को बढ़ावा मिल रहा है। एलडीए द्वारा लगातार कार्यवाही किये जाने के बावजूद ऐसे निर्माणों का बार-बार सामने आना यह दर्शाता है कि अवर अभियंता और सहायक अभियंता अपनी निगरानी में विफल साबित हो रहे हैं। सूत्रों के अनुसार कुछ अभियंताओं की मिलीभगत के कारण बिल्डर बिना डर के नियम तोड़ रहे हैं। थाना काकोरी क्षेत्र के दशहरी मोड़ पर नियमों को तक पर रख अवैध रूप से प्लाटिंग कर प्रॉपर्टी डीलर पैसा कमाने में लगे हुए हैं। यहाँ ग्राम परगना दशहरी में खसरा नं 65 पर प्लॉट काट कर व रोड बना कर अवैध कॉलोनी बसाने का सिलसिला जारी है। इसी के आसपास अन्य भूमियों पर पहले से अन्य प्रॉपर्टी डीलरों द्वारा बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग की जा चुकी है। जगह जगह बोर्ड लगा कर खुलेआम अवैध प्लाटिंग की जा रही है। दशहरी मोड़ से अन्दर जा कर हरदोई रोड से दशहरी गांव जाने वाले रोड पर न्यू बालाजी ज्वैलर्स के पास एक बड़ा अवैध निर्माण महीनों से बन रहा है जो की अवर अभियंताओं को अपनी ड्यूटी के दौरान नजर नहीं आता। इसके अलावा इसी के थोड़ा आगे जा कर बालाजी मंदिर के सामने गोल्डन सिटी व पाकीज़ा सिटी व एम आर क्यु सिटी नाम से खुल्लम खुल्ला बोर्ड लगाकर अवैध रूप से प्लाटिंग कर प्लाट बेचे जा रहे हैं। जिसकी ख़बर कुछ दिन पूर्व कैनविज़ टाइम्स ने प्रमुखता से छपी थी। कर छापने का संज्ञान जिम्मेदार अवर अभियंताओं व सहायक अभियंता तथा जोनल अधिकारी ने तो नहीं लिया किंतु अवैध रूप से प्लानिंग का कार्य करने वालों ने इस खबर का संज्ञान लेकर अपनी जगह से बोर्ड हटा दिया। क्षेत्र में अवैध निर्माण व अवैध प्लाटिंग को रोकने की जिम्मेदारी पूरी तरह से संबंधित अवर अभियंता व सहायक अभियंता व जोनल अधिकारी की है। लेकिन प्राधिकरण के इन जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते ये गतिविधियां रुक नहीं रही हैं। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को चाहिए कैसे लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई करें।

# नगर निगम का अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान




कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगर निगम ने मंगलवार को शहर के विभिन्न जोनों में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर अवैध ठेले, दुकानें और अन्य सामान हटाए। महापौर सुषमा खर्कवाल व नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेश पर यह कार्रवाई जोन-2, जोन-5 और जोन-6 में की गई। अभियान में न केवल अतिक्रमण हटाया गया, बल्कि अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला गया और भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। जोन-2 में ज़ोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में मिल एरिया चौकी से एवरेडी चौराहे, बालाजी मंदिर कॉटन मिल लालकटोरा, दुर्गापुरी से चारबाग बस अड्डे, नत्था चौराहा, मेट्रो स्टेशन और अंबेडकर प्रतिमा तक अभियान चलाया गया। जोन-5 में ज़ोनल अधिकारी नन्दकिशोर की अगुवाई में मवैया छत्ता से चारबाग मेट्रो स्टेशन और केकेसी तक अतिक्रमण हटाया गया।जोन-6 में ज़ोनल अधिकारी मनोज यादव के नेतृत्व में तीन बंदर मंदिर से दुबग्गा चौराहे तक अस्थाई अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान ठेले अस्थाई दुकानें, तख्त, ड्रम, लकड़ी की मेज़े, लोहे के स्टैंड व अन्य छोटे सामान ज़ब्त किए गए। साथ ही जुर्माना भी वसूला गया।

# शनि जयंती और तीसरे बड़े मंगलवार पर मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब

प्रयागराज। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार और शनि जयंती होने के अवसर पर तीर्थराज प्रयाग में बंधवा स्थित लेटे हनुमान मंदिर समेत तमाम शनि मंदिरों में श्रद्धालुओं का दर्शन के लिए सुबह से तांता लगा रहा।इन दो महत्वपूर्ण अवसर होने के कारण लेटे हनुमान, सिविल लाइंस हनुमत निकेतन एवं संकटमोचन हनुमान मंदिर से लेकर चुंगी स्थित शनि मंदिर, अतरसुइया के शनि धाम, दारागंज में बक्शी बांध स्थित शनि मंदिर परिसर में पूजन अर्चना एवं तेल से अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी है। जय श्रीराम, जय हनुमान, जय शनि देव के जयकारों से मंदिर के प्रांगण गूंजते रहे।संगम की पवित्र धारा में स्नान करके श्रद्धालु लेटे हनुमान मंदिर पहुंचकर अपनी बारी आने के लिए कतार में आगे बढ़ते नजर आए। श्रद्धालुओं ने हाथों में लड्डू, पुष्प और तुलसी की माला लेकर जय श्रीराम, जय हनुमान का उच्चारण करते नजर आए। कुछ श्रद्धालु हनुमान चालीसा का गुनगुना रहे थे। मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं को शरबत और प्रसाद का वितरण किया गया।प्रयागराज के राजरूपपुर से संगम स्नान के बाद मंदिर में दर्शन को पहुंचे रमा शंकर सिंह और पत्नी सुचित्रा ने बताया कि यह मंदिर हनुमान जी की लगभग 20 फिट लेटी हुई प्रतिमा के लिए प्रसिद्ध है और मान्यता है कि यहां दर्शन करने से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह अपने में अनोखी और दक्षिणमुखी है। इसे हनुमान जी के सिद्ध मंदिरों में से एक महत्वपूर्ण माना जाता है। उन्होंने बताया कि अधिक धूप होने के बावजूद दर्शन का मन उमड रहा था। दर्शन कर आत्मा का शांति मिली।झूंसी की गायत्री देवी और प्रियंका मजूमदार ने बताया कि संगम नगरी में इन्हें बड़े हनुमान , किले वाले हनुमान , लेटे हनुमान और बांध वाले हनुमान के नाम से जाना जाता है। इस प्रतिमा के बारे ऐसा माना जाता है कि इनके बाएं पैर के नीचे कामदा देवी और दाएं पैर के नीचे अहिरावण दबा है। उनके दांए हाथ में राम-लक्ष्मण और बाएं हाथ में गदा शोभित है। बजरंगबली यहां आने वाले सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। गायत्री देवी ने बताया कि दर्शन के बिना संगम का स्नान अधूरा माना जाता है। यहां मंगलवार और शनिवार को बहुत भीड़ होती है।प्रियंका ने बताया कि ऐसा कहा जाता है कि गंगा का पानी मंदिर में प्रवेश कर हनुमत लला को स्नान करने के बाद उतर जाता है। गंगा और यमुना में पानी बढ़ने पर लोग दूर-दूर से, यहां यह नजारा देखने आते है।

# बीकेटी में हुआ भव्य भंडारे का आयोजन



**भक्तों में बांटी सब्जी पूड़ी, भंडारे में पहुंचे बीकेटी विधायक**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगलवार को शहर में बड़ी संख्या में भंडारों का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों में सब्जी पूड़ी, बूंदी, शरबत, छोला चावल, कढ़ी चावल व आइसक्रीम समेत विभिन्न प्रकार के प्रसादों का वितरण किया गया। वहीं बीकेटी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राम गोपाल, गोविंद प्रसाद, मथुरा प्रसाद व अभिनव रस्तोगी के द्वारा भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों में प्रसाद के रूप में सब्जी पूड़ी, लड्डू व ठंडे पानी का वितरण किया गया। इस मौके पर बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला भी मौके पर पहुंचे और भक्तों में प्रसाद का वितरण किया। इस भंडारे में छोटे बच्चों ने भी अपना श्रमदान किया। जिसमें उन्होंने भक्तों में खूब ठंडे पानी का वितरण किया। वहीं इस मौके पर मथुरा प्रसाद, गोविंद प्रसाद, रामगोपाल, अभिनव रस्तोगी, वीर राजपूत, अनूप राजपूत समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# अहिल्या बाई का योगदान अविस्मरणीय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

कौड़ीराम, गोरखपुर। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर की जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत आज बांसगांव विधानसभा के कौड़ीराम में संगोष्ठी आयोजित किया गया ।कार्यक्रम के मुख्यअतिथि बांसगांव विधायक डॉक्टर विमलेश पासवान रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई होल्कर ने न केवल अपने समय की शासन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव किए, बल्कि एक ऐसे आदर्श शासन की नींव रखी, जिसने न्याय, प्रशासनिक दक्षता और सामाजिक समरसता का उदाहरण स्थापित किया।उन्होंने कहा कि उनका जीवन और आदर्श आज भी हम सभी को सशक्त नेतृत्व और जनकल्याण की भावना को समझने एवं अपनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।धार्मिक और सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में भी अहिल्याबाई होल्कर जी का योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने देशभर में अनेक मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराया। विशेष रूप से काशी विश्वनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण कर उन्होंने सनातन संस्कृति की आत्मा को एक बार फिर जाग्रत किया।इस संगोष्ठी में श्री बद्री प्रसाद यादव ,पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय राय , भाजपा के वरिष्ठ नेता व धुरियापार चीनी मिल के उपसभापति गुलाब रध्वज उर्फ महंथ सिंह,भाजपा नेता मनोज कुमार शुक्ला , संजय सिंह जी, अमित कुमार पांडेय , अजीत वर्मा जी,मंडल अध्याय राजेश सिंह राजन , मनोज कुमार त्रिपाठी, संगम पासवान सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं प्रबुद्धजन मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश रेरा द्वारा रियल एस्टेट अभिकर्ताओं के लिए अनिवार्य प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता, जवाबदेही और पेशेवर कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उ.प्र. भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने रियल एस्टेट अभिकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण एवं प्रमाणन कार्यक्रम अनिवार्य कर दिया है। महेन्द्र कुमार ने बताया इस कार्यक्रम के अंतर्गत अभिकर्ताओं को रेरा अधिनियम और नियमावली की गहराई से जानकारी दी जाएगी, जिससे उनका कार्य ज्यादा व्यवस्थित, उत्तरदायी और नियमबद्ध हो सके।रेरा अध्यक्ष संजय आर. भूसरेड्डी ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम इस उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है ताकि एजेंटों को रियल एस्टेट सेक्टर की विनियामक संरचना, प्रावधानों, दिशा-निर्देशों और उपभोक्ता अधिकारों की स्पष्ट जानकारी हो। इससे न केवल ग्राहकों का भरोसा बढ़ेगा, बल्कि प्राधिकरण की पारदर्शिता और निष्पक्षता की नीति को भी बल मिलेगा।इस प्रशिक्षण के बाद होने वाले मूल्यांकन में सफल अभिकर्ताओं को प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, जो उ.प्र. रेरा में पंजीकरण हेतु आवश्यक होगा। जो अभिकर्ता पहले से पार्टनरशिप फर्म, एलएलपी या कंपनी के रूप में पंजीकृत हैं, उनके डायरेक्टर्स, पार्टनर और सीईओ जैसे पदों पर आसीन सभी व्यक्तियों के लिए यह प्रशिक्षण अनिवार्य कर दिया गया है।रेरा अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि अब पंजीकृत रियल एस्टेट एजेंटों की जिम्मेदारी होगी कि उनकी टीम में जो भी सदस्य यूनिट या प्लॉट की बिक्री, विज्ञापन, वित्तीय लेन-देन या मार्केटिंग में शामिल हों, उन सभी को प्रशिक्षित किया जाए।इस कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रति प्रशिक्षणार्थी ?6,000 शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसे रेरा पोर्टल पर ऑनलाइन भुगतान कर रजिस्ट्रेशन के साथ जमा करना होगा। जिन अभिकर्ताओं ने पूर्व में ?5,000 का भुगतान किया है, उन्हें शेष ?1,000 का भुगतान अपने लॉगिन डैशबोर्ड के माध्यम से करना होगा।यह प्रशिक्षण कार्यक्रम लखनऊ स्थित इंडिया लिटरेसी बोर्ड परिसर में आयोजित किया जाएगा। एक बार किसी प्रशिक्षण बैच में नामित होकर अनुपस्थित रहने पर अभिकर्ता का शुल्क जब्त हो जाएगा और पुनः ?6,000 देकर ही अगला प्रशिक्षण प्राप्त किया जा सकेगा। वहीं, मूल्यांकन में असफल होने पर अभिकर्ता ?3,000 का पुनः शुल्क देकर अगले बैच में भाग ले सकेंगे।प्रशिक्षण प्राप्त अभिकर्ताओं को जो प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा, वह उस संस्था के प्रतिनिधि के रूप में दिया जाएगा, लेकिन यह प्रमाणपत्र एजेंट के व्यक्तिगत पात्रता का साक्ष्य होगा और वह किसी अन्य संस्था में भी कार्यरत होते हुए इसका प्रयोग कर सकेंगे, या स्वयं के नाम से अलग से रेरा पंजीकरण भी प्राप्त कर सकेंगे।रेरा की इस पहल से उत्तर प्रदेश का रियल एस्टेट सेक्टर अधिक संगठित, जवाबदेह और उपभोक्ता हितैषी दिशा में आगे बढ़ेगा।

# बड़े मंगल पर विशाल भंडारा व सुंदरकांड पाठ का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर लखनऊ आई.आई.एम रोड स्थित बालाजी एंक्लेव समिति के लोगों ने सुंदरकांड भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद वितरण एवं भंडारा का कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत बाला जी महादेव मंदिर में सुंदरकांड से हुई उसके बाद प्रसाद वितरण हुआ, भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, कार्यक्रम का आयोजन प्रमुख रूप से समिति के संरक्षक और कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, और सोसाइटी निवासी गोपाल सिंह, धर्मराज सिंह, वीरेंद्र पांडे मोहन त्रिपाठी, बीएल कुशवाहा, डीके वर्मा, नीरज सक्सेना एवं कॉलोनीवासी रहे। भंडारे में प्रमुख रूप से कालोनी के लोग और कांग्रेस नेता पूर्व एमएलसी पंडित रामगोपाल मिश्रा, भाजपा के विधायक योगेश शुक्ला, विधायक मनीष रावत, पूर्व मंत्री यूपी सरकार राम सिंह राणा, पूर्व मंत्री राजा चतुर्वेदी, युवा कांग्रेस अध्यक्ष अंकित तिवारी, लखनऊ विश्वविद्यालय छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद तिवारी और महामंत्री अनिल सिंह वीरू, पवन उपाध्याय, प्रदेश कांग्रेस महासचिव मुकेश सिंह चौहान, पंकज तिवारी, प्रमोद सिंह, पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्रा, सपा नेता पूजा शुक्ला, दीपक रंजन एवं पूर्व पार्षद शैलेन्द्र तिवारी, संजय मिश्रा एवं कई पार्षद आदि रहे। श्रद्धालुओं ने सुबह से शाम तक प्रसाद ग्रहण किया भंडारे में भारी भीड़ उमड़ी।

# पेड़ से लटकता मिला युवक का शव

सरोजनीनगर, लखनऊ। थाना क्षेत्र के अनौरा गांव के समीप रेलवे लाइन के किनारे मंगलवार सुबह एक युवक का शव बबूल के पेंड से लटका हुआ मिला। मृतक का पिट्ठू बैग उसके कंधे पर ही था। हालांकि युवक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है और घटनास्थल से ही युवक का सारा सामान बरामद हुआ इससे जाहिर होता था कि युवक ने किसी कारण से आत्महत्या की है। राहगीरों ने देखते ही पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस द्वारा युवक की तलाशी लेने पर युवक की पहचान रविंद्र कुमार राजपूत (20) पुत्र नंदू राजपूत के रूप में हुई जोकि मूल रूप से गोंडा के उरई बेगम का रहने वाला था और वर्तमान में ग्राम सभा मुल्लाही खेड़ा नटकुर में रह रहा था। मृतक एक निजी कंपनी में डिलिवरी बॉय का काम करता था। घटनास्थल के पास मृतक की मोटरसाइकिल व मोबाइल भी मिला। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सटीक कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस मृतक के परिजनों को सूचना देने के साथ अपनी कार्यवाही कर रही है।

# यूपी में जंगलराज चरम पर : अजय राय


कैनविज टाइम्स संवाददाता



जौनपुर। उत्तर प्रदेश कंग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यहां चोरी, हत्या और बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं।जिले के जफराबाद थाना क्षेत्र के नेवादा गांव में हुए तिहरे हत्याकांड को लेकर पीड़ित परिवार को सांत्वना देने पहुंचे श्री यादव ने कहा कि इस बर्बर हत्याकांड ने मानवता को झकझोर कर रख दिया है और कंग्रेस हर हाल में पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए उनके साथ खड़ी है।गौरतलब है कि बीते सोमवार को मोहम्मदपुर कांध गांव निवासी लालजी गौतम और उनके दो बेटों की नेवादा गांव के अंडर पास के समीप स्थित बेल्डिंग की दुकान पर बेरहमी से हथौड़े से हमला कर हत्या कर दी गई थी।श्री राय ने कहा, ल्ल उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। यहां चोरी, हत्या और बलात्कार की घटनाएं आम हो गई हैं। यह पूरी तरह जंगलराज बन चुका है। लालजी गौतम का जमीन संबंधी विवाद 2017-18 से चला आ रहा था, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने समय रहते कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, अगर पुलिस ने उस समय गंभीरता दिखाई होती, तो आज ये तीन जानें नहीं जातीं। ल्लअजय राय ने कहा ल्ल हम अपने नेता राहुल गांधी के निर्देश पर वे पीड़ित परिवार से मिलने आए हैं। हमारा उद्देश्य सिर्फ सहानुभूति जताना नहीं, बल्कि पीड़ित को न्याय दिलवाना है। हम इस लड़ाई को सड़क से लेकर सदन तक लड़ेंगे।

# अलीगढ़ में मीट कारोबारियों से हुई गुंडागर्दी का मामला संसद में उठाएंगे संजय सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद एवं उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह दोपहर अलीगढ़ पहुंचे, जहाँ पर उन्होंने अलीगढ़ के पदाधिकारियों से मुलाकात की। 21 तारीख को आए आंधी-तूफान से दीवार गिर जाने के कारण मनीष शर्मा की हुई मृत्यु एवं मीट कारोबारियों के साथ हुई मारपीट के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जहां, आम आदमी पार्टी पदाधिकारियों के साथ सबसे पहले आम आदमी पार्टी के पूर्व पदाधिकारी मनीष शर्मा के घर पहुँच कर उनके परिवार को ढाँढस बंधाया। इसके बाद, जेएन मेडिकल में भर्ती मीट व्यापारी अकील, अरबाज़, कदीम से मिलकर उनका हाल-चाल जाना और उन्हें पार्टी की तरफ से हर संभव मदद देने का वादा किया। सांसद संजय सिंह ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में खुलेआम गुंडागर्दी चल रही है। उन्हें पीड़ितों ने बताया कि जब उनको पीटा जा रहा था तब उनके सामने से पुलिस की 112 नंबर की गाड़ी वहाँ से निकल रही थी तो उन्होंने भी उनको बचाने का प्रयास नहीं किया, यह एक तरीके से सुनियोजित हत्या का प्रयास किया गया था। भीड़ से बचने के लिए पुलिस की गाड़ी में बैठे तो पुलिस द्वारा उनको उतार दिया गया जो कि पूरी घटना पर संदेह उत्पन्न करती है। जब मीट व्यापारी वैध रसीद के साथ मांस ले जा रहे थे तो क्यों उनको रोका गया, क्यों उनके साथ मारपीट की गई? जो भी व्यक्ति इसमें शामिल है उनके खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस चला कर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए। सांसद संजय सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 24 घंटे में 14 हत्याएँ हो रही हैं। यह सीएम योगी की कानून व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न खड़ा कर रहा है। यह सीएम योगी का मॉडल हो सकता है लेकिन एक सभ्य समाज का नहीं। इन्होंने योगी सरकार के इस मॉडल को गुंडागर्दी का मॉडल बताया और यह बोला कि इस मुद्दे को आगामी संसद सत्र में भी उठाएंगे।

## मानसून से पहले परियोजनायें हों हर हाल में पूरी : जयवीर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात शुरू होने से पहले सभी जारी विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो।पर्यटन निदेशालय में श्री सिंह ने कार्य समीक्षा बैठक के दौरान प्रदेश में पर्यटन विकास की रूपरेखा तथा आगामी परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने कहा कि बरसात शुरू होने से पहले सभी जारी विकास कार्यों की रफ्तार तेज हो। उन्होंने कहा, कि समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य प्राथमिकता होनी चाहिए ताकि आमजन को बरसात के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **18.06.2025** को **15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 05702025 दिनांक 26.05.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 07/Sr.DEN-I/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम : 1. सहायक मण्डल इंजीनियर / वर्कशॉप / आलमबाग / लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियन्ता / कार्य / वर्कशॉप / आलमबाग के खण्ड में कैरिज वर्कशॉप, आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में ट्रिमिंग शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बायो टैंक रिपेयर शॉप का विकास, कैरिज वर्कशॉप – आलमबाग के अंदर उत्कृष्टता केंद्र के रूप में रोलर बियरिंग का विकास और कैरिज वर्कशॉप आलमबाग के अंदर नए गैस गोदाम का निर्माण कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. Rs. 2,74,43,481.91 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. Rs. 2,87,200.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्र0 सं0 01 के लिये: स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 04.06.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 18.06.2025 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 1547/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# लखनऊ में उपमुख्यमंत्री व मंत्रियों ने की ज्येष्ठ के बड़े मंगलवार के भंडारा कार्यक्रमों में भागीदारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगलवार को लखनऊ में विविध स्थानों पर होने वाले भंडारे कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश में तमाम मंत्रियों एवं राजनीतिक चेहरों ने भागीदारी की। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शहर में विभिन्न आयोजनों में सर्वप्रथम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित विशाल भंडारा, श्रमजीवी पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित विशाल भंडारा, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवीन्द्र जायसवाल द्वारा आयोजित विशाल भंडारा सहित तमाम कार्यक्रमों में भागीदारी की।

राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल द्वारा हजरतगंज में हनुमान मंदिर के बांयी ओर रिक्त स्थल पर आयोजित विशाल भंडारा कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु, पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा सहित गणमान्य लोग पहुंचें। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार रवीन्द्र जायसवाल के साथ में मिलकर प्रसाद वितरण किया। ज्येष्ठ माह के तृतीय बड़े मंगल के शुभ अवसर पर शहर के पार्क रोड स्थित मीडिया पॉइंट पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पत्रकार एसोसिएशन द्वारा आयोजित भंडारे में आबकारी मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल पहुंचें। उन्होंने वहां हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया एवं प्रसाद कार्यक्रम सम्मिलित होकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह प्रेस क्लब पर आयोजित भंडारे में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ.दिनेश शर्मा एक साथ पहुंचे और प्रसाद वितरण किया। जियामऊ स्थित विश्व संवाद केन्द्र पर अधीश पत्रकार मिलन की ओर से आयोजित सुंदर कांड पाठ एवं विशाल भंडारा कार्यक्रम में मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने पूजन-आरती कर प्रसाद वितरण किया। पूजन-आरती के अवसर पर राज्य सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, राज्य सूचना आयुक्त पीएन द्विवेदी, पत्रकार विवेक त्रिपाठी, पत्रकार दीपक यादव उपस्थित रहे। वहीं भंडारे के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सर्वजीत सिंह, प्रचारक राजेन्द्र, प्रचारक राजकिशोर, प्रचारक डॉ.उमेश शुक्ल, राज्य मुख्यालय मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महामंत्री भारत सिंह, भाजपा के प्रदेश महामंत्री विजय बहादुर पाठक, सिंधी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद, मंगलमान के डॉ.रामकुमार तिवारी सहित तमाम पत्रकार एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। चारबाग क्षेत्र में भाजपा के प्रवक्ता मनीष शुक्ला की ओर से आयोजित भंडारा में अपराह्न 12 बजे के बाद से भाजपा नेताओं का तांता लगा रहा। मनीष शुक्ला के कार्यक्रम में प्रसाद वितरण करने वाले नेताओं में अरविन्द त्रिपाठी, भाजपा प्रवक्ता आलोक अवस्थी, अशोक पाण्डेय, गौरव माहेश्वरी प्रमुख रूप से पहुंचे। कैण्ट रोड पर प्रिंट आर्ट के संचालक अरूण कुमार जग्गी ने जेठ माह के तृतीय मंगलवार को विशाल भंडारा का आयोजन किया, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार अशोक पाण्डेय, सियाराम पाण्डेय शांत, पद्मकांत शर्मा व अशोक सिंह और तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर पुण्य के भागी बने।

## श्री जन सहयोग सेवा समिति ने किया भव्य भंडारे का आयोजन, प्रसाद में बांटी आइसक्रीम



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री जन सहयोग सेवा समिति के द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें यह भंडारा ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल को थाना मड़ियावा क्षेत्र के अंतर्गत केशव नगर पुलिस चौकी के पास किया गया। जिसमें भक्तों में प्रसाद के रूप में आइसक्रीम का वितरण किया गया। हालांकि शहर भर में बड़ी संख्या में जगह जगह भंडारों का आयोजन हुआ, जिसमें इन भंडारों में अलग अलग तरह का प्रसाद वितरण हुआ। जिसे भक्तों में बड़े ही प्रेम से लिया। केशव नगर में श्री जन सहयोग सेवा समिति के द्वारा आयोजित भंडारे में समिति की अध्यक्ष मीना पांडे के साथ प्रीति शुक्ला, नवल किशोर त्रिपाठी व समिति के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ ने किया भव्य भंडारे का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चिकित्सा स्वास्थ्य महासंघ की ओर से बलरामपुर अस्पताल स्थित भाटिया बिल्डिंग में भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। इस मौके पर बनारस अजगरा से भाजपा विधायक टी. राम ने भंडारे में पहुंचकर पूड़ी सब्जी, छोला चावल, बूंदी आदि प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. सचिन वैश्य, डा. अमित सिंह, सुनील कुमार, अशोक कुमार, कपिल वर्मा, कमल श्रीवास्तव, सर्वेश पाटिल, रजत यादव, महेंद्र, जितेंद्र, बड़कू, हनु, लिटिल आदि का विशेष योगदान रहा। भंडारे में बलरामपुर के निदेशक डा. दिनेश कुमार, सीएमएस डा. एसके पांडेय, एमएस डा. हिमांशू चतुर्वेदी, डा. एपी सिंह, डॉ. संजीव गुप्ता, डा. हिमाशू प्रताप सिंह समेत स्टाफ व अन्य मौजूद रहे।

## तीसरे बड़े मंगल के दिन भंडारे का आयोजन



**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निराला नगर स्थित दिव्यांग बच्चों की संस्था परवरिश स्कूल के द्वारा ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के दिन भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सुंदरकाण्ड का पाठ करके किया गया। प्रसाद में छोले चावल का वितरण किया गया।

# भारत का इतिहास सतत संघर्षों का रहा है : विनायक राव देशपांडे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। विश्व हिन्दू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल अवध प्रांत के सात दिवसीय 24 मई से 31 मई तक लखनऊ के देवा रोड स्थित कुँवर्स ग्लोबल स्कूल में चल रहे शौर्य प्रशिक्षण वर्ग के चतुर्थ दिवस में 25 जिलों से आए बजरंग दल के प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय सह संगठन मंत्री विनायक राव देशपांडे ने कहा कि हिंदू समाज का शौर्य जाग्रत न हो इसलिए अंग्रेंजों ने झूठा इतिहास लिखवाया। हमारे सफल न होने की वजह इतिहास को ठीक से न समझना है। उन्होंने आगे कहा कि इस्लाम और इतिहास को भली प्रकार से हमारे वीर शिवाजी महाराणा प्रताप जैसे महापुरुषों ने समझा था, इसलिए अनेकों युद्धों में भारत हमेशा विजई हुआ है। भारत का इतिहास सतत संघर्षों कह रहा है। सभी बजरंग दल कार्यकर्ताओं से महापुरुषों के बताए मार्ग पर चलकर हिंदू समाज को संगठित करके देश और समाज की रक्षा करने की अपील की। बौद्धिक सत्र में प्रमुख रूप से प्रांत संगठन मंत्री विजय प्रताप प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल नगीना प्रांत मंत्री देवेंद्र सह मंत्री प्रवीण व विवेक प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह प्रांत संयोजक महेश तिवारी सहसंयोजक महेंद्र मौजूद रहे।

# इंटरनेशनल फिल्म सिटी की राह हुई आसान, बोनी कपूर ने सबमिट किया लेआउट प्लान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण की राह अब बिल्कुल साफ हो गई है। मंगलवार को निर्माता बोनी कपूर की कंपनी बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी ने फिल्म सिटी का लेआउट प्लान यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) को सौंप दिया। अब यीडा इस प्लान की समीक्षा करेगा और जरूरी अनुमोदन के बाद निर्माण कार्य को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह फिल्म सिटी यमुना एक्सप्रेसवे के सेक्टर-21 में 1000 एकड़ में विकसित की जा रही है। पहले चरण में 230 एकड़ भूमि पर काम शुरू होगा, जिसकी अनुमानित लागत 1510 करोड़ है।

यमुना प्राधिकरण (यीडा) के ओएसडी शैलेंद्र भाटिया ने बताया कि विभिन्न अधिकारियों की मौजूदगी में मंगलवार को फिल्म निर्माता और फिल्म सिटी के निर्माण की जिम्मेदारी हासिल करने वाले बोनी कपूर ने अपनी कंपनी की ओर से पूरी परियोजना से संबंधित लेआउट प्लान को सबमिट किया है। अब प्राधिकरण इस पूरे लेआउट प्लान का अवलोकन और परीक्षण करेगा, जिसके बाद उन्हें कार्य शुरू करने के लिए आवश्यक अनुमोदन प्रदान किया जाएगा। सीईओ अरुण वीर सिंह ने स्पष्ट किया है कि निर्माण कार्य पूरी तरह समझौते के अनुसार ही होगा, कोई बदलाव बिना मंजूरी के स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पार्किंग, लैंडस्केपिंग और बागवानी जैसी मंजूरियों के लिए अलग से एनओसी लेनी होगी।

उन्होंने बताया कि सर्वाधिक 18 प्रतिशत ग्रॉस रेवेन्यू शेयर का प्रस्ताव देकर हाईएस्ट बिडर के रूप में चयनित बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी को लेटर ऑफ अवार्ड विगत वर्ष ही जारी किया जा चुका है। 27 जून 2024 को यीडा और कंसेशनायर प्रतिनिधि बोनी कपूर के बीच कंसेशन एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं, जिसके अनुरूप, 27 फरवरी 2025 को साइट का राइट ऑफ वे कंसेशनायर को हस्तांतरित कर दिया गया है। इस परियोजना के तहत फिल्म सिटी का मास्टर प्लान 30 जनवरी 2025 को अनुमोदित किया गया।

परियोजना का निर्माण तीन चरणों में अगले आठ वर्षों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण में 230 एकड़ में निर्माण कार्य होगा, जबकि भविष्य में शेष 770 एकड़ भूमि पर फ़ेज-2 और फ़ेज-3 के अंतर्गत विस्तार किया जाएगा। पहले 155 एकड़ में फिल्म स्टूडियो, साउंड स्टेज, पोस्ट प्रोडक्शन यूनिट और फिल्म इंस्टीट्यूट जैसे मुख्य ढांचे तैयार होंगे। इसके अलावा, 75 एकड़ में रिटेल, ऑफिस और मनोरंजन कॉम्प्लेक्स वाला व्यवसायिक केंद्र बनाया जाएगा, लेकिन इसकी शुरुआत तभी होगी जब फिल्म से जुड़ा ढांचा पूरा हो जाएगा। बेव्यू प्रोजेक्ट्स एलएलपी के जीएम राजीव अरोड़ा ने बताया कि सभी जरूरी मंजूरियों के बाद निर्माण कार्य तुरंत शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम ऐसी फिल्म सिटी बनाएंगे, जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सपनों को साकार करेगी।

## बड़े मंगल पर भक्ती रस से सराबोर रहा सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ज्येष्ठ माह वैसे तो पूरा ही भगवान बजरंग बली को समर्पित होता है। लोग माह भर हनुमान जी के पूजन,भजन में समर्पित होते हैं। इसके साथ ही माह का प्रत्येक मंगलवार अति विशेष महत्व रखता है इस दिन तो पूरा माहौल ही बदला नजर आता है। जगह-जगह बजरंग बली के भजन,कीर्तन तरह तरह के भंडारों से वातावरण भक्तिमय हो जाता है, कुछ ऐसा ही नजारा सरोजनी नगर क्षेत्र में इस पवित्र माह के तीसरे मंगलवार को भी देखने को मिला यहां के नारायणनपुर,हरौनी,रामदासपुर, लतीफनगर,बंथरा,गौरी सहित अन्य गांवों में तमाम जगह पर बजरंग बली के मंदिरों में भंडारे का आयोजन हुआ। सहिजनपुर गांव में अनमोल कुमार एवं पिपरसंड गांव में कीर्तिवर्धन सिंह व उनके साथियों द्वारा भी बालाजी के मंदिर प्रांगण में सुबह से ही सुंदरकांड के पाठ के साथ भव्य भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंच कर प्रसाद लिया। भक्तों ने भंडारे में पूड़ी-सब्जी, बूँदी,शरबत आदि प्रसाद का आनंद लिया। आयोजन में भारी संख्या में भक्तों के साथ संभ्रांत क्षेत्रियों ने हिस्सा लिया।

## बंद घरों मे चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**सरोजनी नगर, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनीनगर क्षेत्र में बीते दिनों में पीड़ित संदीप पुत्र स्व0 राजेन्द्र शर्मा द्वारा थाना सरोजनीनगर में अज्ञात चोरों द्वारा पीड़ित के घर से जेवरात व नगदी चोरी होने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी थी। प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना उ0नि0 नीशू चौधरी को सुपुर्द की गयी तथा माल मुल्जिमान की गिरफ्तारी बरामदगी हेतु टीम गठन कर तलाश की जा रही थी कि मुखविर खास की सूचना पर अभियुक्त आकाश यादव पुत्र स्व0 मुनेश्वर यादव निवासी फर्रुखाबाद चिल्लावां थाना सरोजनीनगर जनपद लखनऊ उम्र करीब 24 वर्ष को मुकदमा उपरोक्त में चोरी किये गये माल सहित गिरफ्तार कर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गयी। माल बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा बीएनएस की बढोत्तरी की गयी और अभियुक्त को न्यायालय भेजने के साथ आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एलडीए की कार्रवाई से नाराज़ किसान सड़कों पर, मुआवज़े को लेकर तेज हुआ विरोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता



दुबग्गा लखनऊ। सोमवार कोविकास प्राधिकरण (एलडीए) की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया एक बार फिर विवादों में आ गई है। दुबग्गा क्षेत्र की बसंत कुंज आवासीय योजना (सेक्टर-ए) में ज़मीन अधिग्रहण को लेकर किसानों में जबरदस्त नाराज़गी है। किसानों का आरोप है कि एलडीए बिना समुचित मुआवज़ा दिए ज़मीनों पर कब्जा कर रहा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक और मानसिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

किसानों के अनुसार, एलडीए ने ज़मीन की कीमत 4 से 6 रुपये प्रति वर्गफुट तय की है, जबकि मौजूदा बाज़ार दर प्रति वर्गफुट हज़ारों रुपये है। किसानों का कहना है कि यह न सिर्फ़ आर्थिक शोषण है। बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों का भी उल्लंघन है। किसानों ने सबसे गंभीर आरोप यह लगाया है कि एलडीए ने अब तक ज़मीन पर विधिवत कब्जा लिए बिना ही 272 प्लॉटों का आवंटन कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के विरुद्ध है और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है। किसानों ने अपनी शिकायत रक्षा मंत्री सहित अन्य उच्चाधिकारियों तक पहुंचाई है। पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व प्रत्याशी अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने एलडीए उपाध्यक्ष को किसानों की ओर से ज्ञापन और आपत्तियों की सूची भी सौंपी है। इसके बावजूद अब तक न तो कोई सुनवाई हुई है, न ही संतोषजनक जवाब मिला है। भारतीय किसान उद्योग व्यापार मंडल ने एलडीए की इस कार्यवाही को अन्यायपूर्ण बताते हुए चेतावनी दी है कि यदि किसानों को समय रहते न्याय नहीं मिला, तो यह आंदोलन उत्तर प्रदेश से निकलकर देशव्यापी रूप ले सकता है। यह मामला मह.ज एक स्थानीय विरोध नहीं, बल्कि उस व्यापक सवाल को सामने लाता है कि क्या 'विकास' के नाम पर किसानों के हक़ और ज़मीन की बलि दी जा सकती है? ऐसे समय में जब सरकार स्मार्ट सिटी और इंफ्रास्ट्रक्चर को प्राथमिकता दे रही है, ज़मीन अधिग्रहण से जुड़े मूलभूत अधिकारों की अनदेखी गंभीर चिंता का विषय है। अब सबकी निगाहें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं। क्या एलडीए संवेदनशीलता दिखाते हुए समाधान की ओर कदम बढ़ाएगा या किसानों का यह संघर्ष लंबा खिंचेगा यह आने वाला समय बताएगा।

# टेक्नो कल करेगा पोवा का लॉन्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## स्मार्ट कनेक्टिविटी और एआई के साथ मिलेगा फ्यूचरिस्टिक डिज़ाईन

लखनऊ। टेक्नो की डायनामिक सीरीज़, पोवा का अगला स्मार्टफोन एक बार फिर मानकों को और अधिक बढ़ाने वाला है। स्पेस की थीम वाले टीज़र्स पेश करके काफी उत्सुकता जगाने के बाद टेक्नो 29 मई को पोवा कर्व 5जी पेश करना वाला है, जो स्मार्टफोन की क्षमताओं और मानकों को बदल देगा।

पोवा ने कभी भीड़ का अनुसरण नहीं किया और पोवा कर्व 5जी ने यह बिल्कुल स्पष्ट कर दिया है। स्पेस की थीम वाले टीज़र्स से काफी उत्सुकता पैदा करने के बाद टेक्नो एक ऐसा डिज़ाईन पेश कर रहा है, जो सबसे खास है। स्टारशिप्स के प्रारूप और कर्व्ड डिस्प्ले से प्रेरित पोवा कर्व 5जी फ्यूचरिस्टिक फ्रेम में खूबसूरती और व्यवहारिक आराम का बेहतरीन मिश्रण पेश कर रहा है। पोवा सीरीज़ की विरासत पर निर्मित पोवा कर्व 5जी ने एक फ्यूचरिस्टिक बैक पैनल डिज़ाईन पेश किया है, जिसने इस श्रेणी में स्मार्टफोन के लुक और एहसास को बदल दिया है। स्टारशिप्स के एयरोडायनामिक डिज़ाईन से प्रेरित यह बैक पैनल एक स्लिम, कर्व्ड फ्रेम में है, जो कम्फर्ट और स्टाईल, दोनों के लिए बना है। इसलिए यह बाजार में एक सी दिखने वाली डिवाईसेस में सबसे खास दिखाई देता है। यह टेक्नो की 3बी फिलॉसफी - बेस्ट डिज़ाईन, बेस्ट सिग्नल और बेस्ट एआई प्रदर्शित करता है। इस ऑल-इन-वन दृष्टिकोण द्वारा वास्तविक रूप से बेहतरीन दैनिक परफॉर्मेंस प्राप्त होती है। ऐला के साथ पोवा कर्व अनेक एआई फीचर्स प्रदान करता है, जो प्रतिदिन यूज़र्स के सवालों के जवाब या समस्याओं के समाधान प्राप्त करने, सुरक्षा बनाए रखने और स्मार्टफोन को हमेशा मनोरंजक बनाए रखने में मदद करते हैं। यह प्रोडक्ट जल्द ही ऑफलाइन स्टोर्स और ऑनलाइन फ्लिपकार्ट पर विशेष रूप से उपलब्ध होगा।

## वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक क्लब आईना एवं आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा निर्धारित विषय एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के अन्तर्गत अंतर-विश्वविद्यालयीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान सौम्या, द्वितीय स्थान क्षितिज एवं तृतीय स्थान शिवांग मिश्रा ने प्राप्त किया।

## हर व्यक्ति की समस्या का किया जायेगा निदान: मौर्य

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को जनता दर्शन में आये फरियादियों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि हर व्यक्ति की हर समस्या का हर सम्भव निदान किया जायेगा। अपने कैम्प कार्यालय 7- कालिदास मार्ग पर आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक फरियादी की समस्या का त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान किया जाय। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए।उन्होंने कहा कि उत्पीड़न , भूमि पर अवैध कब्जों के मामलों को बेहद गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ हल किया जाय और जहां जरूरत हो, कठोर कार्यवाही की जाय।

## बलरामपुर चीनी मिल्स ने पॉलीलैक्टिक एसिड संयंत्र की स्थापना के लिए किया करार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड से लखीमपुर खीरी की कुंभी चीनी मिल में 250 टीपीडी (टन प्रति दिन) क्षमता का पॉलीलैक्टिक एसिड (पीएलए) प्लांट स्थापित करने के लिए मुम्बई में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया हैं। इस समझौते में 2850 करोड़ रुपये का महत्वपूर्ण निवेश शामिल है और इससे प्रदेश में 225 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। प्रदेश के मुख्य सचिव, मनोज कुमार सिंह और बलरामपुर चीनी मिल्स के चेयरमैन विवेक सरोगी की उपस्थिति में इन्वेस्ट यूपी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय किरन आनंद, तथा बलरामपुर चीनी मिल्स लिमिटेड की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरोगी के बीच समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान किया गया। इस प्लांट में परिचालन इसी माह में शुरू होने की संभावना है।

# ब्राजील के प्रतिनिधियों ने शिवरी प्लांट की तारीफ की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ नगर निगम के शिवरी प्लांट ने अपनी कचरा प्रबंधन तकनीक से एक बार फिर सबका ध्यान खींचा है। मंगलवार को ब्राजील से आए एक उच्चस्तरीय समूह ने इस प्लांट का दौरा किया और नए व पुराने कचरे के निपटान की प्रक्रिया को देखा। लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल ने इस दौरे की अगुवाई की। ब्राजील के प्रतिनिधियों ने लखनऊ के कचरा प्रबंधन मॉडल की खूब तारीफ की और इसे अपने देश में लागू करने की इच्छा जताई।

समूह में शामिल कैमरा इंडो ब्रासीलीरा के सीईओ पाउलो अज़ेवेडो और सीओओ गुस्तावो रामोस ने प्लांट की तकनीक की प्रशंसा की। पाउलो ने कहा, लखनऊ नगर निगम की आधुनिक तकनीक ब्राजील के शहरों के लिए एक नमूना हो सकती है। उन्होंने भारत और ब्राजील के बीच तकनीकी सहयोग बढ़ाने की बात कही। इस दौरान अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव और पर्यावरण अभियंता संजीव प्रधान ने समूह को प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। ब्राजील के प्रतिनिधियों ने भारत के साथ आपसी सहयोग को और मजबूत करने की जरूरत बताई। उन्होंने लखनऊ नगर निगम को भविष्य की योजनाओं के लिए ब्राजील में आमंत्रित किया। साथ ही, उन्होंने इथेनॉल उत्पादन, कचरे से ऊर्जा बनाने और खेती से जुड़े उद्योगों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। ब्राजील के प्रतिनिधियों ने भूमि ग्रीन एनर्जी जैसी कंपनियों के साथ मिलकर काम करने की इच्छा भी जताई ताकि ब्राजील में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाया जा सके। लखनऊ नगर निगम के इस मॉडल की वैश्विक स्तर पर तारीफ से शहर का मान बढ़ा है। मेयर ने कहा, हमारा लक्ष्य स्वच्छ और हरा-भरा लखनऊ है और हम अपने अनुभव दूसरों के साथ बांटने को तैयार हैं। यह दौरा भारत और ब्राजील के बीच सहयोग का एक अहम कदम हो सकता है।

# मंदिरों को सरकारी भ्रष्टाचार से बचाया जाये: अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा और उनके साथियों पर सरकार के प्रबंधन के बहाने अप्रत्यक्ष रूप से बड़े मंदिरों पर क़ब्ज़ा करने का आरोप लगाते हुये मंगलवार को कहा कि मंदिरों को सरकारी प्रशासन के भ्रष्टाचार से बचाया जाए।

श्री यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि जो परंपरागत रूप से सैकड़ों सालों से इन मंदिरों के प्रबंधन-संचालन में आस्था से अपने कर्तव्य निभाते आ रहे हैं, उनसे उनके सेवा-भाव के अधिकार छीने जा रहे हैं, साथ ही उनके ऊपर अविश्वास प्रकट करते हुए, एक तरह से ये आरोप भी लगाया जा रहा है कि वो इस काम में सक्षम नहीं है या फिर उनका संचालन त्रुटिपूर्ण है।

उन्होने कहा कि मंदिरों में श्रद्धालु जो दान-पुण्य करते हैं उसका सदुपयोग मंदिर में दर्शन, प्रसाद-भेंट, सुरक्षा, जन सुविधा, धर्मशाला आदि धर्मार्थ कार्यों में होता आया है और सेवा-भाव से भरा आस्थावान प्रबंधन इसी को सुनिश्चित करता है क्योंकि उनका ऐसे धर्म-कर्म से एक बहुत गहरा भक्ति भावना से भरा लगाव होता है। जो लोग बाहरी होते हैं या पेशेवर होते हैं, वो इन सब धार्मिक-निवेश को लाभ-हानि की तराज़ू पर तोलते हैं, उनके लिए ये श्रद्धा का विषय नहीं होता है। ऐसे प्रकरण उपलब्ध हैं जब ऐसे प्रशासनिक लोगों ने मंदिर में चढ़ाये गये बेलपत्रों तक को बेचकर भ्रष्टाचार किया है। कारोबारी भाजपा और उनके धन लोलुप संगी-साथी याद रखें कि धर्म भलाई के लिए होता है, कमाई के लिए नहीं। ये अनायास नहीं है कि जबसे भाजपा आई है एक के बाद एक मंदिरों पर 'प्रशासनिक क़ब्ज़ा' होता जा रहा है।

श्री यादव ने कहा कि ये देश की सांस्कृतिक-धार्मिक परंपरा के विरुद्ध है। जो भावना एक न्यास में होती है, वो प्रशासन के उन लोगों में कैसे हो सकती है, जिनका कब स्थानांतरण हो जाए, उन्हें पता नहीं होता। जो शासन के कृपापात्र होते हैं, वो ईश्वर के कृपा पात्र सच्चे न्यासियों जैसे हो ही नहीं सकते हैं।

# हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

## खैराबाद टोल प्लाजा बाराभारी नहर चौराहे पर भव्य भंडारे का किया गया आयोजन, सैकड़ों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। लहरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पतवारा में आज जेष्ठ माह के पवित्र महीने के तीसरे बड़े मंगल के शुभ अवसर पर विशाल भंडारेँ का आयोजन किया गया कार्यक्रम का आयोजन शिवम जायसवाल व नवनीत जायसवाल के द्वारा कराया गया जिसमें सर्वप्रथम बालाजी महाराज की पूजा अर्चना कर भोग लगाया गया उसके बाद भंडारा वितरण का कार्यक्रम कराया गया जिसमें मुख्य रूप से बजरंगी भैया, विशाल जायसवाल,नवनीत जायसवाल ,शुभम, हिमांशु जायसवाल व अन्य लोगों ने बालाजी महाराज के प्रति सच्ची श्रद्धा रखते हुए लोगों को प्रसाद वितरण किया ।

वही खैराबाद टोल प्लाजा , बाराभारी नहर चौराहे पर भव्य भंडारे का आयोजन रामू राठौर द्वारा किया गया किया सहयोगी अतुल राठौर , राहुल यादव , मोनू यादव , राज यादव , रामचंद्र राठौर , राजेंद्र राठौर , अनुज राठौर , हिमांशु गौतम , श्री कृष्ण राठौर , शिवकुमार राठौर , अंकुर यादव के द्वारा प्रसाद वितरित किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में हनुमान भक्तो ने प्रसाद ग्रहण किया।



## नये बैंक परिसर का क्षेत्रीय प्रबंधक ने किया उद्घाटन



सीतापुर। महोली पिसावा सीतापुर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा पिसावा के नये बैंक परिसर का उद्घाटन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक राजेंद्र सिंह ने फीता काटकर किया क्षेत्रीय प्रबंधक को शाखा प्रबंधक योगेश शुक्ला ने बुके देकर सम्मानित किया इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आर्यावर्त बैंक का नाम बदल कर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक कर दिया गया बैंक की सारी योजनाए वही रहेगी उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रदेश का सबसे बड़ा बैंक बन गया है आने वाले दिनों मे ग्राहकों को मोबाइल बैंकिंग,नेट बैंकिंग, यू पी आई जैसी सुविधाएं भी मिलेगी इस अवसर बैंक परिसर में भंडारे का भी आयोजन किया गया. इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबंधक दीपक सिंह, शाखा अधिकारी ऋषभ कुमार, शिवम कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे.

# नगरपालिका खैराबाद में हुआ भव्य भंडारा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। खैराबाद में नगरपालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता के दो साल का सफल कार्यकाल पूरा हुआ इस दो वर्ष में ट्रिपल इंजन की सरकार ने एक कीर्तिमान स्थापित कर दिया ये पहला मौका था जब खैराबाद नगर पालिका सीट पर किसी हिन्दू अध्यक्ष की ताजपोशी हुई है और विकास कार्यों के मामले में आज खैराबाद अपनी अलग ही कहानी लिख रहा है।कभी खैराबाद में शासन से पैसे न होने की बात कह कर विकास कार्यों से कस्बा वंचित रहता था।

आज भारतीय जनता पार्टी की सरकार में खैराबाद चौमुखी विकास की नई इबारत लिख रहा है।

खैराबाद में पुराने जर्जर पार्कों का पुनः रखरखाव वह नए सिरे से सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। वहीं सड़कों को जो कभी गंदगी व पानी से भरी रहती थी आज उनको बना कर साफ जल निकासी की व्यवस्था की गई जिस से बीमारियों पर भी रोक थाम लगाने के प्रयास में नगरपालिका खैराबाद अपना कार्य कर रही है।आकस्मिक निरीक्षण से आए दिन खैराबाद के अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता कर्मचारियों को निर्देशित करने का कार्य कर रहे है।



इस मौके पर अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने बताया ज्येष्ठ माह चल रहा है और आज कार्यकाल का भी पूरा दो साल पूरा हो गया है ।सनातन संस्कृति में हमेशा ही अन्नदान महादान के रूप में देखा जाता है।गर्मी भी अपने प्रचंड रूप में है ऐसे में घर से निकले लोगों को पानी का इंतजाम हो सके और लोगों में पानी की कमी न हो इसलिए नगर पालिका में समस्त वार्डो में वाटरकूलर लगवा कर जनता के लिए पेयजल की बहुत सुंदर व्यवस्था कर दी गई है ।ज्येष्ठ माह का अपना अलग ही महत्व है और आज योगी जी की सरकार में प्रदेश और देश राममय हो चुका है और देश की योगी जी और मोदी जी की सरकार का विकास का जो लक्ष्य है वो पूरा करने का प्रयास खैराबाद नगर पालिका के द्वारा किया जा रहा है।

दो साल के कार्यकाल में करोड़ों रूपये की नजूल की भूमि जिस पर लोगों ने कब्जा कर रखा था उसको हटा कर सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है जिस पर शासन द्वारा अग्रिम आदेश आने के बाद जनसेवा में उस भूमि पर कार्य हो सकेगा ।कस्बे में पेय जल की व्यवस्था सभी वार्डों में की जा चुकी है आज नगर में प्रकाश की व्यवस्था है व मार्गों पर भी प्रकाश की समुचित व्यवस्था की जा चुकी है।

काफी वर्षो से अस्त व्यस्त पड़े खैराबाद कस्बे में अब धीरे धीरे सब कुछ सही हो रहा है।और ये सब केवल भारतीय जनता पार्टी की योगी और मोदी जी सरकार में ही सम्भव था।

## राजकीय हाई स्कूल कोदौरा में समर कैंप आयोजित

महमूदाबाद (सीतापुर)। तहसील महमूदाबाद के अंतर्गत ब्लॉक रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत कोदौरा स्थित राजकीय हाई स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य सबीहा अनवर ने बच्चों को ''आइस ब्रेकर एक्टिविटी'' के महत्व के बारे में जानकारी दी।प्रधानाचार्य सबीहा अनवर ने विस्तार से बताया कि आइस ब्रेकर एक्टिविटी एक ऐसी प्रक्रिया होती है जिसका उद्देश्य बच्चों को एक-दूसरे से परिचित कराना और उनके बीच आपसी संवाद स्थापित करना होता है। उन्होंने बच्चों के साथ मिलकर विभिन्न रोचक गतिविधियाँ कराईं, जिससे बच्चों में उत्साह और आत्मविश्वास देखा गया।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को कलम और रजिस्टर वितरित किए गए तथा जलपान की व्यवस्था भी की गई। उपहार और स्नेह पाकर बच्चे अत्यंत प्रसन्न नजर आए।विद्यालय प्रशासन और शिक्षकों द्वारा इस प्रयास की सभी ने सराहना की।

## तीसरे बड़े मंगल के अवसर पर किए गए भंडारों के आयोजन

सीतापुर। जनपद में अलग-अलग जगहों पर जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को हनुमान जी के भक्तो नेसुबह से ही मंदिरों में पूजन-अर्चन के साथ-साथ सुन्दर कांड का,पाठ,करविशाल भण्डारे के आयोजन किये गये विकासखंड कसमंडा के अंतर्गत सैकड़ो जगह धूमधाम के साथ भंडारों का आयोजन किया गया कमलापुर कस्बे में कई जगह छोला चावल, पूड़ी सब्जी ,शरबत,आदि वितरण किये गयेग्रामीण क्षेत्र में शुक्ला नगर उसरी मेसुन्दर कांड पाठ कर छोला चावल का वितरण कर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गयामानपारा पेट्रोल पंम्प के पास पूड़ी सब्जी का वितरण हुआ,ढिढूरा गांव में सुन्दर कंाड पाठ कर प्रसाद वितरण किया गया छेदनीकुऑ रेउरी सुरैंचा मास्टरबाग नेवादा आदि जगहों पर विशाल भण्डारे के आयोजन किए गए

## गर्मी व हीटवेव से बचाव के लिये बताये गये तरीके




जहांगीराबाद (सीतापुर )। समर कैंप के सातवें दिन कंपोजिट विद्यालय जहांगीराबाद में बच्चों की संख्या बढ़ी हुई दिखाई दी इन बच्चों ने समर कैंप में योगाभ्यास और खेल के साथ ही चित्रकला का भी आनंद लिया। अनुदेशिका तस्नीम फातिमा के द्वारा बच्चों को पेंसिल व रंगों से विभिन्न आकृतियों को बनाना सिखाया गया।बच्चों ने भी अपनी पसंद की आकृतियों को कागज पर उतारकर उनमें रंग भरे। अनुदेशक मो0 फिरोज आलम ने बच्चों को कंप्यूटर की बेसिक जानकारी दी जिसमें बच्चों को सीपीयू, मॉनिटर, माउस व कीबोर्ड आदि के बारे में बताया। इसके साथ ही कुछ सॉफ्ट ''की'' के बारे में बताया गया जिससे बच्चों को आगे कंप्यूटर सीखने में मदद मिल सके। कुछ बच्चों ने शतरंज व कैरम का खेल भी खेला। इसी क्रम में सकरन विकास खण्ड के कंपोजिट विद्यालय कलिमापुर में भी समर कैंप के सातवें दिन मंगलवार को बच्चों द्वारा शीर्षासन का अभ्यास किया गया। बच्चों को समर कैंप प्रभारी भारत प्रसाद और मौजीलाल द्वारा गर्मी (नवतपा) के बचाव संबंधी उपायों की जानकारी दी गयी। हीट स्ट्रोक से बचावों के बारे में सावधानी और बचाव की भी जानकारी दी गयी। बच्चों द्वारा खेलकूद के उपरांत उन्हें बिस्कुट वितरण कर छुट्टी दे दी गयी।

## योग प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न

लखीमपुर खीरी। आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून 2025) के भव्य एवं सफल आयोजन की तैयारियों के तहत जनपद लखीमपुर खीरी में योग प्रशिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम मेड़ई लाल मंदिर प्रांगण में आयोजित किया गया, जिसमें जनपद भर के योग प्रशिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सुरेश कुमार सचान के निर्देशन में तथा मास्टर ट्रेनर शशिकांत दीक्षित के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथियों के रूप में डॉ. हरबंस कुमार (प्रभारी चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नगर) एवं आयुष विभाग के कार्यक्रम प्रबंधक सुरेंद्र कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## भीरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 9 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

खीरी। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा द्वारा चलाए जा रहे अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के तहत भीरा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी गोला के मार्गदर्शन में, थानाध्यक्ष भीरा के नेतृत्व में 27 मई को भीरा थाना क्षेत्र के विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 9 वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों में मनोज, रब्बे अली उर्फ सलमान, जसपाल, रामदुलारे, सत्यदेव, गुलशन, बीजेन्द्र, पिंकू शर्मा और मनोज कुमार शामिल हैं। इन पर गंभीर धाराओं जैसे कि पॉक्सो एक्ट, आईपीसी की धारा 354, 411, 413, 419, 420, 323, 325, 504, 506, 60 (2) आबकारी अधिनियम, 377, 511, 307, 376, 342 आदि के तहत मुकदमे दर्ज हैं। सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्यवाही को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह, अनिल कुमार यादव, उमराव सिंह, हेड कांस्टेबल अनुज कुमार यादव, देवव्रत सिंह और कांस्टेबल मोहित कुमार, अंकित पवार, हरेन्द्र सिंह, विशाल कुमार, पीआरडी जवान धीरज कुमार और होमगार्ड श्रवण कुमार शामिल रहे।

## वांछित वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर। खीरी पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देशन में अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत मैगलगंज पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। सोमवार को थाना मैगलगंज पुलिस ने वांछित वारंटी अभियुक्त ब्रजेश कुमार पुत्र बाबूराम मौर्य, निवासी ग्राम खुर्रमनगर थाना मैगलगंज को गिरफ्तार कर लिया। यह गिरफ्तारी अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी मितौली के मार्गदर्शन में प्रभारी निरीक्षक थाना मैगलगंज की टीम द्वारा की गई। ब्रजेश कुमार के विरुद्ध थाना मैगलगंज में अभियोग संख्या 448/2023, धारा 294 आईपीसी के तहत मामला दर्ज था और वह न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मदी खीरी से वांछित चल रहा था। गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुशील कुमार तिवारी, कांस्टेबल सुरेन्द्र कुमार और कांस्टेबल बलकरन सिंह शामिल रहे।

# आरटीओ ने किया नवनिर्मित एडीटीसी केंद्र का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद। एआरटीओ कार्यालय में इकट्ठी होने वाली भीड़ तथा सड़क सुरक्षा नियम को देखते हुए परिवहन विभाग ने की नई व्यवस्था

एआरटीओ कार्यालय में केवल आने वाले आवेदकों के लिए सिर्फ बायोमेट्रिक की सुविधा रखी है इसके बाद की प्रक्रिया ग्राम शंकरपुर में आज उद्घाटन किए गए एडीटीसी सेंटर में होगी। सहायक परिवहन अधिकारी प्रशासन माला वाजपेई ने बताया कि आज आरटीओ संजय तिवारी के द्वारा आईटीआई के ठीक पहले पेट्रोल पंप के ठीक सामने नवनिर्मित एडीटीसी सेंटर का उद्घाटन किया गया। उन्होंने केंद्र पर रखी गई चौपाहियां वाहन पर आवेदक को बिठाकर टेस्ट भी लिया तथा होने वाली नवीन प्रक्रिया से भी सभी को अवगत कराया ।आर आई संजय कुमार ने बताया कि किया



लाइसेंस का शुल्क भी परिवर्तित हो गया है। हल्के वाहन का लाइसेंस बनाने वाले आवेदकों को अब रुपया 6000 जमा करना होगा तथा उन्हें नई व्यवस्था के अनुसार ड्राइविंग प्रक्रिया तथा लिखित प्रक्रिया से भी गुजरना होगा जबकि भारी वाहनों हेतु जो ट्रांसपोर्ट में प्रयुक्त होते हैं हैवी वाहनों हेतु शुल्क रुपया 10000 कर दिया गया है तथा इसी केंद्र के द्वारा जिनको प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा उनका ही लाइसेंस बन पाएगा। यह प्रत्यायन चालन प्रशिक्षण केंद्र (एडीपीसी) मेजर्स दीपक इन्फोटेक द्वारा अधिकृत रूप से संचालित किया जाएगा। इसके साथ ही आरटीओ कार्यालय में मैन्युअल टेस्ट के जरिए लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया जो कई दशको पुरानी है वह पूर्ण रूप से समाप्त हो गई है।

एआरटीओ माला वाजपेई ने बताया कि प्रत्येक दिन ड्राइविंग लाइसेंस प्रक्रिया तीन चरणों में 48-48 के स्लॉट बनाकर 144 स्थाई लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। आप एडीटीसी के के जरिए ड्राइविंग प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले आवेदक ही स्थाई लाइसेंस पाने के पात्र होंगे। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा नियम के अंतर्गत दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु इस नवीन प्रक्रिया को लागू किया गया है।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का द्वितीय स्थापना दिवस दिव्य एवं भव्य रूप से सम्पन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद (पंजीकृत) का द्वितीय स्थापना दिवस मंगलवार को पाल इंटरनेशनल स्कूल परिसर में भव्यता और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस आयोजन का नेतृत्व परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा के दिशा-निर्देशन में, जिला अध्यक्ष विमलेश पांडे की अध्यक्षता तथा जिला संरक्षक विनीत दीक्षित के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद उपस्थित अतिथियों और पत्रकार बंधुओं का स्वागत किया गया। मंच संचालन संगठन प्रभारी विपिन मिश्रा ने किया। उन्होंने सभी आगंतुक पत्रकारों का माला पहनाकर स्वागत कराया तथा संगठन में हाल ही में शामिल हुए पत्रकारों को परिचय पत्र प्रदान किए। मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त थलसेना अधिकारी श्री विनोद कुमार तिवारी उपस्थित रहे। उन्होंने पत्रकारिता को देश का चौथा सशक्त स्तंभ बताते हुए कहा कि समाज को दिशा देने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी पत्रकारों से निर्भीक, सच्ची और सकारात्मक पत्रकारिता करने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए भारतीय सेना की दृढ़ प्रतिक्रिया की सराहना की। संगठन के विधिक सलाहकार संतोष कुमार मिश्रा ने पत्रकारों को कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों और कानूनी जानकारी पर प्रकाश डाला। जिला संरक्षक विनीत दीक्षित ने पत्रकारों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए भारतीय सेना पर आधारित प्रेरणादायक काव्य पाठ भी किया। जिला सचिव अरुण कुमार मिश्रा ने अनुशासन को संगठन की आत्मा बताते हुए कहा कि एकजुटता और अनुशासन से ही संगठन को सशक्त बनाया जा सकता है। अंत में जिला अध्यक्ष विमलेश कुमार पांडे ने संगठन की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि संगठन का प्रत्येक पत्रकार एक परिवार की तरह है और सभी पत्रकारों के सुख-दुख में परिषद हमेशा साथ खड़ी रहती है।

## डीएम ने किया सम्पूर्णानगर चीनी मिल का निरीक्षण, मरम्मत कार्य तेज करने के निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. सम्पूर्णानगर का निरीक्षण किया। उनके साथ उपाध्यक्ष इंद्रदीप सिंह, प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव, एसडीएम रत्नाकर मिश्रा एवं डीसीओ वेद प्रकाश सिंह मौजूद रहे।निरीक्षण की शुरुआत मिल परिसर में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य की समीक्षा से हुई। डीएम ने मिल हाउस, ब्यालर हाउस, पावर हाउस आदि महत्वपूर्ण इकाइयों का गहन निरीक्षण किया और कर्मचारियों से संवाद करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पेराई सत्र समय पर शुरू होना चाहिए, इसलिए मरम्मत कार्य हर हाल में समय से पहले पूर्ण कर लिया जाए। डीएम ने जर्जर हो चुके कल-पुर्जों को बदलने, स्क्रैप का नियमानुसार निस्तारण करने तथा भंडारण व्यवस्था को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोदाम नंबर 5 का भी दौरा किया, जहां नई चीनी का भंडारण मिला। भंडारित स्टॉक के प्रपत्र भी देखे।उन्होंने कहा कि नए पेराई सत्र की सुचारू शुरुआत के लिए समुचित रखरखाव अति आवश्यक है, जिससे गन्ना पेराई में कोई बाधा न आए।

## डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने की बेलरायां और संपूर्णानगर चीनी मिलों की प्रबंध समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने मंगलवार को किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, संपूर्णानगर के सभागार में दो चरणों में सरयू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड, बेलरायां और किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लिमिटेड, संपूर्णानगर की प्रबंध समितियों की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में दोनों मिलों से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार-विमर्श कर उन्हें अनुमोदित किया गया। बेलरायां सहकारी मिल की बैठक में बजट, किसान हित और पेराई सत्र की तैयारियां चर्चा मे पहले चरण में सरयू सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड चर्चा हुई। प्रधान प्रबंधक महेन्द्र प्रताप द्वारा एजेंडे के अंतर्गत प्रस्ताव रखे गए, जिनमें पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट प्रस्ताव , किसानों के लिए कैंटीन और किसान भवन की भोजन व्यवस्था आगामी पेराई सत्र हेतु गन्ना उपलब्धता व गन्ना सर्वे की प्रगतिमिल की अद्यतन आय-व्यय स्थिति की समीक्षा , ऑफ-सीजन कार्यों की प्रगति पर बता हुई। जिस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी बिंदुओं पर समिति सदस्यों के साथ विस्तृत विचार विमार्श किया। सभी प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान किया। बैठक में एसडीएम राजीव कुमार निगम, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह, तथा संचालक सदस्य प्रगट सिंह, संतोष कुमार, रेशम सिंह, सरोजनी देवी समेत मिल प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संपूर्णानगर मिल की बैठकः किसानों के लिए सुविधाएं और वित्तीय समीक्षा पर जोर दूसरे चरण में किसान सहकारी चीनी मिल्स समिति लिमिटेड, संपूर्णानगर की बैठक का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता भी डीएम नागपाल ने की। इस बैठक में मिल की प्रधान प्रबंधक दीप्ति देव यादव ने निम्नलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किए जिसमे पूर्व बैठक के प्रस्तावों की पुष्टि ,वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट पर चर्चा,किसानों हेतु कैंटीन और किसान भवन की संचालन योजना ,गन्ना उपलब्धता और सर्वे की समीक्षा ,आय-व्यय बैलेंसशीट की स्थिति ऑफ-सीजन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट शालिल रही।



## तीसरे बड़े मंगलवार को एक दर्जन भंडारों की रही धूम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



धौरहरा (खीरी)। तीसरे बड़े मंगलवार को धौरहरा कस्बा संपूर्ण रूप से हनुमान भक्ति में डूबा नजर आया। सुबह से ही कस्बे के विभिन्न चौराहों, मंदिरों और गलियों में छोटे-बड़े लगभग एक दर्जन भंडारों और प्रसाद वितरण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।कस्बे में आवश्यक कार्यों से आए बाहरी क्षेत्र के लोग भी भक्ति के इस माहौल में डूब गए और भंडारों, प्रसाद एवं शरबत का भरपूर आनंद लिया। जगह-जगह लगे भंडारों और प्रसाद वितरण की वजह से बाजार की जलपान दुकानों पर ग्राहकों की कमी साफ देखी गई।तहसील परिसर में उप-जिलाधिकारी राजेश कुमार एवं तहसीलदार आदित्य विशाल के सहयोग से एक भव्य भंडारे का आयोजन हुआ। शुरुआत हनुमान जी को मीठी बूंदी का भोग अर्पण कर और धूप-दीप दिखाकर की गई। इसके बाद पूड़ी-सब्ज़ी, चने की दाल और चावल का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया। यह आयोजन सुबह से लेकर दोपहर बाद तक अनवरत रूप से चलता रहा, जिसमें अधिवक्ताओं, सरकारी कर्मचारियों, पत्रकारों से लेकर आम जन और फरियादियों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।रामवटिका धाम, जो गोस्वामी तुलसीदास की कर्मस्थली मानी जाती है, वहां भी कई भंडारों का आयोजन हुआ। कस्बे के प्रमुख समाजसेवी दान शिरोमणि चंद्रशेखर तिवारी द्वारा 121 कन्याओं के भोज का आयोजन कर भक्ति और सेवा की मिसाल कायम की गई।

# जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को प्रमुख स्थानों पर आयोजित हुआ विशाल भंडारा

## कोतवाली परिसर पर स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




महराजगंज, रायबरेली। जेष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को क्षेत्र के अनेक प्रमुख स्थानों पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

बताते चले कि कोतवाली परिसर पर स्थित हनुमान मंदिर पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। तत्पश्चात हवन पूजन कर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें उप जिलाधिकारी सचिन यादव, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे तथा उनकी उपस्थिति में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया और आने वाले भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर हेड मोहर्रि रविकांत पांडे, मुंशी अजय चौधरी, हिमांशु, अखिलेश दीवान, ज्ञानेंद्र तिवारी,एस आई रोहित कुमार, एस आई त्रियुगी नारायण तिवारी, एस आई दिनेश गोस्वामी, एस आई सचिन सिंह, एस आई राजवीर सिंह, चंद्रपाल सहित कोतवाली का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। तो वहीं कस्बे के सुविख्यात जसवंत्री देवी प्रांगण परिसर में क्षेत्र के मूडू का पुरवा मजरे अतरेहटा गांव में निवास करने वाले किन्नरों के गुरु बुआ जी के नाम से प्रचलित अंगूरी, पलक, प्रिया, गुंजा, गोपी, ज्योति, अन्नू सहित समस्त किन्नरों की मौजूदगी में विधि विधान के साथ हवन पूजन कर बजरंगबली की प्रतिमा पे पुष्प अर्पित कर विशाल भंडारे का आगाज किया गया जो कई घंटे तक चलता रहा और हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया किन्नरों द्वारा किए गए ऐसे आयोजन से क्षेत्र में खुशी का माहौल व्याप्त हो गया और बढ़-चढ़कर लोगों ने भंडारे में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अतुल तिवारी,शिवम तिवारी, विजय धीमान, अंकुर जायसवाल, पूर्व प्रधान पप्पू यादव, पूर्व सभासद वेदू साहू, सोमित श्रीवास्तव सहित हजारों की संख्या में भक्तगण मौजूद रहे। तो वहीं क्षेत्र के हनुमानगढ़ी मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समिति के पदाधिकारियों ने विधि विधान के साथ हवन पूजन कर भंडारे का आगाज किया जिसमें भी आने जाने वाले सैकड़ो श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मासूम बच्ची की मौत

हमीरपुर । जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड में संदिग्ध परिस्थितियों में 9 माह की एक मासूम बच्ची की मौत हो गई है। मृतक मासूम बच्ची की मां ने पुत्री की हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम बच्ची के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।जानकारी के अनुसार सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड की निवासी महिला कुसुम पत्नी स्वर्गीय हरिकिशन की 9 माह की पुत्री कनक की मौत हो गई। मृतक की मां कुसुम ने पुत्री की अचानक मौत पर आश्चर्य प्रकट करते हुए हत्या की आशंका जताई है। मां कुसुम ने बताया कि वह नल में पानी भरने के गई थी। जब वह पानी भरकर वापस लौटी तो उसकी पुत्री की हालत बिगड़ चुकी थी तथा उसकी सांस अधिक तेजी से चल रही थी। बताया कि जब वह पुत्री को लेकर अस्पताल पहुंची तो उसकी पुत्री को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## ग्रीन स्पेस बढ़ाए जाने के लिए करे विशेष प्रयास : डीएम



रायबरेली। जिलाधिकारी श्रीमती हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनकैप) के अन्तर्गत सिटी लेवल इम्पलिमेन्टेशन कमेटी की बैठक बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में प्रमुख एजेंडो नगरीय क्षेत्र में ग्रीन स्पेस बढ़ाये जाने,शहर के प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक कन्जेक्शन को कम किये जाने व ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव समाप्त करने पर चर्चा की गयी। बैठक में अध्यक्ष द्वारा ग्रीन स्पेस को बढ़ाये जाने हेतु सामाजिक वानिकी, प्रभाग को आवश्यक कार्यवाही करने व ट्रैफिक कन्जेक्शन को कम करने के लिए आईटीएमएस की स्थापना हेतु जिला स्तरीय कमेटी गठित कर कार्य शीघ्र पूर्ण कराने तथा ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव समाप्त करते हुए दो स्थानों पर ई-चार्जिंग स्टेशन का प्रस्ताव तैयार कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये । बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) अमृता सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव सिन्हा ,ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह, सिटी लेवल इम्पलिमेन्टेशन कमेटी के समस्त सदस्यगण उपरिथित रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में 9 माह की मासूम बच्ची की मौत

हमीरपुर । जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड में संदिग्ध परिस्थितियों में 9 माह की एक मासूम बच्ची की मौत हो गई है। मृतक मासूम बच्ची की मां ने पुत्री की हत्या की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मासूम बच्ची के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।जानकारी के अनुसार सरीला तहसील के जरिया थाना क्षेत्र के गोहांड की निवासी महिला कुसुम पत्नी स्वर्गीय हरिकिशन की 9 माह की पुत्री कनक की मौत हो गई। मृतक की मां कुसुम ने पुत्री की अचानक मौत पर आश्चर्य प्रकट करते हुए हत्या की आशंका जताई है। मां कुसुम ने बताया कि वह नल में पानी भरने के गई थी। जब वह पानी भरकर वापस लौटी तो उसकी पुत्री की हालत बिगड़ चुकी थी तथा उसकी सांस अधिक तेजी से चल रही थी।बताया कि जब वह पुत्री को लेकर अस्पताल पहुंची तो उसकी पुत्री को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं पड़ोसियों के अनुसार मृतक मासूम बच्ची कनक की माँ कुसुम का पड़ोस में रहने वाली एक महिला और उसकी दो पुत्री से झगड़ा हुआ था।मामले में जरिया थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक मासूम बच्ची के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले में आवश्यक कार्रवाई कराई जाएगी।

## आईजीआरएस पर ‘असंतोष’ से भड़के कमिश्नर, सात अफसरों से मांगा जवाब

मीरजापुर । जनता की शिकायत सिर्फ नंबर नहीं, सिस्टम की नब्ज है। इसी सख्त लेकिन संवेदनशील सोच के साथ विंध्याचल मंडल के आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने मंगलवार को अधिकारियों की जमकर क्लास ली। आयुक्त कार्यालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में आईजीआरएस पोर्टल पर आए असंतुष्ट फीडबैक को लेकर मंडलायुक्त ने सात अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा और सुधार न लाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। मंडलायुक्त ने कहा कि जो अधिकारी शिकायतकर्ता से संवाद नहीं कर रहे, वे अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। जल निगम के अधीक्षण अभियंता की अनुपस्थिति पर उन्होंने सीधा सवाल उठाया। वहीं उप श्रमायुक्त (डीएलसी), क्रीड़ा अधिकारी, लघु सिंचाई, जिला कार्यक्रम अधिकारी (मिर्ज़ापुर व सोनभद्र), नीडा परियोजना अधिकारी सोनभद्र को असंतोषजनक निस्तारण पर जवाब-तलब किया। निस्तारण से पहले संवाद जरूरी मंडलायुक्त ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजों पर नहीं, मौके पर जाकर, शिकायतकर्ता से संवाद कर, संतुष्टिपरक तरीके से हो। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि समाधान के बाद शिकायतकर्ता से संतुष्टि प्रमाण पत्र भी लिया जाए।अच्छा काम करने वालों की भी पीठ थपथपाई जहां एक ओर लापरवाह अफसरों को चेतावनी दी गई, वहीं मंडलायुक्त ने सम्भागीय परिवहन अधिकारी, डीआईजी पुलिस, खाद्य सुरक्षा आयुक्त, पीडब्ल्यूडी के मुख्य अभियंता, पंचायती राज और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें और प्रगति लाने को कहा।राजस्व वाद पर विशेष अभियान के निर्देश राजस्व वादों की समीक्षा करते हुए मंडलायुक्त ने धारा 34, 24 और 116 के मामलों को अभियान चलाकर प्राथमिकता से निस्तारित करने का आदेश दिया।

# खबर का असर: सपही टड़वा समेत कई गांवों में जलापूर्ति बहाल

## गोरखपुर से लाए गए नए मोटर से शुरू हुई सप्लाई, जेई हर्ष भट्ट की देखरेख में हुआ मरम्मत कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़, कुशीनगर। तमकुही विकास खंड के ग्राम पंचायत सपही टड़वा में पेयजल संकट पर अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सपही टड़वा के ओवरहेड टैंक में नया मोटर लगवा दिया। गोरखपुर से मंगाए गए मोटर को एक सप्ताह के भीतर लगाकर मंगलवार शाम को जलापूर्ति शुरू कर दी गई। इससे सपही टड़वा, बरवाराजापाकड़ और बभनौली ग्राम पंचायत के करीब 20 हजार ग्रामीणों को राहत मिली।ज्ञात हो कि ओवरहेड टैंक का मोटर जलने के कारण सपही टड़वा के मुसहर बस्ती, भरवा टोली, अनुसूचित बस्ती, बरवाराजापाकड़ के जमुआन, हरिजन बस्ती, मुसहर बस्ती और बभनौली के अंबेडकर गांव अजयनगर के लोग दूषित पानी पीने को मजबूर थे। समस्या को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर शीघ्र जलापूर्ति बहाली की मांग की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग हरकत में आया और शीघ्र समाधान किया। जल निगम के जेई हर्ष भट्ट की देखरेख में कार्य पूरा हुआ। सुपरवाइजर नंदू वर्मा ने बताया कि नया मोटर लगाकर जलापूर्ति सुचारु कर दी गई है। ओवरहेड टैंक के ऑपरेटर सुदर्शन ने बताया कि उनका दो साल से मासिक मानदेय लंबित है। जेई हर्ष भट्ट ने बताया कि ऑपरेटर के मानदेय भुगतान के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र भेजा गया है और शीघ्र ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

# विधायक महेश त्रिवेदी ने निधि से 36 लाख के छह टैंकर जनता को किया समर्पित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कानपुर । नौतपा की चिलचिलाती गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच एक सराहनीय कदम उठाते हुए अपनी विधायक निधि से 36 लाख रुपये की लागत से छह शीतल जल टैंकर क्षेत्र की जनता को समर्पित किए हैं। यह पहल खासतौर पर उन लोगों के लिए राहत लेकर आई है जो इन दिनों पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। यह जानकारी मंगलवार को किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक महेश त्रिवेदी ने दी।विधायक ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने केशव नगर स्थित भाजपा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में विधिवत पूजन के बाद इन टैंकरों को रवाना किया। ये टैंकर आने वाले दिनों में किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में पहुंचकर रोज़ाना ठंडा व स्वच्छ पानी वितरित करेंगे। अनुमान है कि लगभग 12 हजार परिवारों को इस पहल से सीधा लाभ मिलेगा।विधायक महेश त्रिवेदी ने कहा, ''गर्मी ने लोगों के पीने के पानी की समस्या के समाधान करने का एक छोटा सा प्रयास है। जनता की परेशानियों को समझते हुए यह छोटी सी कोशिश है कि लोगों को थोड़ी राहत मिल सके।''इस जनसेवामूलक पहल पर क्षेत्र के लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक का आभार जताया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, पार्टी कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, प्रमिला पांडेय, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, उपेंद्रनाथ पासवान, स्वप्निल वरुण, रघुनंदन भदौरिया, जसविंदर सिंह, मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण पत्रकारिता के अग्रदूत बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि पर पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

## पत्रकारिता के संघर्षों और योगदानों को याद कर पुष्पांजलि अर्पित

## भव्य भंडारे व संगोष्ठी का आयोजन, ग्रामीण पत्रकारिता के महत्व पर चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



राजापाकड़/ कुशीनगर। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन (ग्रापए) तहसील इकाई तमकुहीराज की ओर से मंगलवार को संगठन के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों ने स्व. लाल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्षपूर्ण जीवन व पत्रकारिता के क्षेत्र में किए गए अभूतपूर्व योगदान को याद किया। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन कर श्रद्धांजलि सभा संपन्न हुई।कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए ग्रापए गोरखपुर मंडल मंत्री अजय कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण पत्रकारों के हित की जब भी बात होगी, बाबू बालेश्वर लाल का नाम सम्मान के साथ लिया जाएगा। उन्होंने बलिया जनपद के गढ़वाल जैसे छोटे से कस्बे में कुछ साथियों के साथ संगठन की नींव रखी, जो आज विशाल वटवृक्ष का रूप ले चुका है। उन्होंने बताया कि स्व. लाल ने ग्रामीण पत्रकारिता को नई पहचान दी, जिससे आज गांव-गांव की समस्याएं राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बन रही हैं। तहसील अध्यक्ष राजकुमार चौबे ने कहा कि जब लोग शहरी पत्रकारिता को ही पत्रकारिता का केंद्र मानते थे, तब बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण अंचलों की आवाज बनने का साहस किया। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में ग्रामीण पत्रकारिता का मार्ग प्रशस्त कर पत्रकारों को एकजुट किया। जिला उपाध्यक्ष पारसनाथ पांडेय ने कहा कि बाबू बालेश्वर लाल के प्रयासों से ही आज ग्रामीण पत्रकारों की लेखनी में सशक्तता और मुखरता है। उन्होंने पत्रकारिता के संघर्षों को आसान बना, पत्रकारों को संगठित कर उनके हक के लिए लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर महामंत्री अंजनी सिंह, संजीव राय, धनंजय कुमार मिश्र, मनोज मिश्रा, दीपक मिश्रा, कामाख्या नारायण मिश्रा, प्रदीप श्रीवास्तव, मृत्युंजय सिंह मोनू, रणविजय द्विवेदी, अमित पांडेय, मृत्युंजय पांडेय, सौरभ मिश्रा, मुकुल मिश्र, पंकज मिश्रा पांडेय सहित अन्य पत्रकार मौजूद रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने बाबू बालेश्वर लाल के दिखाए गए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और ग्रामीण पत्रकारिता के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की।

# सपा के पूर्व मंत्री पर लगा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। समाजवादी पार्टी के नेता व पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह पर एनएच-28 के जमीन पर अवैध कब्जा कर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये निजी भवन बनवाने आरोप लगा है। यह आरोप गीता इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के एमडी ओपी गुप्ता सहित स्थानीय नागरिकों ने लगाया है। मंगलवार को वैश्य समाज के लोगो ने ओपी गुप्ता के अगुवाई में जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुरूप सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। जिलाधिकारी को सौपे गये ज्ञापन में ओपी गुप्ता सहित अन्य लोगो ने कहा है वे कुशीनगर जनपद के स्थायी निवासी है। सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ?द्वारा हाटा तहसील व नगरपालिका अन्तर्गत पगरा एनएच 28 के किनारे अपना कैंप कार्यालय निजी आवास बनवाया गया हैं जो एनएच 28 नियमावली के विपरीत है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि सपा के पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ने अपने दबंगई के बल पर एनएच 28 के जमीन को अवैध तरीके से अतिक्रमण कर अपना कैंप कार्यालय / निजी आवास का निर्माण कराया है। इतना ही नही पूर्व मंत्री का मकान पगरा एनएच-28 पर निर्मित है जो नगर पालिका क्षेत्र मे आता है। इसके बावजूद सपा के पूर्व मंत्री ने अपने ओहदे का दुरुपयोग कर नगरपालिका हाटा से बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अपने भवन निर्माण कराये हैं जो आम जन मानस में चर्चा का विषय बना हुआ है। उन्होने कहा कि सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ जनहित मे जहां सरकारी जमीन से भू-माफिया का अवैध कब्जा व अतिक्रमण हटाने का अभियान चला रहे वही राधेश्याम सिंह सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से अतिक्रमण और कब्जा करके राजस्व की क्षति पहुँचा रहे है। ओपी गुप्ता ने ज्ञापन में पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह को रसूखदार व दबंग प्रवृति का व्यक्ति बताते हुए कहा है कि पूर्व मंत्री द्वारा मौके पर क्रय की गयी जमीन से अधिक जमीन पर भवन निर्माण कराया गया है साथ ही भवन के पीछे पोखरी व छठ घाट के जमीन पर भी वह अतिक्रमण किये है।

# सुप्रिया पटेल की मौत के मामले ने पकड़ा तूल, लोगों ने पैदल मार्च कर किया प्रदर्शन

## सीएचसी पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

## 4 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा, 3 दिन में कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




राजापाकड़/कुशीनगर। नगर पंचायत तमकुहीराज के वार्ड नं 7 निवासी शिक्षिका सुप्रिया पटेल की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गत 22 मई को प्रसव के उपरांत हुई मौत के विरोध में मंगलवार को पीड़ित परिजनों और क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तमकुहीराज के चिकित्सकों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सुप्रिया को न्याय दो लिखी तख्तियां लेकर डाक बंगला से तहसील मुख्यालय तक पैदल मार्च किया और धरने पर बैठ गए।व्यापारी नेता संजय सिंह पटेल ने कहा कि सुप्रिया की मौत के लिए सीएचसी तमकुहीराज के अधीक्षक डा अमित राय और महिला चिकित्सक डा सलोनी जायसवाल जिम्मेदार हैं। इनके लापरवाहीपूर्ण इलाज के कारण एक शिक्षिका की जान गई। उन्होंने आरोप लगाया कि मौत के बाद अपनी कमियों को छुपाने के लिए मृत शरीर में ऑक्सीजन लगाकर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जो चिकित्सकीय पेशे को कलंकित करने वाला कृत्य है। सामाजिक कार्यकर्ता अमित सिंह ने कहा कि दोषियों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए, अधीक्षक व सहयोगी चिकित्सकों को तत्काल निलंबित किया जाए, मामले की जांच जिला जज, सीजेएम या मजिस्ट्रेट की देखरेख में कराई जाए और पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये मुआवजा दिया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर तीन दिन में मांगे पूरी नहीं हुईं तो क्षेत्रवासी व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।प्रदर्शनकारियों में राकेश सिंह पटेल, नीतू पटेल, अमनदीप पटेल, इंद्रजीत सिंह पटेल, रवि सिंह, उमेश्वर सिंह पटेल, एड विनोद सिंह पटेल, अवनीश पटेल, त्रिवेणी गुप्ता, रंजीत सिंह पटेल, सुंदरलाल पटेल, अनिल सिंह, अशोक पटेल, बजरंगी पटेल, अरविंद सिंह, नरेश पटेल, राजू सिंह, अब्दुल मन्नान, मुनीर अहमद, रोहित पटेल, संतोष यादव, निलेश पांडेय, राजेश खरवार, पंकज यादव, पवन सिंह, गोविंद पटेल आदि शामिल रहे।इस मामले में सीएमओ कुशीनगर ने जांच के लिए डा रामदास कुशवाहा नोडल अधिकारी कुशीनगर, डा अखिलेश कुमार सीएचसी सेवरही, डा रेनू मिश्रा कप्तानगंज और डा मुकेश यादव की चार सदस्यीय टीम गठित कर दी है।

# रिश्तेदार ने पांच अज्ञात युवकों के साथ युवक का किया अपहरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर । रंजिश के चलते रिश्तेदार युवक पांच अज्ञात युवकों के साथ चार पहिया वाहन में आकर मारपीट करते हुए पकड़कर युवक का अपहरण कर अपने साथ ले गए। युवक के पिता ने गांव वालों के साथ आकर रिश्तेदार युवक सहित पांच अज्ञात युवकों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मंगलवार को एक गांव की नदी किनारे से युवक को बरामद कर लिया है।बिवांर थानाक्षेत्र के उमरी गांव के राजेंद्र कुमार शुक्ला ने थाने में तहरीर को देकर बताया कि थाना कुरारा के जल्ला गांव के रिश्तेदार आंशु दुबे के आए दिन शराब के नशा में आने पर मना कर दिया है। जिस पर आंशु दुबे नाराजगी जाहिर करते हुए जान से मार देने की धमकी देते हुए अपने घर चला गया था। घर में नशे की हालत में आने से रोक लगाए जाने से वह रंजिश मानने लगा। रंजिश को लेकर आंशु पांच अज्ञात युवकों के साथ असलहा लेकर चार पहिया वाहन से आया और गांव के रोड में खड़े उसके पुत्र किशना शुक्ला के साथ मारपीट करते हुए असलहा के बल से उसको कार में डालकर अपहरण कर अपने साथ ले गए। पड़ोसियों की जानकारी देने पर ग्रामीणों के साथ आकर रात को राजेंद्र कुमार ने पुत्र के अपहरण कर ले जाने की तहरीर दी है।पुलिस ने थाना कुरारा के साथ अपने अधिकारियों को फोन से घटना की जानकारी दी। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने सक्रियता को दिखाते हुए आनन फानन में पुलिस टीम के साथ कार के पीछे लग गए। पुलिस से घिरा देखकर उसको कंडोर गांव से निकली बेतवा नदी के किनारे छोड़कर रिश्तेदार पांचों अज्ञात युवक कार से भाग गए हैं। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने मंगलवार को बताया कि कंडोर गांव से नदी के किनारे से युवक को सकुशल बरामद कर लिया गया है। रिश्तेदार युवक सहित पांचों अज्ञात युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# नवाचार के माध्यम से गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाया जाय : सदस्य गोसेवा आयोग

कैनविज टाइम्स संवाददाता




बहराइच । गो संरक्षण एवं अनुश्रवण समिति के अधिकारियों/पदाधिकारियों के साथ तहसील सदर बहराइच के सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मा. सदस्य उ.प्र. गोसेवा आयोग श्री रमाकान्त उपाध्याय ने निर्देश दिया कि जनपद में संचालित समस्त गौशाला को सोलर पैनल से आच्छादित किया जाय ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण संरक्षित पशुओं के लिए चारे पानी की असुविधा न होने पाये। मा. सदस्य ने कहा कि गौ आश्रय स्थलों में व्यापक स्तर पर गोबर गैस प्लान्ट की स्थापना की जाय ताकि वहां पर उत्सर्जित गोबर का सदुपयोग हो सके। श्री उपाध्याय ने जिले में संचालित गो आश्रय स्थलों में बाउण्ड्रीवाल की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये ताकि संरक्षित गोवंश पूरी तरह से सुरक्षित रह सकें।मा. सदस्य ने जिले के अधिकारियों से कहा कि गौशालाओं में भूमि की उपलब्धता को मद्देनज़र रखते हुए अधिक से अधिक छांवदार वृक्ष लगाये जायें जिससे गोवंश किसी भी दशा में सीधी धूप के सम्पर्क न रहने पायें। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पशुओं के लिए छांव के वैकल्पिक प्रबन्ध भी सुनिश्चित करें। मा. सदस्य ने सुझाव दिया कि सभी गौशालाओं में मादा व नर पशुओं के लिए अलग अलग शेड बनाया जाय तथा इस बात के भी प्रबन्ध किये जायें कि बीमार पशु को दूसरे स्वस्थ पशु से अलग रखा जा सके। श्री उपाध्याय ने निर्देश दिया कि संरक्षित पशुओं को प्रत्येक दशा में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाय तथा प्रत्येक 15 दिवस पर प्याऊ की चूने से पुताई भी की जाय।मा. सदस्य ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि गौआश्रय स्थलों की साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर से बेहतर होनी चाहिए। उन्होंने संरक्षित पशुओं के लिए चारा परोसने का रोस्टर निर्धारित करने का सुझाव दिया। जिससे निर्धारित समय पर पशुओं को चारा मिले। उन्होंने चारे का भी एक निर्धारित मेन्यू तय करने का निर्देश देते हुए कहा कि सभी पशुओं को संतुलित आहार दिया जाय। पशुओं के चारे में चूनी-चोकर, सेंधा नमक, भूसा व हरा चारा को अवश्य शामिल किया जाय। उन्होंने कहा कि हरे चारे के रूप में नेपियर घास, मक्का, बाजरा को शामिल किया जा सकता है।मा. सदस्य ने सुझाव दिया कि गौशालाओ में उपलब्ध अतिरिक्त भूमि पर हरे चारे की बोआई करायी जाय तथा गौशालाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु नवाचार जैसे गोबर के लटठे, बायोगैस प्लान्ट, वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने के लिए महिला स्वयं सहायता समूहों को प्रेरित किया जाय। उन्होंने कहा कि गोबर के सदुपयोग से जहां गौशाला की आय में बढ़ोत्तरी होगी वहीं सस्ता ओर सुलभ ईंधन प्राप्त होने से पेड़ों पर पडने वाले दबाव में कमी आने से यह कदम पर्यावरण संरक्षण के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा। सदस्य श्री उपाध्याय ने पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक 15 दिवस पर गौशालाओं का भ्रमण कर उन्हें शासन द्वारा अनुमन्य चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएं तथा संरक्षित शत-प्रतिशत गोवंशों की टैगिंग करायी जाय।उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जनपद में कुल 139 गौशाला संचालित हैं जिसमें 19 कांजी हाउस, 02 कान्हा, 09 वृहद गो संरक्षण केन्द्र तथा 109 अस्थायी गौआश्रय स्थल जनपद में संचालित हैं। जिसमें 34055 गौवंश संरक्षित हैं। डॉ. उपाध्याय ने बताया कि माह मार्च तक भरणपोषण एवं सहभागिता योजना हेतु फण्ड जनरेट कर पत्रावली निदेशालय प्रेषित की गई है।इस अवसर पर गंगा समग्र काशी प्रान्त के संगठन मंत्री शुभम तिवारी, जिला विकास अधिकारी राज कुमार, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह व नानपारा के रंग बहादुर सिंह, बीडीओ रिसिया सुरेश प्रसाद गौतम, फखरपुर के अजय प्रताप सिंह, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी व पशु चिकित्साधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## तेज रफ्तार का कहर ! डंपर की टक्कर में बाइक सवार की मौत



गोंडा। जिले के तरबगंज थाना क्षेत्र सेझिया गांव में सोमवार करीब चार बजे एक दर्दनाक हादसा साम ने आया था।जिसमें बाइक सवार 36 वर्षीय संजय साहू की इलाज के दौरान मौत हो गयी है।बताया जा रहा है कि,यह हादसा तब हुआ जब संजय साहू नवाबगंज से ईंट खरीदकर अपने घर लौट रहे थे।कि सेझिया मंदिर से करीब एक तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने संजय की बाइक को पीछे से टक्कर मार दी।जिसमें संजय गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे।घटना के बाद घटनास्थल पर इकट्ठा हुए लोगों पुलिस को सूचना दी।जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।दुर्भाग्यवश इलाज के दौरान संजय ने दम तोड़ दिया।मृतक की पत्नी भाग्यवंती की तहरीर पर तरबगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। तरबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपा ठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल डंपर को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## दो बैटरी चोर गिरफ्तार, ई रिक्शा से चुराते थे बैटरी



गोण्डा। नवाबगंज पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी जब पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार किया।ये चोर मौका पाते ही ई रिक्शा से बैटरी निकाल कर बेच दिया करते थे।उनके पास से 23 ई रिक्शा की बैटरियां बरामद की गईं। गिरफ्तार चोरों ने बताया कि वो चार पहिया वाहन से दिन में रेकी करते थे और रात में मौका पा कर बैटरियां चुरा लेते थे।पु लिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अवैध नकली करेंसी निर्माण,उपयोग प्रच लन की रोकथाम व वांछित,एनबीडब्लू अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए जिले सभी प्रभारी निरीक्षक,थानाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए थे उक्त निर्देश के अनुक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम राय के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी तरबगंज उमेश्वर प्रभात सिंह के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष नवाबगंज अभय सिंह के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर ई रिक्शा से दो बै ट्री चोरी कर ले जाने वाले दो अभियुक्तगण संदीप पथरकट पुत्र घनश्याम शिल्पकार निवासी पड़ाव कस्बा व थाना नवाबगंज करन केवट पुत्र स्वर्गीय संगमलाल निषाद निवासी ग्राम मजहनपुरवा मौजा नवाबगंज गिर्द थाना नवाबगंज को सोतीपुल निक ट कटी तिराहा से गिरफ्तार किया था,अभियुक्तगण के निशा देही पर शुगर मिल कालोनी स्थित खण्ड हर मकान से चोरी की दो बैटरी बरामद कर मुकद मा उपरोक्त में धारा की बढ़ोत्तरी की गयी

## मेडिसिन हॉस्पिटल में ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगल पर सुंदरकांड और भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार को,जिसे वि शेष रूप से बड़ा मंगल या बुढ़वा मंगल के नाम से जाना जाता है,मेडिसिन हॉस्पिटल के संचालक के द्वारा अस्पताल परिसर में भक्ति और सेवा का भ व्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर सुंदरकांड पाठ के साथ विशाल भंडारे का आयोजन हुआ,जि समें मेडिसिन हॉस्पिटल के संचालक और हॉस्पिट ल के सभी कर्मचारियों व तीमारदारों ने पूरे श्रद्धा भाव से सहभागिता की।धार्मिक मान्यता के अनु सार ज्येष्ठ माह के मंगलवार को ही हनुमान जी की पहली भेंट भगवान श्रीराम से हुई थी।यही कारण है कि इस दिन को हनुमान-राम मिलन दिवस के रूप में उत्सवपूर्वक मनाया जाता है।यह परंपरा त्रेतायुग से जुड़ी हुई मानी जाती है।इस वर्ष का ती सरा बड़ा मंगल और भी विशेष बन गया क्योंकि इसी दिन ज्येष्ठ अमावस्या,भौमवती अमावस्या औ र शनि जयंती भी एक साथ पड़ी,जिससे धार्मि क और आध्यात्मिक वातावरण और भी उल्ला सपूर्ण हो गया।इस अवसर पर मेडिसिन हॉस्पिटल के सं चालक हाकिम सिंह ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा, ‟हम सभी अत्यंत सौभाग्यशाली हैं कि हमें प्रभु श्रीराम और बजरंगबली की कृपा से इस तरह के पुण्य आयोजन करने का अवसर प्रा प्त हो रहा है।प्रभु का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे।„कार्यक्रम में हॉस्पिटल के कर्मचारियों ने सेवा और भक्ति दोनों भाव से भाग लिया।सुंदरकांड पा ठ और भंडारे के माध्यम से परिसर में श्रद्धा,समर्प ण और सामाजिक सौहार्द्र का अद्भुत दृश्य देखने को मिला।

## स्ट्रेचर खींच रहे तीमारदार कुर्सी तोड़ रहे वार्ड ब्वाय

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। मरीजों को भर्ती करने से लेकर उनकी देख रेख की जिम्मेदारी गोंडा मेडिकल कॉलेज के वार्ड ब्वाय के हवाले हैं,लेकिन स्वास्थ्य कर्मी अपने काम के प्रति जिम्मेदार नहीं हैं।गंभीर हालत में आने वा ले मरीजों को वार्ड तक ले जाने की बजाय वह कु र्सी पर डटे रहते हैं,इससे साथ में आने वाले तीमार दारों को स्ट्रेचर खींचना पड़ता है।मरीजों को सुवि धाओं देने को अस्पतालों में वार्ड ब्वायों की तैनाती की गई है।उनकी जिम्मेदारी है कि वह गंभीर मरी जों को एंबुलेंस से उतरने के बाद उन्हें आपात का लीन कक्ष में ले जाएंगे।अगर चिकित्सक ने रोगी को भर्ती किया तो वार्ड ब्वाय ही मरीज को वार्ड में शिफ्ट भी कराएंगे,लेकिन वार्ड ब्वाय अपनी जिम्मे दारी के प्रति कितने सजग हैं,यह गोंडा मेडिकल कॉलेज में देखने को हर रोज मिलता है।जब गंभीर हालत में रोगी गोंडा मेडिकल कॉलेज पहुंचता है तो उनके साथ में आने वाले स्वजन वार्ड ब्वाय से मरी ज को अंदर लाने के लिए कहते हैं तो वार्ड ब्वाय स्ट्रेचर से खुद मरीज को इमरजेंसी में ले आने की बात कह देते हैं।यही नहीं जब मरीज के साथ जब परिवार का एक सदस्य होता है तो भी वार्ड ब्वाय को अपनी जिम्मेदारी का एहसास नहीं होता। मरी ज को स्ट्रेचर से लाने का दबाव बनाने पर अकसर वार्ड ब्वाय झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं।विशे षज्ञ चिकित्सकों के कहने के बावजूद भी वार्ड ब्वा य अपनी हरकतों से बाज नहीं आते।

## जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी के नेतृत्व में कार्यशाला आयोजित



गोरखपुर। मंगलवार को आयुष मंत्रालय भारत सरकार एवं राष्ट्रीय आयुष मिशन उ0प्र0 की अति महत्वाकांक्षी जन स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला होम्योपैथिकचिकित्साधिकारी, गोरखपुर के कार्यालय में तृतीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमेंजिला होमियोपेथिक चिकित्साधिकारी डा0 दिग्विजय दास द्वारा बताया गया कि प्रदेश में चार जिलों मे ही यह योजना शुरू की गयी है, जिसके अन्तर्गत जिले के 20 विकास खण्ड में एक एक चिकित्सालय को चिन्हित किया गया हैं। कार्यशाला में सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक उपस्थित थें। जिसमें डा0 दास द्वारा बताया गया कि इस योजना में मानसिक रूप से अस्वस्थ, असहाय एवं बुजुर्ग लोगो, अत्यन्त गम्भीर एवं जटिल रोगों सेपीड़ित लोगों जैसे- कैंसर, स्ट्रोक, फालिस, अल्जाइमर्स, आर्गन, फ़ेलियर, एड्स, मानसिकबिमारी, अवसाद, बच्चों में सेरेब्रल पालसी, इत्यादि रोगों से पीड़ित लोग को आयुष पद्धति द्वारासुगम उपचार व प्रोत्साहन किया जाना हैं। प्रत्येक विकास खण्ड में एक-एक टीम बनाई गयीहै, जो समय-समय पर क्षेत्र में भ्रमण करके ऐसे रोगियों का स्क्रीनिंग करके सुगम उपचारकरेगी।

## ज्येष्ठ माह के तृतीय मंगल पर आज नगर पंचायत ने बस स्टॉप पर आयोजित किया भंडारा

**उपजिलाधिकारी ने बस स्टाप पर पूजा अर्चन कर बड़े मंगल पर भंडारा का किया शुभारम्भ**

**नगर पंचायत के संयोजक के तत्वाधान में आयोजित हुआ बड़े मंगल का भंडारा**



कैसरगंज, बहराइच। तीसरे बड़े मंगल पर कैसरगंज मुख्य बाजार में लंगर-भंडारे की धूम रही। कैसरगंज बस स्टॉप पर नगर पंचायत के संयोजन में आयोजित बजरंगबली के विशाल भंडारे में उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह ने बजरंगबली की प्रतिमा पर पुष्प माल्यार्पण व पूजन अर्चन एवं दीप प्रज्वलित कर भंडारे का प्रारंभ किया। इस मौके पर उप जिला अधिकारी अखिलेश कुमार सिंह व नगर पंचायत अध्यक्ष युसूफ अली ''सोनू'', अधिशाषी अधिकारी शिवम द्विवेदी एवं नगर पंचायत के कर्मियों ने आगंतुक जनमानस व श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरण किया। इस मौक पर लिपिक समर सिंह, कर्मचारी अनुज राव, विवेक कुमार, अमित सिंह, आदित्य राज, अश्वनी मो.कैश, शिवपाल यादव कुंवर सिंह आदि सहित दर्जनों कार्मिक उपस्थित रहे, भंडारे में भक्तों की भारी भीड़ ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया।इसी क्रम में इलाहाबाद बैंक, कांग्रेस नेता ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, किशन कन्हैया, हनुमान मंदिर आदि की तरफ से भंडारे का आयोजन किया गया।

## असलहे के साथ युवक की फोटो वायरल, जांच में जुटी खजनी पुलिस



खजनी ,गोरखपुर । थाना खजनी क्षेत्र के पल्हीपार हरनहिया गांव से एक युवक की असलहे (हथियार) के साथ तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई है। वायरल फोटो में युवक खुलेआम हथियार के साथ पोज देता नजर आ रहा है, जिसे लेकर कानून-व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं।प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वायरल हो रही तस्वीर में दिख रहा युवक निखिल तिवारी बताया जा रहा है, जो ग्राम पल्हीपार हरनहिया थाना खजनी का निवासी बताया जा रहा है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मामला गंभीर मानते हुए जांच शुरू कर दी गई है।खजनी थाना ‟‟ अर्चना सिंह का कहना है कि वायरल फोटो की सत्यता की पुष्टि की जा रही है। फ़ोटो वायरल होने बाद क्षेत्र में चर्चा तेज है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई युवक इस तरह से खुलेआम हथियार लेकर फोटो खिंचवाता है और उसे सोशल मीडिया पर डालता है।

## ग्रा.प.एसो.के संस्थापक बाबू बालेश्वर लाल को 38 वीं पुण्यतिथि पर किया गया याद

**पत्रकारों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की 38 वीं पुण्यतिथि मंगलवार को सिंचाई विभाग के डाक बंगले में मनाई गयी। पत्रकारों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला।

जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने ग्रा मीण पत्रकार एसोसिएशन के कार्य एवं उसके उद्दे श्य से पत्रकारों को परिचित कराते हुए कहा कि सं गठन के संस्थापक स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की सोच थी कि गांव में रहने वाले ग्रामीण जो शासन की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने एवं जनता की समस्याओं को शासन तक पहुंचाने का कार्य करते हैं,उन्हें एकसूत्र में बांधकर उनकी समस्याओं को भी शासन तक पहुंचाया जाए।मंडल अध्यक्ष अनिल दूबे ने कहा कि हमें बाबू बालेश्वर लाल के विचारों से प्रेरणा लेकर संगठन को और अधिक म जबूत करने की जरूरत है।जिला महामंत्री अशोक कुमार पाठक ने कहा कि बालेश्वर लाल जी ने ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े पत्रकारों को एकजुट कर समाज और शासन-प्रशासन के बीच एक नई पहचान दिलाई।वे हमारे बीच नहीं हैं,लेकिन उनका विचार आज भी जिंदा है।जिला प्रभारी ए आर उस्मानी ने कहा कि गांव में तमाम समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में सेतु का काम ग्रामीण पत्रकार ही करते हैं।इन्हें तमाम तरह की दुश्वारियों और दिक्कतों का भी सामना करना पड़ता है। इसके बावजूद ये समाचार संकलन कर आम आदमी की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का काम करते हैं।महिला विंग की जिलाध्यक्ष खुशबू कनौजिया ने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन गोण्डा जनपद का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का सबसे मजबूत, सशक्त और बड़ा संगठन बन गया है। इस संगठन का हिस्सा वो पत्रकार है, जो ग्रामीण क्षेत्रों को कवर करता है। सही मायने में वही पत्रकारिता की रीढ़ हैं।इस अव सर पर जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश जायसवाल आदि ने भी अपने विचार रखे।

## बड़े मंगल पर आयुक्त और उनकी पत्नी ने वितरित किया प्रसाद

गोण्डा। देवीपाटन मण्डल तीसरे बड़े मंगल के अवस र पर आयुक्त आवास के बाहर लखनऊ रोड के कि नारे आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील और उनकी पत्नी गरिमा भूषण की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आयुक्त एवं उनकी पत्नी ने संयुक्त रूप से हनुमान जी की पूजा करने के बाद कई भक्तगणों को भंडारे में प्रसाद वितरित किया।उन्होंने अपने हाथों से भक्त गणों को प्रसाद वितरित किया।इसके बाद उन्होंने आवास परिसर के अंदर वृक्षारोपण किया।इस मौके पर आयुक्त कैंप कार्यालय के पीए वीरेंद्र बहा दुर,सुशील कुमार सहित अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।

## बुल्डोजर से हटवाया गया खलिहान की जमीन से अतिक्रमण

गोरखपुर। भटहट तहसीलदार के निर्देश पर मंगलवार को स्थानीय कस्बे में बुलडोजर चलाकर खलिहान की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण हटाते समय अधिकारियों को ग्रामीणों के आक्रोश का सामना भी करना पड़ा।नायब तहसीलदार सदर जाकिर हुसैन, नायब तहसीलदार पिपराइच प्रदुम्मन सिंह, नायब तहसीलदार सदर देवेंद्र यादव, राजस्व निरीक्षक अरुण प्रकाश सिंह, लेखपाल प्रिंस जायसवाल, नन्दलाल यादव, नमन द्वारा खलिहान की जमीन पर गांव के ही पांच लोगों द्वारा दीवाल चलाने के साथ ही मकान का सहन, सीढ़ी आदि बनाकर कब्जा किया गया था। स्थानीय कस्बा निवासी सचिन मोदनवाल उर्फ रामू द्वारा खलिहान की जमीन से अतिक्रमण हटाने की शिकायत राजस्व विभाग से किया गया था। मगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया।रामू द्वारा उच्च न्यायालय में पीआईएल दाखिल कर खलिहान की जमीन पर अतिक्रमण हटाने की शिकायत की गयी। रामू के अनुसार न्यायालय ने अतिक्रमण हटवाते हुए इसकी रिपोर्ट तलब किया था। इसके बाद राजस्व विभाग ने अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर खलिहान की जमीन खाली करने को कहा गया। मगर लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। इसके बाद जेसीबी के साथ अधिकारियों द्वारा खलिहान की जमीन से अतिक्रमण हटवाया गया।अतिक्रमण हटाने के दौरान ग्राम प्रधान को खलिहान की जमीन को बाउण्ड्री आदि से सुरक्षित करने हेतु निर्देशित भी किया गया।इस दौरान अधिकारियों को ग्रामीणों के गुस्से का सामना भी करना पड़ा। मगर अधिकारी अतिक्रमणकारियों को समझा बुझाकर शांत करते रहे। मौके पर प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह, चौकी प्रभारी विवेक सिंह, उपनिरीक्षक अनूप कुमार के साथ ही महिला कांस्टेबल एवं पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## मिलावटी पनीर फैक्ट्री पर छापेमारी का मामला मुख्य आरोपी समेत तीन गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पिपराइच क्षेत्र के एक पनीर व्यवसायी के गोदाम पर बीते मंगलवार को शाम खाद्य सुरक्षा एवं औषधीय प्रशासन की टीम द्वारा छापेमारी कर पाउडर के दुध समेत कई अन्य सामग्री का नमूना एकत्र कर उसे सील करने के मामले में खाद्य विभाग द्वारा दर्ज मुकदमे में पिपराइच पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है।जानकारी के अनुसार पिपराइच क्षेत्र के बरईपुर निवासी मोहम्मद खालिद अंसारी अपने कई सहयोगियों के गांव में ही पनीर बनाने का कारखाना खोल कर काफी ज्यादा मात्रा में पनीर बनाकर सप्लाई का काम करता था।बीते मंगलवार की शाम आयुक्त खाद्य एवं औषधि प्रशासन डाक्टर सुधीर कुमार सिंह, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र मोहन त्रिपाठी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेन्द्र श्रीवास्तव, अंकूर, नागेंद्र,आभा, संतोष, उमाशंकर,विनय, प्रतिभा, आशुतोष, श्री निवास, विजयनंद, स्वामी नाथ, नरेंद्र और कमल नारायण आदि ने छापेमारी किया।इस दौरान छापेमारी टीम को मिल्क पाउडर, पाउडर निर्मित दुध, सैकरीन,रीठा , ग्लूकोज, डिटर्जेंट,ह्वाइटनर,सहित दस सामानों के नमूने एकत्रित किए। सभी सामग्री को सील कर टीम के लोग अपने साथ परीक्षण के ले गयी। बाकी बरामद सामानों को दुकान के पास ही नष्ट कर दिया और शेष सामग्री को दुकान एक कमरे में रखकर उसे सील कर दिया गया।जांच टीम के अधिकारियों द्वारा दुकानदार से पनीर निर्माण और दुकान रजिस्ट्रेशन संबंधित कागजात मांगे जाने पर दुकानदार प्रस्तुत नहीं कर सका।उक्त मामले में आरोपी और उनके सहयोगियों के विरुद्ध बीती रात धारा 274/275/280 बीएनएस तथा खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत आरोपी खालिद अंसारी और उनके सहयोगियों के विरुद्ध पिपराइच थाने में खाद्य सुरक्षा अधिकारी हितेंद्र कुमार त्रिपाठी के तहरीर पर दर्ज हुआ।जिसके तहत आरोपी खालिद अंसारी निवासी बरईपुर, और सहयोगी हरियाणा प्रदेश के नूह जनपद के पुनहाना निवासी मोहम्मद सकील तथा मोहम्मद वहीद को गिरफ्तार किया।गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष पुरूषोत्तम आंनद सिंह के नेतृत्व में एसएसआई. अजीत कुमार चतुर्वेदी, उपनिरीक्षक सचिन उपाध्याय मातहतों के साथ शामिल रहे।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से मांगे गए आवेदन

बहराइच । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क ‘ओ’ लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफ़ेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसीकम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 02 जून 2025 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। इच्छुक प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे का विवरण उक्त वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्डकापी विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।

## स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आज

बहराइच । राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत जनपद में संचालित महत्वपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा हेतु 28 मई 2025 को अपरान्ह 04:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आहूत की गयी है। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# भारतीय किसान यूनियन भानू के व्यापार मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने राहुल जायसवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। भाकियू भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानू प्रताप सिंह ने राहुल जायसवाल को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष राहुल ने कहा कि जिस प्रकार संगठन किसानों की समस्याओं को सदैव उठाते हुए समस्याओं का निराकरण कराते आ रहा है इस विचार धारा के साथ में व्यापारीयो की समस्याओं का भी निराकरण करता रहूंगा और किसान संगठन और व्यापार मोर्चा को और मजूबत करने का कार्य करूंगा वही प्रदेश संगठन मंत्री रमेश चन्द्र गुप्ता उर्फ़ दद्दा ने बताया कि भारतीय किसान यूनियन का उद्देश्य किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। हमारे लक्ष्य न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति को सुधारने पर केंद्रित हैं बल्कि उनके सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों की रक्षा करना भी हमारी प्राथमिकता है भारतीय किसान यूनियन (भानु) की मुख्य मांगे किसानों के ऋण माफ करना, गन्ने और गेहूं की सरकारी खरीद मूल्य बढ़ाना, कृषि से संबंधित उत्पादों के अंतर्राज्यीय आवाजाही पर लगी पाबंदियों को हटाना, और पर्याप्त दर पर बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करना थी वही राहुल ने कहा मैं किसी भी प्रकार का व्यापारियों का शौषण नही होने दूंगा अगर किसी भी आधिकारी ने या किसी ने भी व्यापारी का उत्पीड़न किया या परेशान किया तो वो मे होने नही दूंगा ऐसे भ्रष्ट अधिकारी अपना तबादला ग़ैर जनपद मे करा ले वही मण्डल अध्यक्ष यशपाल सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर ने कहा कि मै व्यापार संगठन को मजबूत और विस्तार करने और सक्रिय करने का कार्य करूंगा वही तहसील अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने की व्यापारियों की हर एक समस्या उनकी अपनी समस्या होगी वह किसी भी प्रकार का चाहे छोटे व्यापारी हो या बड़े व्यापारी किसी का भी शोषण नही होने देगे।भारतीय किसान यूनियन भानु के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राहुल जायसवाल व्यापार मोर्चा, उत्तर प्रदेश के संगठन मंत्री रमेश चंद्र दद्दा और यशपाल सिंह उर्फ चिंटू ठाकुर का पूरनपुर पहुंचने पर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया इस मौके पर पूरनपुर तहसील अध्यक्ष बादाम सिंह, बरेली मंडल के संगठन मंत्री पंकज सिंह व पूरनपुर तहसील संगठन मंत्री सोनपाल सिंह व्यापार मोर्चे के तहसील अध्यक्ष सुनील गुप्ता अपने व्यापार मोर्चे की पूरी टीम के साथ तहसील संगठन मंत्री फारुख खा संरक्षक अनुष त्रिवेदी , अमित शर्मा, ओमपाल राठौर, अरुण राठौर, जमुना प्रसाद, फैजान खान, ईश्वर दयाल, हिमांशु प्रजापति, लालाराम, अभिनव मिश्रा एडवोकेट, अशोक मिश्रा शिक्षा मोर्चा जिला अध्यक्ष, और तमाम कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया।

# सपा ने शुरू की विस चुनाव की तैयारी

## संगठन,बूथ एव सेक्टर कमेटी परखने पहुँचे प्रभारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। समाजवादी पार्टी ने 2027 विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी हैं सभी विधानसभाओं में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं जो बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे इसी क्रम मे जनपद पीलीभीत मे बीसलपुर विधानसभा के लिये दिनेश सिंह एवं अन्य विधानसभा सीटों के लिये पूर्व विधान परिषद सदस्य अमित यादव रिंकू को बनाया गया है इसी क्रम मे आज समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पीलीभीत मे विधानसभा क्षेत्र बीसलपुर सहित अन्य सीटो जिनमे पीलीभीत सदर,पूरनपुर,बरखेड़ा के बूथ प्रभारियों,सेक्टर प्रभारियों एव संगठन के प्रमुख पदाधिकारीयो की बैठक आयोजित की गयी बैठक में बड़ी संख्या में उपस्थित बूथ प्रभारियों एवं सेक्टर प्रभारियों एव संगठन के पदाधिकारीयों को संबोधित करते हुए प्रभारी पूर्व विधान परिषद सदस्य अमित यादव ''रिंकू'' ने कहा कि ''बूथ अध्यक्ष अपने संबंधित बूथों पर मतदाता सूचियों में नाम बढ़ाने व ग़लत नामों को काटने हेतु सूचियों का अवलोकन करें मतदाता सूचियों में संशोधन हेतु बीएलओ अथवा उपज़िलाधिकारी से शिकायतें करें।बूथों पर समाजवादी पार्टी पदाधिकारी आमजन से मिलकर समाजवादी पार्टी की सरकारों में जिले की चारो विधानसभा क्षेत्र में हुए ऐतिहासिक विकास कार्यों की चर्चा एवं भाजपा सरकार में किसानों, मज़दूरों, युवाओं,छात्रों के साथ हो रहे अन्याय,उत्पीड़न की घटनाओं की भी चर्चा लोगों में करें।बीसलपुर विधानसभा प्रभारी प्रदेश सचिव दिनेश सिंह जी ने कहा ''बीजेपी के नेता क्षेत्र के लोगों को मारपीट कर अपमानित कर रहे हैं सरकारी धन में कमीशन लेकर भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हैं प्रशासनिक मदद से घमंड में चूर क्षेत्र में तानाशाही पूर्ण माहौल बना रहे हैं परंतु समाजवादी पार्टी के बूथ के कार्यकर्ता अपनी मेहनत एवं संघर्ष से भाजपा नेताओं को आगामी समय में बूथों पर वोट की चोट से उनके घमंड व तानाशाही को चकनाचूर करेंगे।बैठक की अध्यक्षता करते हुए समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि ''समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश का पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक समाज एकजुट होकर भाजपा की जनविरोधी सरकार को सत्ता से बाहर करने का संकल्प लिया है इसलिए पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथों पर मज़बूत टीम भावना से कार्य करना है।समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार''राजू'' ने कहा कि समाजवादी पार्टी में कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है उत्पीड़न करने वाले अराजकतत्व बख्शे नहीं जाएँगे।समाजवादी पार्टी जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर एव जिला उपाध्यक्ष पवन सिंह यादव ने भी अपने विचारों मे भाजपा पर निशाना साधा बैठक को बीसलपुर की पूर्व प्रत्याशी दिव्या गंगवार आदि ने भी संबोधित करते हुए अपने सुझाव एवं विचार व्यक्त किया।

# नवजात की मौत, लापरवाही का आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।जीवन धारा हॉस्पिटल में एक नवजात शिशु की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने कार्रवाई की है इससे पहले भी एक मरीज के बीपी कम होने पर सीजर करने से मौत हो गई थी अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर को सील कर दिया गया है। घटना सोमवार की है, जब उदयपुर खुर्द की रहने वाली ममता देवी पत्नी सत्यपाल को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन द्वारा जीवन धारा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने नॉर्मल डिलीवरी का आश्वासन देकर महिला को भर्ती किया। हालत बिगड़ने पर ऑपरेशन किया गया। जिसमें नवजात शिशु की मौत हो गई डॉक्टर ने मृत शिशु और मां को ऑक्सीजन लगाकर पीलीभीत रेफर कर दिया। परिजनों को जब नवजात की मृत्यु की जानकारी मिली, तो उन्होंने शिकायत की। महिला को पीलीभीत के एक अस्पताल

### स्वास्थ्य विभाग ने नर्सिंग होम किया सीज, ऑपरेशन के नाम पर लिए रुपए



में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है वही सत्यपाल ने बताया अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही की वजह से ब अनट्रेंड नर्स द्वारा कराई जा रही डिलीवरी से बच्चे की मौत हो गई उनको आश्वासन देते रहे कि बच्चाठीक है परिजनों ने रात मे ही कोतवाली मे शिकायती पत्र देकर करवाई कि मांग की हैं। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार के निर्देश पर एमओआईसी ने मंगलवार दोपहर एक बजे अस्पताल का निरीक्षण कर ओटी को पुलिस की मौजूदगी में चीज किया है।

# हिन्दू महासभा ने फर्जी संगठन को लेकर एसपी से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र दिया।शिकायती पत्र में कहा गया है कि उन्हें जिले के कुछ लोगों के माध्यम से पता चला है कि उनके द्वारा लंबे समय से पीलीभीत जिले में संचालित संगठन अखिल भारत हिन्दू महासभा के नाम से कुछ दिनों पूर्व से एक फर्जी संगठन कुछ लोगों अरविन्द यादव एवं अन्य लोगों के द्वारा चलाया जा रहा है, जो लोगों को धोखा दे रहा है। इस फर्जी संगठन को चलाने वाले लोगों का उनके पंजीकृत संगठन अखिल भारत हिन्दू महासभा से कोई संबंध नहीं है संजीव मिश्रा ने बताया कि जिले में हिन्दू महासभा की जो कार्यकारिणी प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव कुमार सिंह जी के द्वारा गठित की गई थी जो लंबे समय से काम कर रही है वही कार्यकारिणी अभी भी यथावत है। वहीं अखिल भारत हिन्दू महासभा के नाम से चलाए जा रहे नए फर्जी संगठन का जिले में जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा एवं प्रदेश में माननीय प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पहले से चल रहे संगठन से कोई संबंध नहीं है। संजीव मिश्रा ने कहा कि यदि इस फर्जी संगठन के लोगों के द्वारा किसी भी प्रकार का कोई गलत कृत्य किया जाता है तो उसके लिए यह ही लोग जिम्मेदार होंगे। उसके लिए जिले में लंबे समय से जिलाध्यक्ष पंडित पंकज शर्मा के नेतृत्व में जनता के लिए काम कर रहे हिन्दू महासभा के पदाधिकारियों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। वहीं उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि इस प्रकार फर्जी संगठन का संचालन करने वाले लोगों पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए इस फर्जी संगठन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

### खेत जोतने का विरोध करने पर महिला व उसके परिजनों की पिटाई मामले में मुकदमा दर्ज

पीलीभीत। गजरौला थाना क्षेत्र के गांव शिवनगर की रहने वाली कुसुम लता ने बताया कि उसकी गाटा संख्या 93 पर गांव के ही अशोक सिंह,वेदपाल, जितेन्द्र सिंह, जतनपाल सिंह एक अज्ञात के साथ मिलकर महिला की कृषि भूमि को जोतने लगे विरोध करने पर उक्त लोगों ने पीड़िता व उसके परिजनों की पिटाई कर ट्रैक्टर से मकान को क्षतिग्रस्त कर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मंगलवार पाँच बजे थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जाँच की जा रही हैं।

### चकबंदी में गड़बड़ी सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चढूनी संगठन द्वारा तहसील पूरनपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया मझरा मैं हो रही चकबंदी में गड़बड़ी के खिलाफ ज्ञापन दिया गया पिपरिया मझरा के निवासी रूपेंद्र कौर पत्नी । निरवैल सिंह संदीप कौर पुत्री स्वर्गीय बलविंदर सिंह सुखजिदर सिंह पुत्र अर्जुन सिंह जिसकी जमीन पर सतनाम सिंह पुत्र रणधीर सिंह वा प्रगट सिंह पुत्र रणधीर सिंह द्वारा नाजायज कब्जा किया गया और नाजायज आबादी बना दी गई है प्रार्थी द्वारा नाप करने के बावजूद भी उसकी जमीन का कब्जा नहीं छोड़ा गया जिसमें मौजूदा प्रधान गुरजीत सिंह उर्फ गोखी द्वारा अभिलेखों के हेर फ़ेर करवाके सही तरीके से नाप नहीं करवाई जा रही इसी विषय को लेकर एडीएम पीलीभीत को ज्ञापन सोपा गया हैं।इस मौके पर जिला अध्यक्ष रंजीत सिंह कहलो, मंडल उपाध्यक्ष गुरजिंदर सिंह, जिला उपाध्यक्ष जोगा सिंह विर्क, तहसील अध्यक्ष जगविंदर सिंह, तहसील प्रभारी हरपाल सिंह, ब्लॉक उपाध्यक्ष जगबीर सिंह, युवराज सिंह, त्रिलोचन सिंह,दिलबर सिंह,प्रगट सिंह ,सुरेंद्र पाल, सदाकत खान, जुनैद,सुकुमार,श्यामल सिंह आदि मैजूद रहे है।

### आबादी के बीच खुली शराब की भट्टी महिलाओं ने किया विरोध

**पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कपूरपुर निवासी रामवती व नन्ही देवी ने मंगलवार तीन बजे बताया कि गांव में आबादी के बीच में शिव कुमार व संतराम ने शराब भट्टी खोल रखी है जिस पर अनेक व्यक्ति व तरह-तरह के व्यक्ति आते जाते है। तथा शराव पीकर गाली-गलौज एवं झगड़ा फसाद करे रहते हैं। गांव के बच्चों पर भी बुरा असर पड़ रहा है। नौजवान युवा शराब की ओर अग्रसर हो रहे है। विरोध करने पर उक्त लोग गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते है। इसको लेकर गांव के लोग कई बार पहले भी शिकायत कर चुके हैं पर जिले के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। महिलाओं ने शराब भट्टी का विरोध कर गांव से हटाने की मांग को लेकर डीएम से शिकायत की है।

### गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधी गिरफ्तार

**तिलोई अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना इन्हौना पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना इन्हौना के थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर यूपी गैंगेस्टर एक्ट थाना इन्हौना जनपद अमेठी में वांछित मोहम्मद वकील पुत्र स्वर्गीय मोहम्मद शरीफ निवासी कुरैशी मोहल्ला नगर पंचायत हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी व शमसीर आलम पुत्र स्वर्गीय कबीर अहमद निवासी सलावतगढ़ मजरे सरेसर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार मोहम्मद वकील उपरोक्त का एक सक्रिय गैंग है जिसका शमसीर आलम उपरोक्त एक सक्रिय सदस्य है।यह गैंग अपने आर्थिक व भौतिक लाभ के लिये जनपद स्तर पर मादक पदार्थ तस्करी व मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं कारित करते थे। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये दोनों शातिर अपराधियों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

### पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम सफलतापूर्वक हुआ सम्पन्न

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** करौंदिया (विवेकनगर) स्थित कमला नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड एजुकेशन (के.एन.आई.सी.ई.) में कक्षा-11 के नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं के लिए पेरेंट्स ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ. एन.डी. सिंह, उपप्रधानाचार्या तन्वी गोयल एवं समन्वयक रेनू सिंह द्वारा मां सरस्वती एवं संस्थापक बाबू के.एन. सिंह के चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण करके की गई। इसके पश्चात संगीत शिक्षक शैलेंद्र उपाध्याय ने स्वागत गीत हर्टी हर्टी वेलकम टू यू....गीत गाकर सबको ताली बजाने को मजबूर कर दिये। कार्यक्रम का संचालन भौतिक विज्ञान प्रवक्ता तथा कक्षा-11 के कक्षाध्यापक सौरभ मिश्र ने किया। उन्होंने छात्रों के करियर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, हिंदी तथा अंग्रेजी जैसे विषयों का विधिवत अध्ययन करके आईआईटी-जेईई, एनडीए, सीयूईटी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय की जा सकती है। वाणिज्य संकाय के प्रवक्ता नितिन जायसवाल (कक्षा-12, चाणक्य वर्ग) ने वाणिज्य विषय के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि छात्र सीए, एमबीए, सीएफए, सीएस जैसे कोर्स के माध्यम से प्रबंधन एवं वित्त के क्षेत्र में अपना करियर बना सकते हैं। प्रधानाचार्य डॉ.एन.डी सिंह ने विद्यार्थियों की सफलता के लिए सात-सी के सिद्धांत को समझाया जहा पहले सी का अर्थ हे कॉन्फिडेंस (आत्मविश्वास) दूसरे सी का अर्थ है कंसिस्टेंसी (स्थिरता) तीसरे सी का अर्थ है कंसेप्शन (धारणा) चौथे सी का अर्थ है केरेक्टर (चरित्र) पांचवें सी का अर्थ है कमिटमेंट (प्रतिबद्धता) छठवें सी का अर्थ है कंसंट्रेशन (एकाग्रता) तथा सातवें सी का अर्थ हे कैपेसिटी टू इनज्वाय (आनंद प्राप्त करने की क्षमता) है। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक जगराम भार्गव, विश्वासमणि त्रिपाठी, देवव्रत सिंह,विनय मौर्य, मो.हसानात आदि उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिले के दोस्तपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर दुबे गांव में 42 वर्षीय जितेंद्र कुमार दुबे ने अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। जितेंद्र दिल्ली में ड्राइवर का काम करते थे। कोरोना काल में वह घर आए थे और तब से दिल्ली नहीं लौटे। ग्रामीणों के अनुसार, उन्हें शराब और नशे की लत लग गई थी, जिसके कारण वह दिल्ली से घर आ गए थे। उनकी पत्नी और दो बच्चे अभी भी दिल्ली में रह रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के भाई ने दोस्तपुर थाना प्रभारी अनिरुद्ध सिंह को जानकारी दी। मौके पर सब इंस्पेक्टर रामजीत और हेड कांस्टेबल विवेक भदोरिया पहुंचे। पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को निकला और पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### एसपी आफिस में लगाया गया पुलिस शिकायत निवारण कैम्प

**सुलतानपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस शिकायत निवारण इकाई के लिए मंगलवार को एसपी ऑफिस में कैम्प लगाया गया। यहां अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने पुलिस कर्मियों को सम्बोधित किया। अब तक पिछले 5 महीनों में उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इस दौरान कुल 92 मामले सामने आए, जिनमें से 81 का निस्तारण कर दिया गया है। केवल 11 प्रकरण अभी प्रक्रियाधीन हैं।

विभिन्न श्रेणियों में प्राप्त कुल 74 शिकायतों में से वेतन विसंगति से जुड़ी 38 शिकायतें सबसे अधिक रहीं। इनमें से 34 का निस्तारण आंकिक प्रधान लिपिक कार्यालय द्वारा किया गया। चिकित्सा प्रतिपूर्ति की 5 में से 4 और चरित्र पंजिका संशोधन की 8 में से 7 शिकायतों का समाधान हुआ। बोनस से संबंधित सभी 3 शिकायतों का निस्तारण किया गया। प्रशिक्षण, मानव संपदा में नाम सुधार और बीमा धनराशि से जुड़ी एक-एक शिकायत का भी समाधान हुआ।

# जय हनुमान ज्ञान गुण सागर,जय कपीस तिहुं लोक उजागर

## ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर कई जगहों पर प्रसाद वितरित किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर तहसील तिलोई क्षेत्र में कई जगहों पर प्रसाद वितरण किया गया हनुमान चालीसा एवं सुंदर काण्ड से वातावरण भक्तिमय नजर आया और कई जगहों पर कन्याभोज भी आयोजित किया गया।तीसरा बड़ा मंगल होने के कारण भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण गया।क्षेत्र के उल्टा गढ़ा धाम में ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल के उपलक्ष में पप्पू दुबे दक्खिनगांव द्वारा विशाल भण्डारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों की संख्या में राहगीरों और ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया।कस्बा अहोरवा भवानी में समाज सेवी अरुण प्रताप सिंह द्वारा तीसरे बड़े मंगल पर आयोजित सुंदर काण्ड पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया जिसमे क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही सम्भ्रांत नागरिकों एवं राहगीरों को प्रसाद के रुप पूड़ी सब्जी बूंदी वितरित की गई। समाजसेवी अरुण प्रताप सिंह ने जनप्रतिनिधियों को अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। कस्बा अहोरवा भवानी में व्यवसाई गया प्रसाद तिवारी द्वारा शरबत वितरित किया गया।कस्बा सेमरौता स्थित हनुमानगंज चौराहे पर ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर डाकघर सेमरौता द्वारा आयोजित विशाल भण्डारे में हजारों की संख्या में ग्रामीणों व राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस विशाल भण्डारे में तीसरे बड़े मंगल पर जनसैलाब उमड़ पड़ा और भक्तिमय गीतों पर लोग खूब थिरके व जमकर धमाल मचाया।

# पुलिस ने हत्या में फरार चल रहे युवक को भेजा जेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। थाना मोहनगंज पुलिस ने गांव भदसाना में दरवाजे पर सो रहे धारदार हथियार से युवक की हत्या के मामले में वांछित युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अदद कुल्हाड़ी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर हत्या के मामले में वांछित सुशील दुबे उर्फ पप्पू पण्डित पुत्र स्वर्गीय जगदेव निवासी भदसाना थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब चालीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई पूंछतांछ में गिरफ्तार सुशील दूबे उर्फ पप्पू पण्डित ने बताया कि मेरा मृतक के घर आना जाना व उसकी बहन से मिलना जुलना था जिस बात को लेकर वह बुरा मानता था। बीती उन्नीस मई की शाम को मेरी व इंतजार उर्फ बच्चन से गांव के बाहर कहासुनी हो गयी थी जिसमें इंतजार ने मुझे काफी भला बुरा कहा था।इसी बात से गुस्सा होकर मैं बीती उन्नीस बीस मई की रात्रि में अपने घर से कुल्हाड़ी लेकर इंतजार के घर गया जहां इंतजार घर के बाहर चारपाई पर सो रहा था मैने कुल्हाड़ी के पिछले भाग से इंतजार के सिर पर हमला कर दिया जिससे इंतजार के चिल्लाने पर पास में ही सो रही उसकी पत्नी व घर के लोग जाग गये थे । तभी मैं कुल्हाड़ी लेकर वहां से भाग गया और कुल्हाड़ी को अपने घर के कमरे की टांड पर छिपा दिया। पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी को आरोपी युवक के घर के अंदर कमरे की टांड से बरामद किया गया है।इस सम्बंध में थाना मोहनगंज के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक को जेल भेज दिया गया है।

## ऑर्केस्ट्रा देखने गये युवक की पीट-पीट कर हत्या

सुलतानपुर। भदैया के शिवगढ़ कोतवाली के औझी गांव में सोमवार की देर रात एक दर्दनाक वारदात सामने आई। गांव निवासी आकाश मिश्रा (23) की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। आकाश गांव में हीरालाल प्रजापति के यहां आयोजित ऑर्केस्ट्रा कार्यक्रम देखने गया था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिवार चिंतित हुआ। सुबह गांव के बाहर उसका खून से लथपथ शव मिला।घटना की सूचना मिलते ही तीन थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। औझी गांव अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर अमेठी जिले के रामगंज बाजार के पास स्थित है। देहात कोतवाल अखंडदेव मिश्र, शिवगढ़ एसओ पंडित त्रिपाठी और लंभुआ सीओ अब्दुस सलाम सहित कई पुलिस अधिकारी घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। घटनास्थल पर भारी मात्रा में खून मिला है। पुलिस प्रथम दृष्टया इस हत्या को आशनाई से जोड़कर देख रही है। सीओ लंभुआ अब्दुस सलाम ने बताया कि पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है और जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# सत्यधाम के संत समागम एवं भंडारे में जुटे हजारों श्रद्धालु

## नज स्वरूप का ज्ञान ही है परमबोध : सत्यसमदर्शी कविराजदेव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले के कोइरीपुर रेलवे स्टेशन के समीप स्थित सत्यधाम आश्रम पर दो दिवसीय संत समागम एवं विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। जिसमें दूर दराज के संतो भक्तों का जमावड़ा हुआ। संतो द्वारा आध्यात्मिक प्रवचन से लोगों को अभिसिंचित किया गया। सत्यधाम पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से प्रायः संत सेवा, समाजसेवा, प्रतिभा सम्मान, सेवा शिविर, सत्संग आदि के साथऽसाथ नैतिक, बौद्धिक, शैक्षिक, आध्यात्मिक, जन जागरण का कार्य किया जाता रहता है।

समागम में कार्यक्रम की शुरुआत संतो के चरण प्रच्छालन माल्यार्पण से करते हुए सत्यधाम के गद्दीधीश आचार्य सत्यसमदर्शी देवेन्द्र कविराजदेव जी महाराज ने भक्ति मुक्ति, जन एवं जीवकल्याण की बात को कहते हुए कहा कि निज स्वरूप का ज्ञान ही परमबोध है। कार्यक्रम में गुरु मां उत्तम साहिब, औंका धाम के महंत स्वामी हरिकेश भारद्वाज परमहंस जी, दशरथ गद्दी अयोध्या के महंत बृजमोहन दास जी, संत शत्रुघ्न जी महाराज, संत लक्ष्मण दास, संत निर्मल दास, संत निर्मोही जी, स्वामी पारसनाथदास जी समेत दर्जनों संतो ने सत्संग की ज्ञानगंगा से रसपान कराया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम संध्या भजन में लोकगायकों ने बांधा शमांः मशहूर संगीतकार आशीष वर्मा वाराणसी, लोकप्रिय गायक विनय पाण्डेय, अंतिमा तिवारी अयोध्या, संतोष सिंह प्रतापगढ़ी, अंजू यादव, वंदना पाठक, अनामिका साहू, नितिन गुप्ता, शिवम पाठक, धर्मराज आदि ने प्रस्तुति से शमां बांध दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अनूप संडा, अमिता सेठ, डा. राज करन, कंचन गुप्ता अमेठी, डा. अमित कौशल, राकेश सिंह चेयरमैन, किन्नर प्रेमा बुआ, रणधीर सिंह, गरिमा चौरसिया, बृज कुमार भारती, विनोद मौर्य, लोकेश श्रीवास्तव, समरजीत मौर्य, श्याम किशोर दूबे, विकास सिंह, केशकर कौशल, पंकज चौरसिया, कृष्ण कुमार चौरसिया, राजेंद्र यादव, हरीश यादव, राजेश मिश्र, चंद्रभान लेखपाल, चंद्रमणि मौर्य, सौरभ मौर्य प्रधान, यश कुमार यादव लेखपाल, भोलानाथ जायसवाल, रंजीत राव, कंचन मौर्या, विपिन कुमार, बबलू गुप्ता, प्रेमचंद्र मौर्य, देव राजन, महेश अग्रहरि, राकेश अग्रहरि, अरुण तिवारी, राकेश कोटेदार, अश्वनी उपाध्याय, विजय प्रताप सिंह,अनिल जायसवाल, गौरव जायसवाल, महेंद्र कुमार, अशोक, शुभम, साक्षी मौर्या, रवींद्र प्रताप सिंह, गुड़िया कनौजिया, रत्नेश जायसवाल, विक्की जायसवाल, शुभम, अनिकेत, देवांश आदि हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# ईडी की विश्वसनीयता

यह कोई नई बात नहीं है कि देश की जांच एजेंसियों पर सरकार की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करने को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तरफ से पक्षपात के आरोप लगे हों। सरकारी जांच एजेंसियों को वे विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने का हथियार बताते रहे हैं। अब इन्हीं चिंताओं और सवालों पर देश की शीर्ष अदालत ने भी मोहर लगाई है। विपक्षी नेता खासकर धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाइयों पर रोक लगाने की गुहार लगाते रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के हितों की पूर्ति के लिये दुराग्रह से कार्रवाई करता है। हालांकि, अदालत का मानना रहा है कि भ्रष्टाचार,देशविरोधी गतिविधियों तथा आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अतार्किक नहीं है। सवाल इस बात को लेकर भी उठते रहे हैं जितने आरोप पत्र ईडी द्वारा दायर किए जाते हैं, उसकी तुलना में दोषसिद्धि की संख्या में बेहद ज्यादा अंतर क्यों है। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि मामले दुराग्रह से प्रेरित होते हैं। अदालत भी मानती है कि ठोस प्रमाण के बिना किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। लेकिन एक हालिया मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कारगुजारियों पर कोर्ट ने उसे कड़ी फटकार लगाते हुए सीमाएं लांघकर संघीय ढांचे के अतिक्रमण करने की बात कही है। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु में शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में बरती गई कथित धांधली में राज्य विपणन निगम के विरुद्ध धनशोधन मामले में ईडी की जांच पर की है। दरअसल, निगम द्वारा शीर्ष अदालत में मामला ले जाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल जांच रोकी बल्कि ईडी की कारगुजारियों पर सख्त टिप्पणियां भी की हैं। निस्संदेह, ईडी को इस सुप्रीम नसीहत पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पीएमएलए की धाराओं के दुरुपयोग को लेकर शीर्ष अदालत पहले भी ईडी के खिलाफ सख्त टिप्पणी कर चुकी है। निस्संदेह, अदालत की इस सख्त टिप्पणी से उन तमाम विपक्षी दलों को संबल मिलेगा जो आए दिन ईडी व अन्य जांच एजेंसियों का सत्तापक्ष द्वारा दुरुपयोग करने का आरोप लगाते थे। वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु राज्य विपणन निगम की दलील थी कि जिन शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितताओं के मामले में ईडी ने हस्तक्षेप किया है, उसमें वर्ष 2014 से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस मामले में चालीस से अधिक प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। वहीं निगम कई मामलों में शिकायतकर्ता है। ऐसे में इस मामले में ईडी के कूदने पर सवाल उठे हैं। यही वजह है कि कोर्ट ने ईडी की इस जांच पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु सरकार भी ईडी की कार्रवाई को संवैधानिक अधिकारों व संघीय ढांचे का उल्लंघन बताती रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद ईडी केंद्र की इच्छाओं के अनुरूप आंख बंद कर कार्रवाई करने की बजाय अपनी कार्यशैली में अपेक्षित परिवर्तन करेगी।

सरकारी जांच एजेंसियों को वे विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने का हथियार बताते रहे हैं। अब इन्हीं चिंताओं और सवालों पर देश की शीर्ष अदालत ने भी मोहर लगाई है। विपक्षी नेता खासकर धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाइयों पर रोक लगाने की गुहार लगाते रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के हितों की पूर्ति के लिये दुराग्रह से कार्रवाई करता है।

# नये आर्थिक सूरज बनने के सुखद एवं गौरवपूर्ण पल

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने रविवार की सुबह नये उगते सूरज के साथ भारत के नये आर्थिक सूरज बनने की सुखद एवं आह्लादकारी खबर दी। उन्होंने बताया कि भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब अगले ढाई से तीन वर्षों में जर्मनी को हटाकर तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकडों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और 4 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की जीडीपी बन चुके भारत ने अनेक नवीन संभावनाओं एवं उपलब्धियों को पंख लगाये हैं। निश्चित ही भारत आर्थिक क्षेत्र के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में एक महाशक्ति बन कर उभर रहा है, जो हर भारतीय के लिये गर्व एवं गौरव की बात है। सुब्रह्मण्यम ने कहा, केवल संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी ही हमसे बड़े हैं और जो योजना बनाई जा रही है, अगर हम उसी पर टिके रहते हैं, अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ाते है तो भारत शीघ्र ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में कहा था कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। आईएमएफ के मुताबिक, 2025 में अमेरिका 30,507.217 अरब डॉलर के आकार के साथ दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। वहीं, चीन 19,231.705 अरब डॉलर के साथ दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियों रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है। ग्रामीण इलाकों में खपत बढ़ने से ये विकास दर बनी रहेगी। हालांकि, ग्लोबल अनिश्चितता और ट्रेड टेंशन की वजह से इसमें थोड़ा असर पड़ सकता है।

भारत का चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से विश्व स्तर पर कई महत्वपूर्ण प्रभावों में बढ़ोतरी होगी। भारत का अंतरराष्ट्रीय मंचों जैसे जी 20 और आईएमएफ में प्रभाव बढ़ेगा। भारत में फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) में और वृद्धि होगी, क्योंकि ग्लोबल कंपनियां भारत को एक आकर्षक बाजार के रूप में देख रही हैं। इससे भारत और जापान के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदारी, जैसे चंद्रयान-5 और सैन्य सहयोग, भारत-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता को बढ़ावा मिलेगा। भारत इस उपलब्धि के बाद ग्लोबल इकोनॉमिक लीडरशिप की दिशा में और करीब आ गया है। भारत अगर 2028 तक जर्मनी को पीछे छोड़ देता है तो लीडरशिप और मजबूत होगी। भारत विश्वगुरु बनने एवं विश्व नेतृत्व करने में सक्षम होगा। भारत ने जापान को पछाड़ कर जो छलांग लगायी है, इसके पीछे जापान की अर्थव्यवस्था के सामने कई चुनौतियां रही है। आईएमएफ के अनुमान के अनुसार, 2025 में जापान की जीडीपी ग्रोथ रेट केवल 0.3 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जो भारत की 6.5 प्रतिशत की तुलना में बहुत कम है। जापान की उम्रदराज आबादी और लो बर्थ रेट ने लेबर फोर्स को सीमित कर दिया है। अमेरिका और अन्य देशों द्वारा लगाए गए टैरिफ और व्यापार नीतियों ने जापान की निर्यात-आधारित अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। जापान की अर्थव्यवस्था कई दशकों से स्थिरता के लिए संघर्ष कर रही है, जिसके कारण वह भारत जैसे तेजी से बढ़ते देशों से पिछड़ गया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने यह भी कहा कि भारत की विकास दर 2025 में 6.2 प्रतिशत और 2026 में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो कि बाकी बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में ज्यादा है। इससे स्पष्ट है कि भारत अब सिर्फ जनसंख्या में ही नहीं, अर्थव्यवस्था के मामले में भी दुनिया में सबसे आगे निकलने की रेस में है।

सशक्त एवं विकसित भारत निर्मित करने, उसे दुनिया की आर्थिक महाशक्ति बनाने और अर्थव्यवस्था की सुनहरी तस्वीर निर्मित करने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश के आर्थिक भविष्य को सुधारने पर ध्यान दिया, उनके अमृत काल का विजन तकनीक संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था का निर्माण करना है। मोदी सरकार की नियोजित एवं दूरगामी सोच का ही परिणाम है रिजर्व बैंक के पास सोने के भंडार में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में आर्थिक गतिविधियां नये शिखरों पर सवार है, क्योंकि भारत में डीमैट खाते 19 करोड़ के पार पहुंच चुके हैं। देश के कुल डीमैट खाते अब अन्य देशों की तुलना में नौवें स्थान पर हैं, जिसका मतलब है डीमैट खाते रूस, जापान, इथियोपिया, मैक्सिको जैसे देशों की आबादी से अधिक और बांग्लादेश की आबादी के करीब है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है, जिसमें 1,40,000 से अधिक पंजीकृत स्टार्टअप और हर 20 दिन में एक यूनिकॉर्न उभरता है। यूनिकॉर्न उन स्टार्टअप को कहा जाता है, जिनका मूल्यांकन एक अरब डॉलर हो जाता है। इन आर्थिक उजले आंकड़ों में जहां मोदी के विजन 'हर हाथ को काम' का संकल्प साकार होता हुआ दिखाई दे रहा है, वहीं 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर हो रहा है। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर भारत ने जापान को पीछे छोड़ चौथी अर्थ-व्यवस्था बन गयी है। भारत ने अनेक आर्थिक क्षेत्रों में नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। लेकिन भारत के सामने चुनौतियां भी नयी-नयी शक्लों में उभर रही है। नयी आर्थिक उपलब्धियों एवं फिजाओं के बीच धनाढ्य परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। पलायनवादी सोच के कगार पर खड़े राष्ट्र को बचाने के लिए राजनीतिज्ञों एवं नीति नियामकों को अपनी संकीर्ण मनोवृत्ति को त्यागना होगा। तभी समृद्ध हो या प्रतिभाशाली व्यक्ति अपने ही देश में सुख, शांति, संतुलन एवं सह-जीवन का अनुभव कर सकेगा और पलायनवादी सोच से बाहर आ सकेगा। करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे। भारत के अति समृद्धशालियों की संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। इन समृद्धशालियों से उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। तभी देश आर्थिक दृष्टि से दुनिया की महाशक्ति बनने की दिशा में तीव्रता से गति कर सकेगा। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब धनाढ्यों में एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। सदियों पहले भारत एक विकसित सभ्यता एवं सोने की चिड़िया रहा है। भारत हर दृष्टि से समृद्ध देश रहा है। अंग्रेजों की बेड़ियों में जकड़ने से पहले मध्यकालीन दौर में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी रहा। विदेशी आक्रांताओं ने देश को लूटा। इतिहास में झांकें, तो लग सकता है कि मौर्य साम्राज्य की तरह एक बार फिर भारत समृद्धि के शिखर पर आरोहण करते हुए नए आर्थिक सफर एवं दुनिया की बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होने के लिये साजो-सामान तैयार कर रहा है। मॉर्गन स्टेनली के विशेषज्ञों ने कुछ ही समय पहले कहा है कि अगले दस साल भारत के लिए कुछ वैसे ही तेज विकास का समय होगा, जैसे चीन ने 2007 से 2012 के बीच देखा। आज के भारत में राजनीतिक एकता और सैन्य सुरक्षा के साथ पूरे इलाके का एक आर्थिक तंत्र भी विकसित हो रहा है। आर्थिक समृद्धि का दौर शुरू हुआ है तो इसके बाधक तत्वों पर विचार करना ज्यादा जरूरी है। **– ललित गर्ग**

# जेल की दीवारों पर कील-कांटों से लिख दी क्रांति

(वीर सावरकर जयंती पर विशेष)

**डॉ.लोकेश कुमार**

अस्पृष्यता एक पाप है, मानवता पर एक धब्बा है और कोई भी इसे उचित नहीं ठहरा सकता । यह प्रसिद्ध पंक्ति विनायक दामोदर सावरकर की थी। वे एक स्वतंत्रता सेनानी, राजनीतिज्ञ, समाज सुधारक, वकील और हिन्दुत्व के दर्शन के सूत्रधार थे। सावरकर भारत के पहले व्यक्ति थे, जिन्होंने ब्रिटिश साम्राज्य के केन्द्र लंदन में ही उसके खिलाफ क्रांतिकारी आन्दोलन संगठित किया था। उन्होंने 1857 की क्रांति को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम बताते हुए 1907 में लगभग 1000 पृष्ठों का इतिहास लिख डाला। उन्होंने पुस्तक ' द हिस्ट्री ऑफ द वॉर ऑफ इंडिपेंडेस' लिखी थी, जिसको अंग्रेजों ने जब्त कर लिया था। कारण था कि उन्होंने ब्रिटिश सरकार की नीतियों का वर्णन किया था। उनका जन्म 28 मई, 1883 को महाराष्ट्र के नासिक के पास एक छोटे से गांव भंगूर में हुआ। वे अपने बड़े भाई गणेश सावरकर के साथ मिलकर 1904 में 'अभिनव भारत' नामक संस्था का निर्माण किया। सावरकर ने पुणे के फर्ग्यूसन कॉलेज में एक छात्र के रूप में अपनी राजनीतिक भागीदारी जारी रखी। वे कट्टरपंथी राष्ट्रवादी नेता लोकमान्य तिलक से बहुत प्रभावित थे। तिलक भी इस युवा छात्र से इतने प्रभावित थे कि उन्हें लंदन में कानून की पढ़ाई के लिए 1906 में शिवाजी छात्रवृत्ति दिलाने में सहायता की। 1905 में बंगाल विभाजन के विरोध में दशहरे के दिन सावरकर ने विदेशी वस्तुओं की होली जलाकर स्वदेशी आन्दोलन की अलख जगाई। उन्होंने स्वतंत्रता के लिए बहुत संघर्ष किया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर ने भारत को एक मजबूत और एकजुट राष्ट्र बनाने की अवधारणा दी , जिसे हिन्दुत्व की संज्ञा देने से भी पीछे नहीं हटे। उन्होंने ' अखण्ड भारत ' की अवधारणा को भी आगे बढ़ाया, जो भारत को एक साथ रखने और एकीकरण की बात करती है। उन्होंने राष्ट्रवादी विचारों को बढ़ावा देने के लिए अपनी किशोरावस्था में ही 'मित्र मेला' युवा संगठन की स्थापना की थी , इसके माध्यम से अनेक उत्साही युवाओं को जोड़ने का काम किया था। मदनलाल धींगरा और लक्ष्मण कन्हरे जैसे क्रांतिकारियों के प्रेरणा स्रोत बने, जिन्होंने विलियम कर्जन वाइली और नासिक के जिला कलेक्टर की हत्या कर भारतीयों को उनके जुल्म से आजादी दिलाई थी। लंदन में श्यामला कृष्ण वर्मा के इंडिया हाउस को उन्होंने क्रांतिकारियों के ट्रैनिंग सेंटर में तब्दील कर दिया था। 13 मार्च, 1910 को उन्हें लंदन से गिरफ्तार किया गया । उन पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने हथियारों की खरीद और वितरण किया। ब्रिटिश राज के खिलाफ युद्ध छेड़ने और देशद्रोही भाषण दिए। गिरफ्तारी के समय वे कई क्रांतिकारी ग्रंथ साथ ले जा रहे थे। जिनमें उनकी प्रतिबंधित पुस्तकें भी शामिल थीं। ब्रिटिश सरकार के पास इस बात के सबूत थे कि उन्होंने भारत में 20 ब्राउनिंग हैंडगन की तस्करी की थी, जिनमें से एक का इस्तेमाल अनंत लक्ष्मण कन्हेरे ने दिसम्बर, 1909 में नासिक जिले के कलेक्टर जैक्सन की हत्या करने में किया था। गिरफ्तारी के बाद वे फ्रांस के मर्सेल्स में जहाज से समुरद में कूद कर भाग निकले थे। इसके बाद फिर अंग्रेज सरकार ने उनको गिरफ्तार कर लिया। 7 अप्रेल, 1911 में उन्हें कुख्यात अंडमान और निकोबार द्वीप जेल ( जिसे कालापानी के नाम से भी जाना जाता है ) में दो आजीवन कारावास की सजा सुनाई । उन्होंने जेल में ही 1922 में 'इसेंशियल ऑफ हिन्दुत्व' नामक पुस्तक की रचना की। आज इसे आधुनिक हिंदुत्व का एक प्रमुख आधार माना जाता है। वे 1924 में जेल से रिहा होने के बाद शेष जीवन हिन्दू समाज को संगठित करने, महिलाओं के जीवन का उत्थान करने, अस्पृष्यता मिटाने में खपा दिया। वे हिन्दुत्व को किसी जाति और कर्मकांड में बांधने का विरोध जताते थे। उनका मानना था कि हिन्दू धर्म एक जातीय, सांस्कृतिक और राजनीतिक पहचान है। हिन्दू वे हैं, जो भारत को अपनी भूमि मानते हैं, जिसमें उनके पूर्वज रहते थे। साथ ही वह भूमि जिसे वे षुद्ध या पुण्यभूमि मानते हैं वह जिसके लिए भारत पितभूमि और पवित्र भूमि दोनों हैं। अभियान चलाया और रत्नागिरी जिले में पतित पावन मंदिर का निर्माण कराया। इसमें दलित समुदाय के लोगों सहित सभी हिन्दुओं का स्वागत किया गया। वे तर्कसगंत से पारंपरिक आडम्बरों का विरोध जताया।

## सेहत मंत्र

# अत्यधिक तनाव के कारण होता है हिस्टीरिया

यूं तो हर व्यक्ति किसी न किसी तनाव का सामना हर दिन करता है, लेकिन कुछ लोगों में तनाव इस हद तक बढ़ जाता है कि उसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। हिस्टीरिया भी इन्हीं में से एक है। यह समस्या होने पर व्यक्ति अचानक दांत भिंचने लगता है। इसके अतिरिक्त अचानक हंसना, बेहोशी, उल्टी, दम घुटना, बोलने में परेशानी, ऐंठन, जोर?जोर से चिल्लाना भी हिस्टीरिया के लक्षण हैं। यह एक मानसिक बीमारी है, जिसका सही समय पर पता लगाकर उपचार किया जाना बेहद आवश्यक है। तो चलिए विस्तार से जानते हैं इस बीमारी के बारे में? कुछ लोग हिस्टीरिया को मिर्गी ही समझ लेते हैं, जबकि यह इससे काफी अलग है। मिर्गी का दौरा कभी भी और अचानक आता है, जिसमें व्यक्ति को कुछ भी सोचने?समझने का अवसर नहीं मिलता। जबकि हिस्टीरिया रोग में ऐसा नहीं होता। इसमें रोगी को पहले से ही इसका आभास हो जाता है। हिस्टीरिया एक मानसिक समस्या है, जिसके पीछे का मुख्य कारण तनाव तो है ही, साथ ही कोई गंभीर सदमा लगना, अपनी फीलिंग को दबाना, हादसा, दांपत्य जीवन में परेशानी व आर्थिक कारण इस बीमारी की वजह बनती है। यूं तो यह मानसिक समस्या किसी भी व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन महिलाएं इससे अधिक प्रभावित होती हैं। दरअसल, उम्र के विभिन्न दौर में न सिर्फ स्त्रियों में हार्मोनल बदलाव होते हैं, बल्कि विवाह के बाद नए घर में जाने के बाद या फिर वैवाहिक जीवन में परेशानी के कारण भी महिला इस रोग से ग्रस्त होती है। इसके अतिरिक्त अधिकतर मामलों में देखने में आता है कि महिला अपने मन की बात या परेशानी किसी से शेयर नहीं करती, जिससे मन ही मन उसका तनाव बढ़ने लगता है और फिर वह हिस्टीरिया के रूप में सामने आता है। इसके इलाज के लिए किसी अच्छे मनोचिकित्सक की मदद लेनी चाहिए। वैसे इसके अतिरिक्त कुछ उपायों के जरिए भी स्थिति को नियंत्रित किया जा सकता है। जैसे स्थिति बिगड़ने पर प्रभावित व्यक्ति को हवादार स्थान पर लेटाएं और उसके कपड़े ढीले रखें। इस दौरान मरीज के हाथ?पैरों की मालिश करें और पैरों को उपर ही रखें ताकि शरीर में रक्त का प्रवाह सही रहे। इसके अतिरिक्त जो भी व्यक्ति इस बीमारी से पीड़ित हो, उसे अपने तनाव को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए। इसके लिए योग व मेडिटेशन आदि का सहारा लिया जा सकता है। वहीं काउंसिलिंग भी तनाव को कम करने में प्रभावशाली है।

## धर्म मंत्र

# मध्य प्रदेश का प्रमुख चमत्कारी मंदिर जहां दो हजार वर्षों से जल रही अखंड ज्योति

मध्यप्रदेश में पग-पग पर कई धार्मिक मान्यताएं एवं चमत्कार समेटे मंदिर है। भारत देश के हृदय मध्य प्रदेश में कई ऐसे मंदिर है जो चमत्कारों से भरे हुए है जहां कई मान्यताएं भी है। आज हम आपको मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले के बीजा नगरी स्थित माँ हरसिद्धि के चमत्कारी मंदिर के बारे में बताने जा रहा है। माँ हरसिद्धि का यह मंदिर मध्यप्रदेश के प्रमुख चमत्कारी मंदिरों में से एक है। यहां लगभग 2 हजार वर्षो से अखंड ज्योत जल रही है। यहां विराजित माँ हरसिद्धि दिन भर में तीन रूप में दिखाई देती है। मंदिर का निर्माण उज्जैन के राजा विक्रमादित्य के भांजे वियजसिंह ने करवाया था। यहां नवरात्रि में भक्तों का सैलाब उमड़ा है एवं मन्नत धारियों का ताता लगता है। 2 हजार वर्ष से जल रही है अखंड ज्योति, हवा से भी नही बुझती-

मध्यप्रदेश के आगर मालवा जिले से लगभग 20 किलोमिटर दूर बीजा नगरी स्थित मां हरसिद्धि मंदिर चमत्कारिक होने का सबसे बड़ा जीता जागता उदाहरण यहां की वर्षो पुरानी अखंड ज्योति है। बताया जाता है यहां 2 हजार वर्षो से यहां अखंड ज्योति जल रही हैं जो हवा चलने पर भी नही बुझती है। जिसके दर्शन मात्र से ही कई रोग और कष्ट दूर हो जाते है। माँ हरसिद्धि मंदिर की ख्याती पुरे प्रदेश में फैली हुई है। यहां कई बड़ी राजनितिक हस्तीयां मत्था टेक चुकी है। राजा को सपने में दिया था दर्शन, मंदिर का दरवाजा अपने आप हो गया था पश्चिम में-

माँ हरसिद्धि मंदिर से जुड़ी कई मान्यताएं एवं इतिहास है।

## पर्यटन



# प्रकृति से जोड़ने के लिए बच्चों को कराएं हिल स्टेशन की सैर

गर्मी की छुट्टियां शुरू हो चुकी है, ऐसे में जाहिर है कि आप बच्चों को कहीं बाहर ले जानी की प्लानिंग कर रहे होंगे, लेकिन शहर के बच्चों को छुट्टियों में सिर्फ वॉटर पार्क और रिसॉर्ट तक ही सीमित न रखें, बल्कि कुदरत के करीब लाने के लिए उन्हें हिल स्टेशन की सैर कराएं। बच्चों को आप इन खूबसूरत हिल स्टेशन की सैर करा सकती हैं, जहां के खूबसूरत नज़ारे और सुहाना मौसम चिलचिलाती धूप से आप दोनों को राहत देगी। मनाली- पहाड़ों के बीच में बसा हिमाचल प्रदेश का खूबसूरत शहर मनाली अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए मशहूर है। देश ही नहीं दुनिया भर से लोग यहां छुट्टियां बिताने आते हैं। मनाली के खूबसूरत हरे-भरे नज़ारे, ऊंचे-ऊंचे पहाड़ यकीनन आपके बच्चों को प्रकृति से जोड़ेंगे। दिल्ली से मनाली की दूरी सिर्फ 600 किलोमीटर है। यहां आप स्कीइंग, ट्रैकिंग और राफ्टिंग का भी मज़ा ले सकते हैं। मनाली से थोड़ी दूरी पर स्थित रोहतांग पास भी लोगों के आकर्षण का केंद्र है। शिमला- हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला बहुत मशहूर हिल स्टेशन है। खासतौर पर कपल्स के बीच यह बहुत पॉप्युलर हैं। यहां आप खूबसूरत कुदरती नज़ारों के साथ ही टॉय ट्रेन का भी मज़ा ले सकते हैं। ऊंचे पहाड़, चारों तरफ फैली हरियाली और सुहाना मौसम गर्मियों की छुट्टियां बिताने के लिए यह परफ़ेक्ट जगह है। नैनीताल- उत्तराखंड का खूबसूरत शहर नैनीताल भी गर्मियों में पर्यटकों को अपनी ओर खींचता है। तीन ओर से घने पेड़ों की छाया में ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच स्थित नैनीताल समुद्रतल से 1938 मीटर की ऊंचाई पर बसा है। कुदरती नजारों के साथ ही यह झीलों के लिए मशहूर है। कहा जाता है कि कभी यहां 60 से ज्यादा झीलें हुआ करती थीं। यहां आने के लिए नज़दीकी रेलवे स्टेशन काठगोदाम में है। मसूरी- उत्तराखंड में बसे मसूरी को पहाड़ों की रानी भी कहा जाता है। मसूरी का कैंप्टी फॉल, लेक मिस्ट, संतरा देवी मंदिर, म्युनिसिपल गार्डन, चाइल्डर्स लॉज, गन हिल, मसूरी झील आदि सैलानियों के बीच बहुत मशहूर है। मसूरी की प्राकृतिक सुंदरता यकीनन आपका भी मन मोह लेगी।

# नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का गोप ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।तहसील क्षेत्र के कटका गांव में बृजेश अंकुल द्वारा आयोजित नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद कुमार सिंह गोप ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया साट लगा कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया ।रविवार की देर रात समापन हुआ। टूर्नामेंट में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें मरकामऊ, किन्तूर, कटका और सहादतगंज की टीमें शामिल थीं।फाइनल मुकाबला बेस्ट ऑफ थ्री के आधार पर जीबी स्पोर्टिंग क्लब सहादतगंज और मरकामऊ के बीच खेला गया। मरकामऊ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पहला सेट 25-21 और दूसरा सेट 25-19 से जीतकर मैच में क्लीन स्वीप किया।



विजेता मरकामऊ टीम को आयोजन कमेटी ने शील्ड देकर सम्मानित किया। मरकामऊ के कप्तान बलराम मौर्य ने कहा कि उनकी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अमन बाबा समेत आयोजन कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जुआ खेल के विवाद में चौथी मंजिल से युवक को फेंका, दर्दनाक मौत

## हाल-ए-शहर बाराबंकी : तीसरे आरोपी को बचाना चाहती पुलिस जाम प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। कोतवाली क्षेत्र में परवान चढी अपराधिक गतिविधियों का जीता जागता प्रमाण शहर कोतवाली से चंद कदम की दूरी पर देखने को मिला। अपराधियों से पुलिस की साठगांठ का खामी आज सैकड़ो राहगीरों को चुकता करना पड़ा, जब पीड़ितों ने राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन किया। मालूम हो कि कांशीराम कालोनी में सोमवार की रात जुआं खेल के दौरान रूपयों को लेकर विवाद इस हद बढ़ा कि एक युवक को चौथी मंजिल से नीचें फेंक दिया गया। जिसकी डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में इलाज दौरान मौत हो गई। कोतवाली नगर पुलिस ने तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एक अन्य आरोपी का नाम एफआईआर में दर्ज न करने से नाराज परिजनों व बाशिंदों ने कोतवाली के सामने हाईवे जाम कर प्रदर्शन किया। कोतवाली नगर के आवास विकास कालोनी स्थित कांशीराम कालोनी निवासी ई-रिक्शा चालक राकेश कुमार गुप्ता का 24 वर्षीय पुत्र मोनू गुप्ता आटो चलाता था। पिता राकेश ने बताया कि 26 मई की रात करीब 10 बजे मोनू को बस अड्डा के पास रहने वाला सद्दाम छत पर पार्टी करने के बहाने ले गया, जहां सद्दाम का भाई मेहताब और कालोनी का ही निहाल सहित टेनी व शाकिब मौजूद थे। वहां नशे में हुए विवाद के दौरान निहाल व मेहताब ने मोनू को उठाकर चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। आनन-फानन मोनू को जिला अस्पताल लाया गया, जहां से उसे राम मनोहर लोहिया रेफर किया गया। लोहिया अस्पताल में उपचार के दौरान मोनू ने दम तोड़ दिया। मामले में देर रात पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली नगर में आरोपितों पर हत्या का मुकदमा लिखा गया। पुलिस ने नीचे फेंकने के आरोपित निहाल व मेहताब को गिरफ्तार भी कर लिया है। मंगलवार सुबह मृतक के परिवार की महिलाओं ने पुलिस की कार्यवाही से असंतुष्ट होकर सपा नेता पूनम गिहार के नेतृत्व में कोतवाली नगर के सामने हाईवे जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी पुलिस पर सद्दाम को बचाने का आरोप लगा रहे थे। पुलिस के समझाने पर प्रदर्शन समाप्त हुआ। लखनऊ में पोस्टमार्टम के बाद शव मंगलवार शाम को लाया गया। नगर कोतवाल आरके राना ने बताया कि मुकदमा लिखकर दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है। साक्ष्य के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पानी की टंकी में डूबा मासूम मौत



**बाराबंकी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामसनेहीघाट तहसील व थाना क्षेत्र के गांव पूरे लोधे सिंह मजरे मेडुवा में ट्यूबेल पर नहाते समय 5 वर्षीय आर्यन यादव पुत्र स्वर्गीय राम अधीन यादव की प टंकी में डूबने से मौत हुई।मां सरोज कुमारी, चाचा हनुमान यादव और अन्य परिजनों ने गांव के लोगों की सहमति से पंचनामा कर अंतिम संस्कार किया गया।इस घटना से परिवार और गांव में शोक की लहर है।

### बरगदाही अमावस का पर्व मनाया गया

**मसौली,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सावित्री (बरगदाही अमावस) का पर्व सोमवार को श्रद्धा के साथ मनाया गया। ग्रामीण इलाकों में सुहागिन महिलाओं ने बरगद के पेड़ पर धागा बांधकर विधिवत पूजा की। क्षेत्र में सुबह होते ही महिलाएं अपने साथ पूजन सामग्री लेकर जिन स्थानों पर बरगद का पेड़ था, वहां पहुंच गईं। यहां महिलाओं ने विधिवत बरगद के चारो ओर धागा बांधा और मन्नतें मांगीं। महिलाओं ने पति और बच्चों की दीर्घायु की कामना की। इस दौरान सुहागिनों ने खरबूजा, आम, सुराही व श्रृंगार से जुड़े सामान चढ़ाए तथा पेड़ में धागा बांधकर अपने पति की दीर्घायु के साथ ही परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पति की लम्बी उम्र के लिए निर्जला व्रत रख कर सावित्री, सत्यवान, यमराज के साथ वट वृक्ष की पूजा की इसके बाद सत्यवान सावित्री की कथा सुनाई गई। ऐसी मान्यता है कि इसी दिन सावित्री ने अपने कठिन तप के बल से यमराज से अपने पति सत्यवान के प्राणों की रक्षा की थी। क्षेत्र के कस्बा मसौली , बड़ागाँव, बांसा, सफदरगंज, उधौली सहित ग्रामीण अंचलों में सुहागिनों ने पति की लम्बी उम्र की कामना की। सुहागिनों ने वटवृक्ष की पूजा आस्था और विश्वास के साथ सावित्री वट पूजा महिलाओं ने पूरी की है। मंदिरों में वटवृक्ष के नीचे महिलाओं ने पूजा अर्चना की इस दौरान पंडितो द्वारा कहे गए वैदिक मंत्र उच्चारण से पूरा वातावरण भक्तिमय रहा।

### समर कैंप में बताया साइबर अपराध बचाव के गुर

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के जनता इंटर कॉलेज बदोसराय में चल रहे समर कैंप में पुलिस विभाग की टीम ने बच्चों को साइबर अपराध से बचाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित किया गया।पुलिस टीम ने बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षा के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे अपनी व्यक्तिगत जानकारी को सुरक्षित रखा जाए। साथ ही ऑनलाइन व्यवहार में क्या सावधानियां बरतनी चाहिए। बच्चों ने भी इस दौरान कई सवाल पूछे, जिनका संतोषजनक जवाब पुलिस टीम ने दिया।कार्यक्रम में सीनियर सब इंस्पेक्टर जय प्रकाश यादव का नेतृत्व रहा। टीम में महिला हेड कॉन्स्टेबल पूजा रानी पटेल, कॉन्स्टेबल रविशंकर सरोज, महिला कॉन्स्टेबल आकांक्षा यादव और सिंधू सिंह शामिल थे। विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य राम किशुन के साथ अध्यापक अभिषेक श्रीवास्तव, उधम सिंह और आशुतोष यादव भी मौजूद रहे।

### हादसे में व्यवसायी की मौत

**मसौली बाराबंकी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम सादामऊ निवासी 27 वर्षीय उपेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र स्व. अमर सिंह गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित पशु बाजार के निकट पेस्टिसाइड की दुकान का संचालन करते हैं।मंगलवार को बड़ागांव निवासी लालजी पुत्र राजाराम के साथ कस्बा मसौली हनुमान जी मूर्ति लेकर मसौली चौराहे की ओर वापस लौट रहे थे कि एक बंद पड़े भट्ठे के निकट तेज रफ्तार मे आ रही असुंतलित सकार्पियों ने बाइक को टक्कर मारते हुए गहरी खाई मे चली गयी दुर्घटना मे बाईक सवार दोनो लोग घायल हो गये जिन्हे एम्बूलैंस से घायलों को सीएचसी बड़ागांव लेकर गये जहां उपेंद्र कुमार वर्मा को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।वही सकार्पियों सवार वाहन छोड़ फरार हो गये जिसे पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया है।

### दिव्यांग जागरूकता शिविर, चयन

**मसौली बाराबंकी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** ब्लाक सभागार में मंगलवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण अभियान के तहत दिव्यांग जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के विभिन्न गावों के दिव्यांगों ने भाग लिया। अभियान मे विभिन्न उपकरणो के लिए 49 लोगो का चयन किया गया है। इस मौक़ेपर दिव्यांग जन लालू प्रसाद, समर सिंह, साकिर अली आदि लोग मौजूद रहे।

### दवा की दुकानों पर निरीक्षक का छापा

**बाराबंकी,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** रामसनेहीघाट तहसील क्षेत्र के कोटवा सड़क मार्केट में ड्रग इंस्पेक्टर सीमा सिंह ने अतुल फार्मा एजेंसी का निरीक्षण कर ऐविल इंजेक्शन की जांच पड़ताल की । उन्होंने बताया कि ऐविल इंजेक्शन को लेकर निगरानी रखी जा रही है। इसका दुरुपयोग हो रहा है और कुछ लोग नशे के लिए इस्तेमाल करते हैं। इस इंजेक्शन के इस्तेमाल से एक वायरस शरीर में पैदा हो सकता है,जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। दुकानों पर ऐबील इंजेक्शन की उपलब्धता और इस्तेमाल की जांच की। निगम के दुकान में भारी मात्रा में नहीं था।पूरे जनपद में अभियान चलता रहेगा।

# चार गांवों में मनरेगा कार्यों की जांच

## उपायुक्त ने किया स्थलीय निरीक्षण, मनरेगा में ग़ड़बड़ी पर कार्रवाई के दिए संकेत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। विकासखंड सिद्धौर क्षेत्र की चार ग्राम पंचायतों में मनरेगा से कराए गए कार्यों के भुगतान में अनियमितता की शिकायतों पर मनरेगा सेल सक्रिय हो गया है। सोमवार को मनरेगा उपयुक्त दीनदयाल ने अपनी टीम के साथ संबंधित गांवों का स्थलीय निरीक्षण किया और कार्यों की हकीकत जानी।ग्राम पंचायत सांगोर के प्रधान शाहिद खान, सरायपुरखू, हाजीपुर श्यामनगर और बाम्हौरालोधी के प्रधानों ने मनरेगा से कराए गए आश्रय स्थल निर्माण कार्य का भुगतान न होने की शिकायत की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त मनरेगा ने टीम सहित इन गांवों का दौरा किया।निरीक्षण के दौरान सरायपुरखू गांव का आश्रय स्थल बंद मिला। यह आश्रय स्थल पिछले तीन वर्षों से बंद पड़ा है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जब गौशाला की स्थिति देखी तो हैरानी जताई कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद यह केंद्र अनुपयोगी पड़ा है। ग्राम पंचायत सचिव पुनीत कुमार व प्रधान रज़ाकल ने बताया कि रारी नदी के किनारे स्थित होने के कारण वर्षा ॠतु में नदी का पानी आश्रय स्थल में भर जाता है, जिससे इसका संचालन बाधित होता है। इसी वजह से यह बंद कर दिया गया था।इसके बाद हाजीपुर श्यामनगर व बाम्हौरालोधी में भी कराए गए कार्यों की जांच की गई। निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने सभी संबंधित ग्राम प्रधानों से उनके बयान दर्ज किए। ग्राम प्रधानों ने बताया कि उन्होंने लगभग आठ माह पूर्व मनरेगा सेल में भुगतान न होने की शिकायत की थी, लेकिन अब अधिकांश भुगतान हो चुका है और वे संतुष्ट हैं।निरीक्षण टीम में ग्राम पंचायत सचिव अमित कुमार, पुनीत कुमार, संजय चौधरी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता एवं समयावधि को ध्यान में रखना जरूरी : अनुराग सिंह

## जनता दर्शन के दौरान फरियादियों को सुनने के दौरान मातहतों को दिए दिशा निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामसनेहीघाट, बाराबंकी। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और समयबद्धता अत्यंत आवश्यक है यह बात उपजिलाधिकारी अनुराग सिंह ने सोमवार को जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान स्पष्ट शब्दों में कही। उन्होंने तहसील परिसर में आयोजित जनदर्शन के अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं और उनके तत्काल समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया।उपजिलाधिकारी श्री अनुराग सिंह ने कहा कि पोर्टल पर प्राप्त होने वाले जनशिकायतों एवं प्रार्थना पत्रों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा के भीतर किया जाना चाहिए, साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि समाधान गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक हो। यदि किसी स्तर पर लापरवाही अथवा उदासीनता पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों व अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करें और फीडबैक सिस्टम को भी मजबूत करें, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि समाधान से जनता संतुष्ट है या नहीं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन का उद्देश्य जनविश्वास को बनाए रखना है, और इसके लिए पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को हर स्तर पर अपनाना आवश्यक है।जनदर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व अभिलेखों में त्रुटियाँ, पेंशन से संबंधित शिकायतें, बिजली व जल आपूर्ति की समस्याएं, और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़े मामलों पर लोगों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। अधिकांश मामलों में उपजिलाधिकारी ने मौके पर ही निर्णय लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए। इस दौरान राजस्व विभाग, नगर पंचायत, वन विभाग, पुलिस विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपजिलाधिकारी ने अंत में पुनः सभी अधिकारियों से अपील की कि वे पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समाधान करें ताकि प्रशासन और जनता के बीच विश्वास बना रहे।

## हफ्ते भर में तीन किशोरी अपहृत, पुलिस खाली हाथ

बाराबंकी। एक सप्ताह भीतर तीन बालिकाओं के अपहरण से नगर कोतवाली पुलिस की नींद हराम हुई है। परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस सर्विलांस की मदद से अपहृत बालिकाओं की खोज में जुटी है। लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ सफलता नहीं लगी है। कोतवाली नगर में एक महिला ने तहरीर दी थी जिसमें उसने बताया कि उसकी 13 वर्षीय पौत्री 19 मई की सुबह स्कूल ड्रेस में बैग लेकर स्कूल के लिए घर से निकली थी, जिसके बाद से वह लापता है। वहीं नगर के एक मुहल्ला निवासी महिला के अनुसार उसकी 12 वर्षीय पुत्री 25 मई को रात में दो बजे घर से कही चली गई है। परिवारजन ने आशंका जताई है कि अर्शलान ही उसका अपहरण कर ले गया है।किशोरी घर से पांच लाख रुपये भी ले गई है। तीसरे मामले में मूल रूप से देवा अंतर्गत रहने वाली महिला परिवार के साथ शहर के एक मुहल्ले में रहती हैं। तीनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर नगर कोतवाल पुलिस सर्विलांस की मदद से अपहृता के साथ अपहरणकर्ता की तलाश में लगी है।

# हनुमान गुणगान से गुंजाएमान हुए गली-मोहल्ले

## ज्येष्ठ मास के तीसरे मंगलवार पर जगह-जगह प्याऊ लगाए गए, भव्य भंडारा का आयोजन किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। सादुल्लापुर मजरे मवैया गांव के ग्रामीणों ने बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग पर भंडारा का आयोजन किया जिसमें सिद्धौर की ब्लाक प्रमुख आरती रावत ने पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद भंडारा की शुरुआत कराई भंडारे में पूरी सब्जी और शरबत का वितरण किया गया गांव के निवासी मंसा राम सुधीर कुमार राजेश कुमार सहित अन्य ग्रामीण ने भंडारा का आयोजन किया इसके अलावा उस्मानपुर गांव में विनोद वर्मा द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूरी सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरण किया गया इसके अलावा आपको थी लाखूपुर कैसरगंज सिद्धौर रसूलपुर बीबीपुर संहिता स्थान पर



भी भंडारों का आयोजन किया गया सादुल्लापुर मजरे मवैया गांव के ग्रामीणों ने बाराबंकी हैदरगढ़ मार्ग पर भंडारा का आयोजन किया जिसमें सिद्धौर ब्लाक प्रमुख आरती रावत ने पहुंचकर पूजा अर्चना के बाद भंडारा की शुरुआत कराई भंडारे में पूरी सब्जी और शरबत का वितरण किया गया गांव के निवासी मंसाराम सुधीर कुमार राजेश कुमार सहित अन्य ग्रामीण ने भंडारा का आयोजन किया इसके अलावा उस्मानपुर गांव में विनोद कुमार वर्मा द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें पूरी सब्जी और बूंदी का प्रसाद वितरण किया गयावही भंडारे में शामिल होने पहुंचे पत्रकार राम इकबाल वर्मा पत्रकार श्रवण चौहान पत्रकार शेर बहादुर शेर राम विनय वर्मा पत्रकार शिव शंकर किसान नेता राजेश कुमार वर्मा व समाजसेवी प्रकाश राजकोठी थाने में तैनात उप निरीक्षक विजय कुमार दीवान राजकुमार यादव इसके अलावा लाखूपुर कैसरगंज सिद्धौर रसूलपुर बीबीपुर संहिता स्थान पर भी भंडारों का आयोजन किया गया।

## पीस कमेटी की बैठक में आवश्यक दिशा निर्देश, अपील

मसौली बाराबंकी। मंगलवार को थाना मसौली में बकरीद के मौके पर बुलायी गयी शान्ति समिति की बैठक में प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने लोगो से आपसी मेल-मिलाप से त्यौहार मनाने की अपील करते हुए कहा सामूहिक रूप से मदरसो में होने वाली कुर्बानियों को लेकर पहले से ही गड्ढा खुदवा ले जिससे क़ुरबानी का खून नालियों में न जाय जिसके लिए ग्राम प्रधानों से सहयोग की अपील की। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने मुस्लिम समाज से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कुर्बानी किए गये मांस को किसी बर्तन में या थैले में रखकर एवं ढंककर ही ले जाएं। जिससे किसी को कोई दिक्कत न हो। प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र कस्बा सहादतगंज, अनूपगंज, मसौली, बांसा, सहाबपुर, के मदरसो में होने वाली सामूहिक कुर्बानियों की जानकारी लेते हुए गन्दगी को मिट्टी में बन्द करवाने के निर्देश दिये क्योकि गन्दगी फैलने से संक्रामक रोग फैलने की आशंका बनी रहती है।

# अखंड सौभाग्य मुराद, निर्जला व्रत रख सुहागिनों ने की वटवृक्ष पूजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद भर में सोमवार को वट सावित्री व्रत श्रद्धापूर्वक पूर्ण किया गया।सुहागिन महिलाओं ने शुभ मुहूर्त में वटवृक्ष की पूजा कर अपने पतिदेव की लंबी उम्र और दांपत्य सुख-शांति की कामना की।रामनगरः सूरतगंज त्रिलोकपुर गणेशपुर आदि कस्बों सहित बुढ़वल महादेवा सिलौटा लोहटी आदि ग्रामों में फल फूल मिष्ठान मालपुआ व अन्य सामग्री से वट वृक्ष की पूजा कर परिक्रमा की गई।



जैदपुरः कस्बा जैदपुर क्षेत्र मे सोमवार को सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र एवं अपने अपने परिवार की आर्थिक सुख समृद्धि की कामना को लेकर निर्जला व्रत रखकर वटवृक्ष ( बरगद ) की पूजा अर्चना की । इस दौरान क्षेत्र के समस्त वटवृक्ष के समीप भरी संख्या में महिलाओं ने हलवा , पूड़ी , गुलगुला खरबूजा , आम सेब केला एवं पुष्प आदि के साथ वट वृक्षफल ( बरगद ) की पूजा आरती की रहा कच्चे धागे के साथ वटवृक्ष के फ़ेरे लिए।

सनातन धर्म में पेड़ों, नदियों और पहाड़ों की पूजा करना प्राचीन परंपरा रही है । वट सावित्री व्रत पूजा भी इसी के अंतर्गत आती है जहां सुहागिन महिलाएं पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं इस दिन महिलाएं पति के लिए दीर्घायु और सुखी वैवाहिक जीवन के लिए निर्जला उपवास रखती है । अखंड सौभाग्य के लिए महिलाएं रखती हैं व्रत, प्रत्येक वर्ष ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि के दिन यह व्रत रखा जाता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करती हैं । पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, यमराज से लड़कर सावित्री ने पति की जान बचाई थी । ऐसा कहा जाता है कि सावित्री ने यमराज से लड़कर अपने कठिन तपस्या से अपने पति सत्यवान के प्राण वापस लाई थी । इसी प्रेरणा से वट सावित्री व्रत रखा जाता है। और सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूजा करती हैं ताकि महिलाओं का सुहाग बना रहे ।

सुहागिन महिलाओं का कहना है कि आज के दिन सावित्री ने यमराज से अपने पति के लिए कठिन तपस्या कर अपने पति सत्यवान का प्राण वापस लाई थी. तभी से सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी क्षेत्र में वट सावित्री पूजा को लेकर धूम है।

# समर कैंप बना ज्ञान, अनुशासन और रचनात्मकता का केंद्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत जनपद बाराबंकी के सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं इच्छुक अशासकीय सहायता प्राप्त एवं वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 के विद्यार्थियों के लिए आज का दिन प्रशासनिक जानकारी, साइबर सुरक्षा एवं संवादात्मक गतिविधियों पर केंद्रित रहा।

प्रारंभ में विद्यार्थियों ने प्रतिदिन की भांति आधा घंटे का योग एवं व्यायाम किया, जिसमें शरीर को सक्रिय रखने हेतु विविध योगाभ्यास और साँस संबंधित क्रियाएं सम्मिलित रहीं। इसके पश्चात विद्यालयों में निकटवर्ती बैंक, पोस्ट ऑफिस, तहसील एवं थाना अधिकारियों को आमंत्रित किया गया। इन अधिकारियों ने विद्यार्थियों को प्रत्येक विभाग की कार्यप्रणाली, सरकारी सेवाओं की पहुँच, तथा नागरिक कर्तव्यों और अधिकारों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

विशेषरूप से प्रार्थना पत्र की ड्राफ्टिंग (लेखन कला) का अभ्यास कराया गया, जिसमें छात्रों ने बैंक, तहसील, थाना व अन्य संस्थाओं को संबोधित कर प्रायोगिक पत्र लेखन सीखा। इससे उनकी प्रशासनिक भाषा एवं संवाद क्षमता में वृद्धि हुई।

### प्रमुख चर्चित बिंदु रहे

बैंकिंग सिस्टम में खाता खोलने की प्रक्रिया, डिजिटल बैंकिंग, ठग्क्रव धोखाधड़ी से बचाव
डाक विभाग की सेवाएं, पत्र व्यवहार, स्पीड पोस्ट व ऑनलाइन ट्रैकिंग
तहसील स्तर पर आय, जाति, निवास प्रमाणपत्र हेतु आवेदन की प्रक्रिया
थाना व पुलिस व्यवस्था में एफआईआर, हेल्पलाइन, साइबर अपराध की रिपोर्टिंग

साइबर सुरक्षा सत्र के अंतर्गत छात्रों को सोशल मीडिया पर सुरक्षित व्यवहार, पासवर्ड सुरक्षा, फिशिंग से बचाव और ऑनलाइन फ्रॉड की रिपोर्टिंग प्रक्रिया पर जानकारी दी गई। सत्र का अंतिम भाग अत्यंत रोचक रहा, जहाँ ''आईस ब्रेकर गेम - मैं कौन हूँ?'' के माध्यम से छात्रों को परस्पर संवाद, टीम भावना और रचनात्मक सोच को बढ़ावा दिया गया। इस गतिविधि में छात्रों ने विभिन्न व्यक्तित्वों, पेशों या वस्तुओं की भूमिका निभाते हुए अपने साथियों से उत्तर दिलवाए।



जिला विद्यालय निरीक्षक श्री ओ.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में समर कैंप का संचालन किया गया। श्री त्रिपाठी ने कैंप स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की और शिक्षकों व छात्रों को निरंतर उत्कृष्टता के लिए प्रेरित किया। श्री त्रिपाठी ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं, बल्कि व्यवहारिक जीवन के लिए आवश्यक प्रशासनिक व सामाजिक समझ विकसित करना भी है।''

जिला समन्वयक समग्र शिक्षा (मा0) श्री अखिलेन्द्र सिंह ने लगातार भ्रमणशील रहते हुए विद्यालयों में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की और कहाः साइबर जागरूकता और सिविक एजुकेशन आज के समय की मांग है। हम छात्रों को इन विषयों से जोड़कर उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार कर रहे हैं। बाराबंकी का समर कैंप निरंतर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर है, जहाँ शिक्षा के साथ प्रशासनिक समझ, रचनात्मकता और आत्म-विश्वास को समान महत्व दिया जा रहा है।

# बीसीसीआई ने तीनों सेनाओं के प्रमुखों को आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया

एजेंसी


नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को कहा कि उसने अहमदाबाद में तीन जून को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग फाइनल के लिए तीनों सेना के प्रमुखों को आमंत्रित किया है। टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान हाल में हुए ऑपरेशन सिंदूर में उनके 'वीरतापूर्ण प्रयासों' को सलामी दी जाएगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक मीडिया बयान में यह घोषणा की। सैकिया ने मंगलवार को कहा, ''हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए सभी भारतीय सशस्त्र बलों के प्रमुखों, शीर्ष अधिकारियों और सैनिकों को अहमदाबाद में आईपीएल फाइनल के लिए आमंत्रित किया है। सैकिया ने कहा कि बीसीसीआई देश के सशस्त्र बलों की 'वीरता, साहस और निस्वार्थ सेवा' को सलाम करता है। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर के तहत वीरतापूर्ण प्रयासों' की सराहना की जिसने राष्ट्र की रक्षा की और उसे प्रेरित किया। सैकिया ने कहा, ''उनकी सराहना के तौर पर हमने समापन समारोह को सशस्त्र बलों को समर्पित करने और अपने नायकों को सम्मानित करने का फैसला किया है। जबकि क्रिकेट एक राष्ट्रीय जुनून बना हुआ है लेकिन हमारे देश और इसकी संप्रभुता, अखंडता और सुरक्षा से बड़ा कुछ भी नहीं है। जनरल उपेंद्र द्विवेदी थल सेना प्रमुख हैं जबकि एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी नौसेना प्रमुख हैं। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह वायुसेना प्रमुख हैं। पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले में 26 लोगों की पाकिस्तान समर्थित आतंकियों द्वारा हत्या के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। आतंकी हमले में मारे गए अधिकतर लोग पर्यटक थे।




# आईपीएल 2025: जोश हेजलवुड बने आरसीबी के जसप्रीत बुमराह

एजेंसी

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए जोश हेजलवुड उसी तरह अहम बन चुके हैं जैसे जसप्रीत बुमराह मुंबई इंडियंस और टीम इंडिया के लिए हैं। अपनी सटीक गेंदबाजी से हेजलवुड ने आरसीबी की गेंदबाजी इकाई को मजबूती दी है और अब लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अहम मुकाबले में उनसे बड़ी उम्मीदें होंगी। ऑस्ट्रेलियाई पेसर हेजलवुड ने इस सीजन पावरप्ले में 7 विकेट और डेथ ओवर्स (आखिरी 4 ओवर) में 6 विकेट चटकाए हैं। उनका इकॉनमी रेट क्रमशः 7.22 और 9.04 रहा है, जो इस फ़ेज में किसी भी गेंदबाज के लिए शानदार माना जाता है। खास बात ये है कि हेजलवुड ने पावरप्ले में अपनी टीम के कुल रन का सिर्फ 26.86 प्रतिशत ही खर्च किया, जबकि वह हर मैच में कम से कम दो ओवर इस फ़ेज में जरूर डालते हैं। मंगलवार को इकाना स्टेडियम में जब आरसीबी का सामना एलएसजी से होगा, तो हेजलवुड की वापसी टीम के लिए राहत लेकर आएगी। अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ जबरदस्त बल्लेबाज़ी करने वाली एलएसजी की टीम को रोकने के लिए आरसीबी को अपने इस स्टार तेज़ गेंदबाज़ से शुरुआती विकेट की दरकार होगी। सीज़न के सस्पेंड होने से पहले हेजलवुड ने पावरप्ले में सबसे ज़्यादा 6 विकेट अपने पहले ही ओवर में चटकाए थे। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 42 रन की हार के बाद इंग्लिश बल्लेबाज फिल सॉल्ट ने माना कि आरसीबी जीत के करीब थी। उन्होंने कहा, हमने लक्ष्य का पीछा करने में कई अच्छी चीजें कीं। ज़्यादातर समय मार्जिन बहुत बारीक थे। लेकिन आज गलती की कोई गुंजाइश नहीं थी। आरसीबी के लिए ये मुकाबला प्लेऑफ की तैयारी और टॉप-2 में पहुंचने की उम्मीद को ज़िंदा रखने का मौका है। इसके लिए टीम को मंगलवार को हर मोर्चे पर सटीक रणनीति के साथ उतरना होगा और हेजलवुड की भूमिका एक बार फिर से निर्णायक होगी।




# संक्षिप्त समाचार

## एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर की दौड़ में जीता स्वर्ण

**नई दिल्ली।** एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत को पहला स्वर्ण पदक मिल गया है। यह कारनामा किया देश के दिग्गज धावक गुलवीर सिंह ने, जिन्होंने पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पर कब्जा जमाया। गुलवीर ने 28:38.63 का समय निकालते हुए यह जीत हासिल की। शुरुआती दौर में वह पांच धावकों के अग्रिम समूह में बने रहे और आखिरी लैप में स्पीड बढ़ाते हुए बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप को पीछे छोड़ते हुए आरामदायक बढ़त के साथ फिनिश लाइन पार की। इस जीत के साथ गुलवीर सिंह एशियाई चैंपियनशिप के इतिहास में भारत को पुरुषों की 10,000 मीटर में तीसरा स्वर्ण दिलाने वाले एथलीट बन गए हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि हरि चंद (1975) और जी. लक्ष्मणन (2017) ने हासिल की थी। गुलवीर के नाम पहले से ही इस स्पर्धा में 27:00.22 का राष्ट्रीय रिकॉर्ड दर्ज है। यह एशियाई चैंपियनशिप में उनका दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2023 में 5000 मीटर में कांस्य पदक जीता था। गुलवीर सिंह की यह ऐतिहासिक जीत भारत की एथलेटिक्स में बढ़ती साख का संकेत है। अब उम्मीदें उनके आगामी स्पर्धाओं में दमदार प्रदर्शन पर टिकी हैं। भारत के ही एक और धावक सावन बरवाल ने भी शानदार प्रदर्शन किया, हालांकि वह पदक से चूक गए। उन्होंने 28:50.53 के समय के साथ चौथा स्थान हासिल किया।

## सिंधू आसान जीत के साथ सिंगापुर ओपन के दूसरे दौर में

**सिंगापुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू कनाडा की वेन यू झांग को सीधे गेम में हराकर मंगलवार को सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। सिंधू ने सिर्फ 31 मिनट में 21-14, 21-9 से जीत दर्ज की। दूसरे दौर में उनका सामना दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी तोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यू फ़ेइ से होगा। भारत के प्रियांशु राजावत, किरण जॉर्ज, अनमोल खरब, मालविका बंसोड़ हालांकि पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए। मालविका को थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त सुपनिदा केटथोंग ने 14-21, 21-18, 21-11 से हराया। वहीं प्रियांशु को सातवीं वरीयता प्राप्त जापान के कोडाइ नारोका ने 14-21, 21-10, 21-14 से मात दी। अनमोल को चेन ने 21-11, 24-22 से हराया। जॉर्ज को चीन के वेंग होंग यांग ने 21-19, 21-17 से हराया। वहीं आर संतोष रामराज को पुरूष एकल के पहले मैच में दक्षिण कोरिया के किम गा युन ने 21-14, 21-8 से परास्त किया। मिश्रित युगल में भारत के ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो को चीन के चेंग शिंग और झांग चि ने 21-18, 21-13 से हराया। असिथ सूर्या और अमृता परमुथेश को जापान के युइची शिमोगामी और सायाका होबारा ने 21-11, 21-17 से हराया।

## पंजाब किंग्स से हार हमारे लिए चेतावनी की तरह है: रिकेल्टन

**जयपुर।** मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन ने स्वीकार किया कि पंजाब किंग्स से सात विकेट की हार एक चेतावनी की तरह है लेकिन उन्हें विश्वास है कि पांच बार की चैंपियन टीम में आईपीएल एलिमिनेटर जीतने के लिए जरूरी क्षमता है। मुंबई ने सोमवार को पंजाब के खिलाफ अपने अंतिम लीग मैच में हारकर शीर्ष दो में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। इस हार के बाद अब उसे गुरुवार को एलिमिनेटर में उतरना होगा, जहां उसका सामना गुजरात टाइटन्स या रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। रिकेल्टन ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ''हमें इस मैच में हार का सामना करना पड़ा। इसलिए यह हमारे लिए एक चेतावनी की तरह है। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने स्वीकार किया कि नॉकआउट से पहले मुंबई को कुछ क्षेत्रों में सुधार करना होगा। रिकेल्टन ने कहा, ''यह अंत नहीं है। ईमानदारी से कहूं तो टीम बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है, हमें सिर्फ बल्ले, गेंद और क्षेत्ररक्षण में कुछ चीजों में और बेहतर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''हमारे पास एलिमिनेटर जीतने के लिए कौशल और अच्छे खिलाड़ी हैं। हमारे खिलाड़ी निश्चित रूप से उन क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें हमें सुधार करने की जरूरत है। मुझे पूरा विश्वास है कि हम अगले मैच में दमदार प्रदर्शन करेंगे।

## शीर्ष दो में जगह बनाना अद्भुत अहसास, लेकिन हमारा लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है: शशांक सिंह

**जयपुर।** पंजाब किंग्स के बल्लेबाज शशांक सिंह ने कहा कि टीम सामूहिक प्रयास से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की अंक तालिका में शीर्ष दो में जगह बनाने में सफल रही लेकिन काम अभी पूरा नहीं हुआ है और उनका लक्ष्य ट्रॉफी जीतना है। पंजाब किंग्स ने मुंबई इंडियंस को सात विकेट से हराकर प्लेऑफ में शीर्ष दो में अपना स्थान पक्का कर लिया है जिससे उसे फाइनल में पहुंचने के लिए दो मौके मिलेंगे। यह पिछले 11 वर्षों में पहला अवसर है जबकि पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ में जगह बनाई। शशांक ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, ''यह वास्तव में अद्भुत अहसास है। सबसे अच्छी बात यह है कि हमने सामूहिक प्रयास से इसे हासिल किया। नीलामी के ठीक बाद हमने एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाया और इस साल खिताब जीतने के बारे में बात की। हमारा पहला लक्ष्य शीर्ष दो में जगह बनाना था और हमने इसे हासिल कर लिया है। इस 33 वर्षीय इस खिलाड़ी ने कहा कि विश्वास और कड़ी मेहनत ही उनके सपने को वास्तविकता में बदलने की कुंजी थी। उन्होंने कहा, ''अपनी बात को जाहिर करना अलग चीज है और उस पर विश्वास करना अलग। हमने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और इसका श्रेय पंजाब किंग्स से जुड़े हर एक व्यक्ति को जाता है। आईपीएल जैसी लीग में शीर्ष दो में रहना आसान नहीं है। शशांक ने कहा, ''शीर्ष दो में जगह बनाने से अभी काम पूरा नहीं हुआ है।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि–साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि–साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि–साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि–साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि–साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# राष्ट्रहित को राजनीतिक हितों से ऊपर रखें: धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए।

श्री धनखड़ ने मंगलवार को उपराष्ट्रपति निवास में 'राज्यसभा इंटर्नशिप कार्यक्रम ऽ चरण सात' के उद्घाटन सत्र में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश की सोच को पूरी तरह बदल दिया है। समाज पहले से कहीं अधिक राष्ट्रवादी हो गया है। सभी राजनीतिक दलों ने मिलकर विदेशों में भारत का शांति और आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज को एकजुट रहना और मजबूत बनना होगा। संस्थानों की तरह ही राजनीतिक दलों की भी राष्ट्रीय उद्देश्य के प्रति नैतिक जिम्मेदारी होती है, क्योंकि सभी संस्थाओं का केंद्र राष्ट्रीय विकास,



राष्ट्रीय कल्याण, सार्वजनिक कल्याण, पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्ठा है। राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक प्रगति जैसे विषयों पर सभी दलों को राष्ट्रहित को अपने राजनीतिक हितों से ऊपर रखना चाहिए। उन्होंने कहा, ॣमैं सभी राजनीतिक वर्गों से अपील करता हूँ कि वे गहन चिंतन करें और इस निष्कर्ष पर पहुँचें कि इन विषयों पर सहमति होनी चाहिए। कभी-कभी राजनीति राष्ट्रवाद और सुरक्षा जैसे विषयों पर बहुत तेज हो जाती है। इसे हमें पार करना होगा।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए स्वदेशी शक्ति की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध से सबसे अच्छा बचाव तब होता है जब हम शक्ति की स्थिति में हों। उन्होंने कहा, ॣ शांति तब सुनिश्चित होती है जब आप युद्ध के लिए हमेशा तैयार रहें। शक्ति केवल तकनीकी क्षमता या पारंपरिक हथियारों से नहीं आती, बल्कि यह जनता से भी आती है। नागरिकों को उनके कर्तव्यों के पालन की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संतुलन बनाए रखना ज़रूरी है। केवल अपने मौलिक अधिकारों की बात की जाती है और मौलिक कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह उदासीन रहते हैं। मौलिक कर्तव्यों का सार राष्ट्रीय कल्याण को प्राथमिकता देना, लोक व्यवहार, अनुशासन, सार्वजनिक संवाद, पर्यावरण और जीवन में भलाई आदि में योगदान देना। उन्होंने कहा कि स्वदेशी का विचार आर्थिक राष्ट्रवाद से जुड़ा हुआ है। आर्थिक राष्ट्रवाद का मतलब है कि हम स्वदेशी वस्तुओं का उपभोग करें। 'वोकल फॉर लोकल' को अपनाएं। यह कारीगरों को प्रेरित करेगा कि वे हमारी आवश्यकताओं को पूरा करें। श्री धनखड़ ने कहा कि भारतीय संसद एक साधारण विधायी निकाय नहीं है। यह आज 140 करोड़ लोगों की इच्छा का प्रतिबिंब है। यह एकमात्र वैधानिक संवैधानिक मंच है जो जनता की वास्तविक इच्छा को प्रकट करता है। इसलिए संसद कानून बनाने की अंतिम संस्था है। यह कार्यपालिका को उत्तरदायी ठहराती है। संसद बहस, संवाद, चर्चा और विमर्श का सर्वोच्च मंच है। सहयोग और सहमति के महत्व पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि संविधान निर्माताओं ने ज्वलंत मुद्दों और अत्यंत संवेदनशील विषयों को सहयोग, समन्वय और सहमति के साथ सुलझाया।

# हाईकोर्ट के 21 न्यायधीशों के तबादले की सिफारिश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के 21 न्यायाधीशों के तबादले की सिफारिश की है।

शीर्ष अदालत की ओर से मंगलवार को एक बयानी जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के मुताबिक 26 मई को आयोजित बैठक में कॉलेजियम ने न्यायाधीशों के स्थानांतरण करने संबंधी फैसला किया। न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल को तेलंगाना से कलकत्ता उच्च न्यायालय स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है जबकि न्यायमूर्ति वी कामेश्वर राव को कर्नाटक उच्च न्यायालय से दिल्ली उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई। इसी प्रकार न्यायमूर्ति लानुसुंगकुम जमीर को गुवाहाटी से कलकत्ता उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति मानस रंजन पाठक को गुवाहाटी से उड़ीसा उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति नितिन वासुदेव साम्ब्रे को बॉम्बे से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा को इलाहाबाद से पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय भेजने की सिफारिश की गई है। न्यायमूर्ति सुमन श्याम को गुवाहाटी से बॉम्बे उच्च न्यायालय तबादला करने की सिफारिश की गई। न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से वापस राजस्थान स्थानांतरित करने की संस्तुति की गई है। इसी प्रकार से न्यायमूर्ति विवेक चौधरी को इलाहाबाद से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार सिंह को केरल से कर्नाटक उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति विवेक कुमार सिंह को मद्रास से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय तथा न्यायमूर्ति बट्टू देवानंद को मद्रास उच्च न्यायालय से वापस आंध्र प्रदेश स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला को इलाहाबाद से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर को राजस्थान से बॉम्बे उच्च न्यायालय तथा न्यायमूर्ति सुधीर सिंह को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से वापस पटना स्थानांतरित करने की संस्तुति की गई है। शीर्ष अदालत कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति अनिल क्षेत्रपाल को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति अरुण कुमार मोंगा को राजस्थान से दिल्ली उच्च न्यायालय, न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी को इलाहाबाद से कर्नाटक उच्च न्यायालय तथा न्यायमूर्ति सी सुमालता को कर्नाटक से तेलंगाना उच्च न्यायालय में वापस स्थानांतरित करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति ललिता कन्नेगंती को कर्नाटक से तेलंगाना और न्यायमूर्ति अनिरेड्डी अभिषेक रेड्डी को पटना उच्च न्यायालय से तेलंगाना वापस स्थानांतरित करने की संस्तुति की है।

# माधवबाग को धर्म और आरोग्य केंद्र बनना चाहिए : अमित शाह

एजेंसी

मुंबई। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने मंगलवार को मुंबई में कहा कि माधवबाग को धर्म और आरोग्य केंद्र बनना चाहिए। उन्होंने मातृभाषा के उपयोग को बढ़ावा देने, भगवद गीता और उपनिषद जैसे पवित्र ग्रंथों के लिए शिक्षण केंद्र विकसित करने, स्वास्थ्य और कल्याण के लिए संजीवनी केंद्र की स्थापना करने और सांस्कृतिक जड़ों का जश्न मनाने और पोषण करने के लिए माधव संस्कृति केंद्र बनाने के अपने दृष्टिकोण पर भी जोर दिया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज मुंबई में लक्ष्मीनारायण मंदिर की 150वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने कहा, ''मैं मुंबई में पैदा हुआ और यहीं पला-बढ़ा हूं और मुझे कई बार मंदिर की आरती में शामिल होने का सौभाग्य मिला है। मेरी तीन बहनों की शादी माधवबाग में हुई थी, इसलिए यह एक ऐसा स्थान है, जो हमारे परिवार के लिए गहरा भावनात्मक महत्व रखता है। लक्ष्मीनारायण की मूर्ति बचपन से ही मेरी यादों में बसी हुई है, जिसे मैं श्रद्धा के साथ देखता हुआ बड़ा हुआ हूं।'' उन्होंने कहा, ''यह केवल उन लोगों की दूरदर्शिता और समर्पण के कारण है, जिन्होंने पहले के समय में मंदिर में निवेश किया था कि हम आज भी इन परंपराओं को इतनी खूबसूरती से जारी रख पा रहे हैं।''

शाह ने कहा, ''ये विचार इस स्थान को एक जीवंत सामुदायिक केंद्र के रूप में विकसित करने में मदद कर सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि माधवबाग के ट्रस्टी इस दृष्टि पर विचार करेंगे और भविष्य के लिए इसकी संभावनाओं का पता लगाएंगे।'' शाह ने ऐतिहासिक मंदिर की 150वीं वर्षगांठ समारोह के दौरान पारंपरिक आरती की। अमित शाह ने कहा, ''मोदी ने प्रधानमंत्री के रूप में 11 साल पूरे कर लिए हैं।

# पहलगाम में मंत्रिमंडल बैठक, उमर का आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश

एजेंसी

श्रीनगर। आतंकवादियों को कड़ा संदेश देते हुये जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने मंगलवार को कश्मीर घाटी के पर्यटन स्थल पहलगाम में मंत्रिमंडल की विशेष बैठक आयोजित की और कहा कि यह सिर्फ प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि आतंकवाद के कायराना हमलों से न डरने का स्पष्ट संदेश है। पाकिस्तानी आतंकवादियों ने गत 22 अप्रैल को पहलगाम में बर्बरतापूर्वक 26 लोगों की हत्या कर दी थी। इसी के खिलाफ एकजुटता का संदेश देने के लिए मुख्यमंत्री ने यह विशेष बैठक की। जम्मू-कश्मीर में पिछले वर्ष सरकार के गठन के बाद यह पहला मौका है जब श्रीनगर या जम्मू से अलग किसी स्थान पर मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गयी। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''यह केवल एक नियमित प्रशासनिक कार्य नहीं है, बल्कि एक स्पष्ट संदेश है कि हम



आतंकवाद के कायराना कृत्यों से भयभीत नहीं हैं। शांति के दुश्मन कभी भी हमारे संकल्प को निर्देशित नहीं कर पायेंगे। जम्मू-कश्मीर के लोग दृढ़ता, मजबूती और निडरता से खड़े हैं। श्री अब्दुल्ला बुधवार को उत्तर कश्मीर के गुलमर्ग में भी मंत्रियों, प्रशासनिक सचिवों, संभागीय आयुक्तों, विभाग प्रमुखों और वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, पहलगाम और गुलमर्ग में हो रही ये बैठकें जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा और सामान्य स्थिति का मजबूत संदेश देने तथा घाटी में पर्यटन को फिर से बहाल करने के उद्देश्य से की जा रही हैं। बैठक के बाद जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इट्टू ने कहा कि बैठक का उद्देश्य पहलगाम के लोगों के साथ एकजुटता दिखाना और आतंकवादी हमले की निंदा करना था। नेशनल कांफ्रेंस के प्रवक्ता तनवीर सादिक ने कहा कि यह बैठक घाटी के लोगों के हौसले का संदेश है। उन्होंने कहा कि चरवाहों की घाटी (पहलगाम) फिर से उभरेगी। पहलगाम के पास बैसरन घाटी में आतंकवादी हमले के बाद पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट आई है, जिससे पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोग बहुत चिंतित हैं। इससे पहले भी, श्री अब्दुल्ला ने 2009 से 2014 तक मुख्यमंत्री के रूप में अपने पिछले कार्यकाल के दौरान कश्मीर और जम्मू दोनों क्षेत्रों में नियंत्रण रेखा के करीब मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की थी, जिनमें दूरदराज और सीमावर्ती क्षेत्रों में विकास संबंधी मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। मुख्यमंत्री ने सोमवार को श्रीनगर में कश्मीर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और पर्यटन उद्योग को बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने केन्द्र शासित प्रदेश के भीतर पर्यटन को बढ़ावा देने और स्कूल-कॉलेजों को शैक्षणिक भ्रमण कराने के लिए प्रोत्साहित करने की बात कही। श्री अब्दुल्ला ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री और संसदीय कार्य विभाग से अनुरोध किया है कि संसद की स्थायी और सलाहकार समितियों की बैठकें कश्मीर में आयोजित की जायें ताकि लोगों में विश्वास बढ़े और क्षेत्र को पहचान मिले। उन्होंने हाल ही में नयी दिल्ली में नीति आयोग के सम्मेलन में भाग लेने आये मुख्यमंत्रियों से सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की बैठकें और प्रदर्शनियां तथा राष्ट्र स्तर के अन्य कार्यक्रम कश्मीर घाटी में आयोजित करने का अनुरोध किया।

## भारत ने पारंपरिक चिकित्सा की प्रतिबद्धता दोहरायी

नयी दिल्ली। भारत ने 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में विश्व स्वास्थ्य संगठन(डब्ल्यूएचओ) की वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा रणनीति के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहरायी है। केंद्रीय आयुष मंत्रालय ने मंगलवार को यहां बताया कि जिनेवा में आयोजित 78 वीं विश्व स्वास्थ्य सभा में 'स्वास्थ्य के लिए एक विश्व' की विषयवस्तु के अंतर्गत भारत ने स्वास्थ्य सेवा के लिए एकीकृत दृष्टिकोण में पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहरायी है। जेनेवा में संयुक्त राष्ट् में भारत के स्थायी प्रतिनिधि अरिंदम बागची ने 'नयी डब्ल्यूएचओ वैश्विक पारंपरिक चिकित्सा रणनीति 2025-2034' को अपनाने का स्वागत किया श्री बागची ने कहा कि आयुर्वेद, योग, यूनानी और सिद्ध जैसी वैज्ञानिक रूप से मान्य पारंपरिक प्रणालियों के साथ आधुनिक चिकित्सा के एकीकरण की विशेषता वाले भारत के दृष्टिकोण को अन्य देशों के लिए एक व्यावहारिक मॉडल के रूप प्रस्तुत किया गया है।

## पंडित नेहरु की पुण्यतिथि पर उन्हें किया गया याद

नयी दिल्ली। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी समेत कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और देश के लिए उनके योगदान को याद किया।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा,ॣहमारे पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि। श्रीमती सोनिया गांधी आज सुबह पंडित जवाहरलाल नेहरू के समाधि स्थल 'शांति वन' गई और पूर्व प्रधानमंत्री की समाधि पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शांति वन में इस दौरान पंडित नेहरू की स्मृति में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें श्रीमती गांधी भी शामिल हुई। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई अन्य नेता भी मौजूद थे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने पंडित नेहरू को नमन करते हुए कहा कि सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिये पंडित नेहरू ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी। सामाजिक न्याय, आधुनिकता, शिक्षा, संविधान और लोकतंत्र की स्थापना में उनका योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा,हिंद के जवाहर की विरासत और उनके आदर्श सदैव हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। श्री खरगे ने कहा कि पंडित नेहरू के योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत को शून्य से शिखर तक पहुँचाने वाले आधुनिक भारत के निर्माता, लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील बनाने वाले नेता रहे हैं और उन्होंने देश को निरंतर 'विविधता में एकता' का संदेश दिया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री व तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने भी पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्हें एक महान राजनेता और मानवतावादी बताते हुए कहा कि वह आधुनिक भारत के दूरदर्शी शिल्पकार थे। उन्होंने अपने संदेश में कहा, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर मेरी हार्दिक श्रद्धांजलि। वह एक महान राजनेता, मानवतावादी और आधुनिक भारत के दूरदर्शी, वास्तुकार थे। उनके विचार लोकतंत्र से प्यार करने वाले सभी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

# पेज एक का शेष

### सुप्रीम कोर्ट में ...

नहीं है। इसलिए वक्फ एक्ट-1995 भेदभावपूर्ण है। याचिका में यह भी कहा गया है कि संशोधन के बावजूद कानून के कई प्रावधान आर्टिकल 14, 15, 21, 25, 26 और 27 का उल्लंघन करने वाले हैं, जो मुस्लिम समुदाय को सरकारी और गैर मुस्लिमों की संपत्ति को हथियाने का अधिकार देते हैं। राज्य सरकारी खजाने की कीमत पर, वक्फ और उनकी संपत्तियों के सत्यापन के लिए किए गए खर्च को मंजूरी नहीं दे सकता। जबकि अन्य धार्मिक संस्थानों और उनकी संपत्तियों के सर्वेक्षण के लिए न तो कोई समान नियम है और न ही खर्च का अनुदान है। केंद्र की तरफ से पैरवी कर रहीं एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कोर्ट से कहा, 'जब वक्फ संशोधन कानून-2025 को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई हो रही है, ऐसे में 1995 के वक्फ एक्ट को चुनौती दी जाने वाली याचिका पर सुनवाई नहीं होनी चाहिए। लिहाजा इस याचिका को 1995 के कानून को चुनौती देने वाली अन्य याचिकाओं के साथ जोड़ने पर कोई आपत्ति नहीं है।

### 676 कोविड कार्मिकों ...

किसी जिले में आवश्यक रिक्तियां नहीं हैं तो इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा तत्काल अपने मंडलीय अपर निदेशक को सूचित किया जाए। पत्र में यह भी स्पष्ट किया जा रहा है कि कोविड के दौरान काम करने वाले कार्मिकों के अतिरिक्त किसी अन्य कार्मिक को इन पदों पर न रखा जाए। अगर ऐसा होता है तो संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति एवं अधिकारी स्वयं जिम्मेदार होंगे और उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी और इसे वित्तीय अनियमितता मानते हुए रिकवरी की कार्रवाई भी की जाएगी।

### आतंकवाद पाकिस्तान...

लड़ाई में वह भारत के सामने जीत नहीं सकता इसलिए उसने प्रॉक्सी वार शुरू किया। वहां सैन्य प्रशिक्षण होता है, सैन्य प्रशिक्षित आतंकियों को भारत भेजा जाता है और निर्दोष लोग जो यात्रा पर गए हैं, कोई बस में जा रहा है, कोई होटल में बैठा है, कोई टूरिस्ट बनकर जा रहा है, जहां मौका मिलता है मारते रहे और हम सहते रहे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज तक जिसे हम प्रॉक्सी वार कहते थे, 6 मई के बाद जो दृश्य देखने को मिले उसके बाद हम प्रॉक्सी वार कहने में गलती नहीं कर सकते और इसका कारण है कि आतंकवाद के 9 ठिकानों को 22 मिनट में साफ किया गया, उन्हें ध्वस्त कर दिया गया। इस बार सभी कैमरे के सामने व्यवस्था रखी गई कि हमारे घर में कोई सबूत न मांगे। अब हमें सबूत देने की जरूरत नहीं है। मोदी ने कहा कि इसलिए वे कहते हैं कि इसे प्रॉक्सी वार नहीं कह सकते। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों की अंतिम यात्रा निकली, 6 मई के बाद जिन आतंकियों को मौत के घाट उतार दिया गया, उन्हें स्टेट ऑनर दिया गया, पाकिस्तान में उनके कफन पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए, उनकी सेना ने उन्हें सलामी दी। यह साबित करता है कि आतंकवादी गतिविधि प्रॉक्सी वार नहीं है। यह आपकी सोची हुई युद्ध की रणनीति है, लेकिन वे युद्ध ही कर रहे हैं तो उसका जवाब भी उन्हें वैसे ही मिलेगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री सिंधू नदी जल समझौते की खामियों का भी जिक्र किया। आयोजन में प्रधानमंत्री से पहले केन्द्रीय शहरी विकास और आवास मंत्री मनोहर लाल और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने भी संबोधन किया।

### 5वीं पीढ़ी के...

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह मॉडल निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों को प्रतिस्पर्धी आधार पर समान अवसर मुहैया करता है। वे स्वतंत्र रूप से या संयुक्त उद्यम या संघ के रूप में बोली लगा सकते हैं। यह यूनिट देश के कानूनों और नियमों का पालन करने वाली भारतीय कंपनी होनी चाहिए। बयान में कहा गया, 'यह एएमसीए विकसित करने के लिए स्वदेशी विशेषज्ञता और क्षमता का उपयोग करने की दिशा में बड़ा कदम है, जो एयरोस्पेस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति ने लड़ाकू विमान कार्यक्रम को पिछले साल सैद्धांतिक मंजूरी दे दी थी। इस प्रोजेक्ट की शुरुआती विकास लागत करीब 15,000 करोड़ रुपये आंकी गई है। भारतीय वायुसेना एएमसीए परियोजना की दीर्घकालिक आवश्यकता को देखते हुए इस पर जोर दे रही है। हल्के लड़ाकू विमान विकसित करने के बाद एएमसीए विकसित करने को लेकर भारत का विश्वास काफी बढ़ गया है। एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट यानी एएमसीए देश में ही विकसित होने वाला दूसरा फाइटर एयरक्राफ्ट होगा। इससे पहले भारत में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस और उसके एडवांस्ड वर्जन तेजस मार्क-1 को तैयार किया जा चुका है। इसके और भी उन्नत संस्करण मार्क-1-ए पर काम चल रहा है। जानकारी के मुताबिक एएमसीए 2035 तक एयरफोर्स और नेवी में तैनाती के लिए उपलब्ध हो सकेगा।

### कोविड संक्रमण पर...

सुविधायें तैयार रखने के निर्देश दिये गये हैं। केरल में सक्रिय मामले सबसे अधिक हैं। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार केरल 430 सक्रिय मामलों के साथ सबसे आगे है और उसके बाद महाराष्ट्र में 209 और दिल्ली में 104 मामले में दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा गुजरात में 83, तमिलनाडु में 69, कर्नाटक में 47, उत्तर प्रदेश में 15, राजस्थान में 13, पश्चिम बंगाल में 12, पुड्डुचेरी में नौ, हरियाणा में नौ, आंध्र प्रदेश में चार, मध्य प्रदेश में दो और तेलंगाना, गोवा, छत्तीसगढ़ में क्रमशः एक-एक सक्रिय मामले सामने आया है। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार अभी तक कोरोना वायरस से छह लोगों की मौत हो गयी है। महाराष्ट्र में इस जानलेवा वायरस ने तीन लोगों की मौत हो गयी, केरल में दो और कर्नाटक में एक मरीज की मौत हो गयी है। डॉ. बहल ने कहा कि देश में कोविड संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं, हालांकि इन्हें लेकर चिंता की कोई बात नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र के सभी एजेंसियां स्थिति पर बारीकी से निगाह रख रही है और उचित समय पर तुरंत कदम उठा लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कोविड संक्रमण की गंभीरता बहुत कम है और लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश में कोविड संक्रमण से निपटने के लिए कई तरह की वैक्सीन मौजूद है। देशभर में कोविड संक्रमण के संदिग्ध मामलों की जांच की जा रही है।

### 16 साल की सेवा कर चुके...

वेतन 4200 रूपये है। निरीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 4600 रूपये है एवं पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड वेतन 5400 रूपये अनुमन्य है। पुलिस मुख्यालय के उक्त सर्कुलर में यह भी स्पष्ट उल्लिखित किया गया है कि पुलिस बल के कार्यकारी बल में ग्रेड वेतन 2800 रूपया एवं ग्रेड वेतन 4800 रुपया के पद उपलब्ध नहीं है, अर्थात उक्त दोनों ग्रेड वेतन नॉन फंक्शनल वेतनमान के है। सभी याचीगण वर्ष 2001 में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति हुये थे, तत्पश्चात वर्ष 2016 में निरीक्षक के पद पर पदोन्नति हुये एवं सभी याचीगणों की सेवायें 16 वर्ष से ज्यादा की हो चुकी है। अतः पुलिस मुख्यालय के सर्कुलर दिनांक 17 मार्च 2012 के परिप्रेक्ष्य में द्वितीय प्रोन्नति वेतनमान पुलिस उपाधीक्षक के पद का ग्रेड पे 5400 रूपये पाने के हकदार है। याचिका में कहा गया था कि लाल बाबू शुक्ला के केस में हाईकोर्ट ने यह व्यवस्था प्रतिपादित की है कि पुलिस कर्मियों की प्रशिक्षण अवधि को सेवा में जोड़कर प्रोन्नति वेतनमान दिया जाय।

### आयकर रिटर्न दाखिल...

रिटर्न उपयोगिताओं के रोलआउट और सिस्टम की तैयारी के लिए आवश्यक समय को देखते हुए रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि बढ़ाने का फैसला किया गया है। करदाताओं के लिए एक सहज और सुविधाजनक फाइलिंग अनुभव की सुविधा के लिए यह निर्णय लिया गया है कि आईटीआर दाखिल करने की नियत तिथि, 31 जुलाई, 2025 को बढ़ाकर 15 सितंबर, 2025 कर दिया गया है। इस आशय की एक औपचारिक अधिसूचना अलग से जारी की जा रही है। इस विस्तार से हितधारकों द्वारा उठाई गई चिंताओं को कम करने और अनुपालन के लिए पर्याप्त समय प्रदान करने की उम्मीद है, जिससे रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया की अखंडता और सटीकता सुनिश्चित होगी।

### विकास और गरीब कल्याण...

मुक्त होकर सभी अपनी रीति-रिवाज के अनुसार रजिस्ट्रेशन कर सामूहिक विवाह में शामिल हो सकते है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 2017 में शुरू की गयी थी तब इसकी राशि 35 हजार थी। बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार एवं 1 अप्रैल 2025 से इस धनराशि को बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। इसमें 60 हजार रुपये बेटी के खाते में जमा होंगे। शेष धनराशि गृहस्थी के सामान, कन्या के जेवर एवं भोजन व अन्य व्यवस्थाओं में व्यय किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में आज हर गरीब को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज देश में 4 करोड़ गरीबों को आवास, 10 करोड़ गरीबों को उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन, 12 करोड़ को शौचालय, 45 करोड़ को जनधन खाते एवं 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया गया है। इसी प्रकार सरकार द्वारा पिछले 5 वर्षो से 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी विवाद को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना लागू की गयी है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा गरीबों को उनके घर के मालिकाना अधिकार पत्र दिये जा रहे है। यूपी में 1 करोड़ 6 लाख परिवारों को उनके घर का अधिकार पत्र दिया गया है। समाज कल्याण विभाग की तरफ से आयोजित इस समारोह में 1200 जोड़े विवाह के पावन बंधन में बंधे। नवयुगलों में हिंदू, मुस्लिम दोनों शामिल रहे। सभी नव दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके सुखमय और मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मंच से 11 नवयुगलों को उपहार-शगुन किट भेंट किया। उपहार देने के दौरान मुख्यमंत्री ने जोड़ों से आत्मीय संवाद भी किया। मंच पर जोड़ों को आशीर्वाद देने के अलावा मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल के मुख्य मंडप में भी गए। मंडप की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ उन्होंने नवयुगलों पर पुष्प वर्षा कर उनको और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सरकार गरीब कन्या का विवाह कराने का भी कार्य कर रही है। इस सामूहिक विवाह में मुख्यमंत्री के साथ विधायकगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी सम्मिलित होते है। उन्होंने कहा ॣ मुझे भी इस कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह हम सभी का सौभाग्य है कि हम इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल हुए हैं, जो बाल विवाह, दहेज प्रथा व बहुविवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों से मुक्ति दिलाने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस योजना में जाति, मत, मजहब एवं क्षेत्र के बंधन से मुक्त होकर सभी अपनी रीति-रिवाज के अनुसार रजिस्ट्रेशन कर सामूहिक विवाह में शामिल हो सकते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 से पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति की कन्याओं के लिए केवल 20 हजार रुपये दिये जाते थे। यह धनराशि भेदभाव के साथ दी जाती थी, सभी को नहीं प्राप्त होती थी। 20 हजार की धनराशि भी पर्याप्त नहीं थी। यह धनराशि समय पर भी नहीं मिलती थी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना 2017 में शुरू की गयी थी तब इसकी राशि 35 हजार थी बाद में इसे बढ़ाकर 51 हजार एवं 1 अप्रैल 2025 से इस धनराशि को बढ़ाकर 1 लाख रुपये कर दिया गया है। इसमें 60 हजार रुपये बेटी के खाते में जमा होंगे। शेष धनराशि गृहस्थी के सामान, कन्या के जेवर एवं भोजन व अन्य व्यवस्थाओं में व्यय किया जायेगा। सरकार यह कार्य दहेज प्रथा, बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराइयों को तिलांजलि देकर प्रत्येक गरीब के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए कर रही है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन में आज हर गरीब को शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। आज देश में 4 करोड़ गरीबों को आवास, 10 करोड़ गरीबों को उज्जवलला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन, 12 करोड़ को शौचालय, 45 करोड़ को जनधन खाते एवं 50 करोड़ गरीबों को आयुष्मान योजना का लाभ दिया गया है। इसी प्रकार सरकार द्वारा पिछले 5 वर्षो से 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार हर उस कार्यक्रम को, जिससे गरीबों का कल्याण होता है, लगातार आगे बढ़ा रही है। आज इन्हीं प्रयासो का परिणाम है कि भारत में विगत 10 वर्षो में 25 करोड़ लोग बहु आयामी गरीबी से उबरे है। उत्तर प्रदेश में भी छह करोड़ लोगों को गरीबी रेखा से उपर उठाने में मदद मिली है। योगी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जमीनी विवाद को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना लागू की गयी है। इस योजना के माध्यम से सरकार द्वारा गरीबों को उनके घर के मालिकाना अधिकार पत्र दिये जा रहे है। यूपी में 1 करोड़ 6 लाख परिवारों को उनके घर का अधिकार पत्र दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकार स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कोई कार्य नहीं करती थी। ठेला, रेहड़ी, खोमचा लगाने वाले गरीबों का पहले हर जगह शोषण होता था, मगर आज सरकार द्वारा उनको व्यवसाय के लिए लोन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना भी शुरू की है। इसके तहत 18 से 40 वर्ष तक के प्रदेश के युवाओं को बिना गारंटी के 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है। इस लोन को समय से चुकाने पर दूसरे चरण मे 7.5 लाख एवं इसके बाद 10 लाख तक का ऋण देने की व्यवस्था है। नवयुगलों के सुख, समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार हर एक परिवार को सशक्त एवं समर्थ बनाने के लिए विकास प्रक्रिया को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। उन्होंने कहा कि आज हम सबको समाज में जाति भेद, अस्पृश्यता, बाल विवाह जैसी रूढ़िवादिता के खलाफ मजबूती से खड़े होने की आवश्यकता है। हम सबको सामूहिक रूप से इन कुप्रथाओं का विरोध करना पड़ेगा। दहेज भी इसी प्रकार की एक रूढ़िवादी प्रथा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना इस कुप्रथा पर एक प्रहार है।

# मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली टनल का किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार संग्रहालय तथा पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली निर्माणाधीन टनल का मंगलवार को निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर निर्माण कार्य बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने बिहार संग्रहालय के पास टनल निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक अंजनी कुमार सिंह ने टनल से बिहार संग्रहालय में प्रवेश की व्यवस्था, पार्किंग, पर्यटकों को मिलने वाली अन्य सुविधाओं आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बिहार संग्रहालय और पटना संग्रहालय को जोड़ने वाली सुरंग करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी और 8 मीटर चौड़ी होगी। इसे जमीन से 15 मीटर नीचे बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने



अधिकारियों को निर्देश दिया कि टनल निर्माण का कार्य जल्द पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि टनल का बेहतर ढंग से निर्माण कराएं ताकि इलेक्ट्रिक वाहन के साथ-साथ पैदल पर्यटक आसानी से पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय आवागमन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार संग्रहालय अंतरराष्ट्रीय स्तर का बनाया गया है। पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय में बड़ी संख्या में पर्यटक आते रहते हैं। पटना संग्रहालय का विस्तारीकरण और उन्नयन कार्य बेहतर ढंग से किया जा रहा है। पटना संग्रहालय और बिहार संग्रहालय के बीच टनल निर्माण कार्य पूर्ण होने से पर्यटकों की संख्या और बढ़ेगी। पर्यटकों की संख्या को देखते हुए पार्किंग और अन्य सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करें। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने पटना संग्रहालय एवं उसके विस्तारीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सभागार, संग्रह भंडार, गंगा दीर्घा सहित पटना संग्रहालय के विभिन्न भागों के उन्नयन एवं विस्तारीकरण कार्य का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि जो भाग बन गया है, वह अच्छा बना है और जो बचा हुआ है उसको भी बेहतर ढंग से जल्द पूर्ण करें। यह पुराना संग्रहालय है। उन्होंने कहा कि यहां पर कई महत्वपूर्ण पुरातात्विक एवं ऐतिहासिक प्रदर्श रखे गए हैं, उनका रखरखाव और बेहतर ढंग से हो इसलिए भवन का विस्तारीकरण किया जा रहा है।

# दिल्ली पुलिस ने लद्दाख से दो ठगों को दबोचा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर साइबर अपराधियों को लद्दाख स्थित सारचू इलाके से गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 800 किलोमीटर से अधिक की रियल-टाइम पीछा करते हुए की गई, जिसमें झारखंड से लेकर हिमाचल और लद्दाख तक का सफर शामिल है। इस ऑपरेशन में एक नई और चौंकाने वाली ठगी का खुलासा हुआ है। इसमें मजदूरों के बैंक खाते साइबर फ्रॉड के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे। यह कार्रवाई एक महिला की शिकायत के बाद शुरू हुई। जिसके बैंक खाते से 69,953 की अवैध निकासी हुई थी। क्राइम ब्रांच के डीसीपी हर्ष इंदौरा के अनुसार जांच के दौरान दिल्ली पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और वित्तीय लेन-देन की कड़ियों को जोड़ते हुए यह पाया कि उक्त राशि झारखंड के दुमका और गोड्डा जिलों के ग्रामीण मजदूरों के खातों में स्थानांतरित की गई थी। पुलिस की टीमों की जमीनी स्तर पर की गई जांच में पाया




गया कि ये खाते मजदूरों से उनके ठेकेदारों ने खुलवाए गए थे और एटीएम व पासबुक अपराधियों के पास रहते थे। डीसीपी के अनुसार दो मजदूरों रामजीत और बद्री राय की गिरफ्तारी से यह साफ हुआ कि उनके खाते क्रमशः 20,005 और 69,953 रुपये की साइबर ठगी में इस्तेमाल हुए थे। इन खातों को मंसूर अंसारी और इमरान अंसारी नामक दो अपराधियों द्वारा नियंत्रित किया जा रहा था, जो गिरफ्तारी से बचने के लिए हिमाचल के रास्ते लद्दाख भाग रहे थे। पुलिस टीम ने पीछा कर दोनों को लद्दाख के ऊंचाई वाले क्षेत्र सारचू से गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने कबूल किया कि वे झारखंड के गरीब और अनपढ़ मजदूरों को निशाना बनाकर उनके नाम पर खाते खुलवाते थे और फिर उनका दुरुपयोग साइबर ठगी में करते थे। ये ठग लेन-देन के बाद खुद को छुपाने के लिए लद्दाख जैसे दुर्गम इलाकों में चले जाते थे, जिससे पुलिस की पकड़ से दूर रह सकें।

# संक्षिप्त समाचार

## बिहार के जयनगर स्थित नेपाल सीमा पर दिखा ड्रोन, सुरक्षा बल चौकस

**पटना।** बिहार में मधुबनी जिले के जयनगर स्थित भारत-नेपाल सीमा के कमला बीओपी क्षेत्र में सोमावार देर रात करीब 15 से 20 की संख्या में ड्रोन देखे गए हैं। ड्रोन देखे जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। नेपाल सीमा के कमला निगरानी और सुरक्षा बिंदु (बीओपी) इलाके में सोमवार रात करीब 15 से 20 की संख्या में ड्रोन देखे गए हैं। ड्रोन उत्तर से पूर्व की तरफ भारतीय क्षेत्र से आकर तुरंत पश्चिम से उत्तर नेपाल की ओर वापस चले गए। ड्रोन देखे जाने की सूचना मिलने के बाद लोगों में दहशत का माहौल है। जयनगर एसएसबी बटालियन 48 वीं के उप कमांडेंट विवेक ओझा ने जानकारी दी कि जानकी नगर बीओपी के निकट जवानों ने ड्रोन को बीती देर रात वापस जाते देखा है। जिसके बाद एसएसबी जवानों को अलर्ट किया गया है। विवेक ओझा ने बताया कि इसकी सूचना दिल्ली और दरंभगा एयरपोर्ट को दी गई है। डिप्टी कमांडेंट ओझा ने यह भी बताया कि उड़ान उपकरणों के बारे में नेपाली सुरक्षा बलों से पूछताछ की गई थी, लेकिन नेपाली अधिकारियों ने ऐसे किसी भी प्रयोग से इनकार किया है। ड्रोन की वास्तविक स्थिति और उद्देश्य की जांच अभी भी जारी है। उल्लेखनीय है कि आगामी 29 से 30 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बिहार के दौरे पर रहेंगे। ऐसे में उनके दौरे से ठीक पहले भारत-नेपाल सीमा पर बड़ी संख्या में ड्रोन की आवाजाही देखी जाना एक गंभीर विषय है।

## ड्रग्स तस्करी के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स यूनिट ने नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल की है। युनिट ने लंबे समय से फरार चल रहे ड्रग तस्कर विजय उर्फ डैनी को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच की डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने मंगलवार को बताया कि ऑपरेशन की शुरुआत इस साल 5 जनवरी को दिलशाद गार्डन से हुई थी। यहां लल्ला बाबू को 502 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि लल्ला नशा विजय और जितेश को सप्लाई कर रहा था। जितेश को गिरफ्तार करने पर उसके पास से 125 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। वहीं विजय मौके से फरार हो गया। जांच आगे बढ़ने पर पुलिस ने गिरोह के मुख्य स्रोत निजामुद्दीन उर्फ निजाम को दबोचा और विजय की आई-20 कार से 99 ग्राम हेरोइन बरामद की । विजय के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर नंद नगरी क्षेत्र से विजय उर्फ डैनी को गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि वे नंद नगरी थाने का घोषित बदमाश है। उसके खिलाफ हत्या, झपटमारी, मादक पदार्थ अधिनियम और आबकारी अधिनियम सहित करीब 50 आपराधिक मामले दर्ज हैं। डीसीपी के अनुसार विजय का पूरा परिवार आपराधिक गतिविधियों में लिप्त रहा है और उसके भाई भी घोषित अपराधी हैं।

## रिश्वत प्रकरण में बागेश्वर के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के बर्खास्तगी के आदेश जारी

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने बागेश्वर के जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के रिश्वत लेने के प्रकरण का संज्ञान लेते हुए कड़ा निर्णय लिया है। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी के बर्खास्तगी का आदेश जारी कर दिया गया है। मंत्री ने सैनिक कल्याण विभाग के सचिव को निर्देश जारी करते हुए सम्बंधित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल सुबोध शुक्ला (सेवानिवृत्त) को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करने के निर्देश दिए। सैनिक कल्याण मंत्री के निर्देशों के बाद बर्खास्तगी का आदेश भी जारी कर दिया गया है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है और किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सैनिक कल्याण जैसे संवेदनशील विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सर्वोपरि है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस तरह की किसी भी शिकायत पर तत्काल सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोहराई न जाएं। सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## यमुनोत्री-गंगोत्री में तेजी से बढ़ रही तीर्थ यात्रियों की संख्या, व्यवस्थाएं बढ़ाने में जुटा प्रशासन

**देहरादून।** विश्व प्रसिद्ध धाम यमुनोत्री और गंगोत्री में तीर्थ यात्रियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। कपाट खुलने से अब तक 27 दिनों में 5 लाख 18 हजार 504 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन अतिरिक्त व्यवस्थाएं करने में जुटा है। यमुनोत्री धाम में वर्तमान तक एक लाख 38 हजार 645 पुरूष व एक लाख 18 हजार 526 महिलाएं व 8 हजार 331 बच्चे सहित कुल 2 लाख 65 हजार 502 तीर्थ यात्री दर्शन कर चुके हैं। गंगोत्री धाम में अब तक एक लाख 35 हजार 995 पुरूष एवं एक लाख 10 हजार 531 महिला व 6 हजार 476 बच्चे सहित कुल 2 लाख 53 हजार 02 तीर्थ यात्री दर्शन कर चुके हैं। उत्तरकाशी के जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने बताया कि चारधाम यात्रा 2025 सुरक्षित, सुगम व सुव्यवस्थित रूप से संचालित हो रही है। चारधाम यात्रा पर जिला प्रशासन की सतत निगरानी है और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए यात्रा से जुड़ी पूरी टीम तत्परता एवं सजगता के साथ कार्य कर रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं हेतु स्मार्ट कंट्रोल रूम, मेडिकल सहायता केंद्र एवं निगरानी तंत्र की स्थापना की है। यात्रियों के पंजीकरण, स्क्रीनिंग, पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुचारू हैं। यातायात व्यवस्था को नियंत्रित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु समन्वित प्रयास किए गए हैं। धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं अन्य सुविधाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने का फरार आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने के फरार आरोपित को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के मुताबिक पीड़िता की मां ने 24 नवम्बर 2024 को ज्वालापुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री के साथ बार-बार बलात्कार कर जान से मारने की धमकी देने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने प्रयास किये, किन्तु आरोपित पुलिस की गिरफ्त से दूर रहा। आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस ने आरोपित आलम उर्फ जुबेर पुत्र शान इलाही निवासी ग्राम बहादरपुर जट थाना पथरी, हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया।

# बिहार सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का असर प्रत्येक 4-5 दिन में पकड़ा जा रहा भ्रष्टाचारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ वर्ष 2025 में अबतक 150 दिनों में 34 भ्रष्ट लोकसेवकों पर कार्रवाई, घूस लेते रंगे हाथ पकड़े गए

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। निगरानी ब्यूरो के स्तर से इस वर्ष जनवरी से अब तक यानी करीब 150 दिनों में 34 भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। यानी प्रत्येक 4 से 5 दिन में घूस लेते रंगे हाथ या पद का दुरुपयोग करने वाले किसी न किसी पदाधिकारी या कर्मी को दबोचा जा रहा है। इसमें ट्रैप से संबंधित मामले में 27 लोकसेवकों को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया है, जिसमें 12 लाख 46 हजार रुपये रिश्वत की कुल राशि बरामद की गई है। विभिन्न पदों पर तैनात 27 लोक सेवकों को ट्रैप, 4 के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति (डीए) मामला और 3 पदाधिकारी के खिलाफ अपने पद के दुरुपयोग करने के मामले में कार्रवाई की गई है। रंगे हाथ घूस लेते ट्रैप में पकड़े गए लोक सेवकों को निगरानी कोर्ट के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। निगरानी ब्यूरो के स्तर से भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ की गई कार्रवाई का औसत पिछले 4-5 वर्षों में कहीं अधिक है। 2024 में 15, 2023 में 36, 2022 में 72, 2021 में 58 और 2020 में 37 भ्रष्ट लोकसेवकों के खिलाफ कार्रवाई की गई थी। पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष के शुरुआती 5 महीने में ही 34 पदाधिकारी या कर्मचारी पर कार्रवाई की जा चुकी है। यह औसत पिछले वर्षों की तुलना में कहीं अधिक है। 2022 में पूरे वर्ष में ट्रैप, डीए और पद के दुरुपयोग करने वाले 72 लोकसेवकों पर कार्रवाई की गई थी। 2022 औसतन 5 से 6 दिन में किसी न किसी भ्रष्ट लोक सेवक पर गाज गिर रही थी। परंतु वर्तमान वर्ष में कार्रवाई के इस औसत की रफ्तार अधिक है। निगरानी ब्यूरो में अब सीधे शिकायत करने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए एक हेल्पलाइन नंबर के अलावा ब्यूरो कार्यालय के मुख्य गेट पर एक शिकायत पेटी भी रखी गई है, जिसमें कोई व्यक्ति किसी पदाधिकारी के खिलाफ शिकायत कर सकते हैं। इसकी समीक्षा करने के बाद संबंधित शिकायतकर्ता को बुलाकर पूरे मामले की तफ्तीश करने के बाद कार्रवाई कराई जाती है। प्राप्त शिकायतों पर कार्रवाई भी त्वरित गति से की जाती है।

# पटना एम्स के जूनियर डॉक्टर की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव, तीन हुई संक्रमित मरीजों की संख्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार की राजधानी पटना में कोरोना ने दस्तक दे दी है। मंगलवार को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना के एक जूनियर डॉक्टर की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसके अलावा दूसरे मरीज भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के 30 वर्षीय वैज्ञानिक हैं। एक अन्य मरीज की जानकारी भी स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड में दर्ज की गई है। इसके बाद शहर में कोरोना संक्रमितों की संख्या अब बढ़कर तीन हो गई है। सिविल सर्जन डॉ. अविनाश कुमार के अनुसार संक्रमितों में किसी की भी हालिया यात्रा की जानकारी नहीं है। मरीजों में कोरोना के गंभीर लक्षण नहीं हैं, लेकिन गले की खराश, खांसी और बुखार के बजाय अब मरीज सिरदर्द, बदन दर्द, कमजोरी और ऑक्सीजन लेवल में गिरावट की शिकायत लेकर आ रहे हैं। विशेषज्ञ इसे वायरस के नए स्वरूप से जोड़कर देख रहे हैं। देश के अन्य राज्यों में भी कोरोना मामलों में तेजी को देखते हुए बिहार सरकार सतर्क हो गई है। इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (आईजीआईएमएस) के अधीक्षक डॉ. मनीष मंडल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर अस्पताल में 12 ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड और तीन आईसीयू बेड कोरोना मरीजों के लिए आरक्षित कर दिए गए हैं। राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों को भी सतर्कता बरतने और तैयारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। बदलते लक्षणों और नए संक्रमणों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड में है। विशेषज्ञों का मानना है कि आमजन को भी सतर्क रहना चाहिए और किसी भी लक्षण को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

# अमृतसर में बम विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकवादी की मौत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब के अमृतसर में मजीठा रोड बाईपास पर डिसेंट एवेन्यू कॉलोनी के पास मंगलवार को सुबह करीब 9.30 बजे हुए एक विस्फोट में एक संदिग्ध आंतकवादी की मौत हो गई। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) अमृतसर ग्रामीण मनिंदर सिंह ने बताया कि हमें सुबह विस्फोट की सूचना मिली थी और घटनास्थल पर एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल मिला। विस्फोट में उसके दोनों हाथ उड़ गए थे। घायल व्यक्ति को अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि ऐसे सुनसान इलाकों में हमने पहले भी देश विरोधी तत्वों को अपनी खेप इकट्ठा करने की कोशिश करते देखा है। उन्होंने कहा, ''हमें संदेह है कि इस व्यक्ति ने खेप निकालने के दौरान विस्फोटक को गलत तरीके से संभाला होगा। उन्होंने कहा कि फोरेंसिक टीमों को घटनास्थल पर भेजा गया था और विस्तृत जांच चल रही है। पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) सतिंदर सिंह ने बताया कि अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट उस समय हुआ जब व्यक्ति कथित तौर पर सुनसान इलाके से विस्फोटक की खेप निकाल रहा था। उन्होंने पुष्टि की कि घायल व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। वह एक आतंकवादी संगठन का सदस्य है और विस्फोटक की खेप लेने आया था। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जानकारी से पता चलता है कि वह बब्बर खालसा से जुड़ा था जो आईएसआईएस के समर्थन से पंजाब में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि विस्फोट सामग्री की जांच के लिए फोरेंसिक टीमों को बुलाया गया है। हम विस्फोटक उपकरण की प्रकृति की जांच कर रहे हैं।

# श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा अमृतसर सालाना 35 लाख यात्रियों की सूची में शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमृतसर। पंजाब में अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने 31 मार्च को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 35 लाख यात्री संख्या को पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया है। फ्लाई अमृतसर पहल के वैश्विक संयोजक समीप सिंह गुमटाला ने आज भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के मार्च 2025 के प्रकाशित आंकड़ों पर आधारित श्री गुरु रामदास जी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे, अमृतसर के लिए यात्री यातायात डेटा का एक व्यापक विश्लेषण जारी किया है जो पुष्टि करता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 हवाई अड्डे के इतिहास में सबसे सफल रहा है। श्री गुमटाला ने अमृतसर हवाई अड्डे और पंजाब के लिए इस गौरवपूर्ण उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा मार्च 2025 के लिए जारी आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 (एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025) के दौरान अमृतसर हवाई अड्डे से 35,42,880 यात्रियों ने हवाई यात्रा की। इसमें 11,53,461 अंतर्राष्ट्रीय और 23,89,419 घरेलू यात्री शामिल हैं। ये आंकड़े पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 14.8 प्रतिशत अधिक हैं, जब कुल 30.86 लाख यात्रियों ने यहां से उड़ान भरी थी। पिछले वित्तीय वर्ष 2018 की तुलना में इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों की संख्या में 17.5 प्रतिशत और घरेलू यात्रियों की संख्या में 13.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पिछले कई वर्षों के आंकड़ों के विस्तृत विश्लेषण से प्राप्त उत्साहजनक परिणामों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, गुमटाला ने हवाई अड्डे के इतिहास में एक और नई उपलब्धि का खुलासा किया। उन्होंने कहा कि मार्च 2025 में किसी भी महीने में अब तक का सबसे अधिक 3.43 लाख यात्री यातायात दर्ज किया गया, जो दिसंबर 2024 में दर्ज 3.40 लाख के पिछले रिकॉर्ड को पार कर गया। इसमें 2,31,756 घरेलू और 1,11,628 अंतरराष्ट्रीय यात्री थे और यह संख्या मार्च 2024 की तुलना में 8.5 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की संख्या में वृद्धि नई अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों के शुरू होने, पहले से संचालित उड़ानों की संख्या में वृद्धि और अधिक यात्रियों द्वारा अमृतसर के लिए इन उड़ानों को प्राथमिकता देने के कारण संभव हुई है।

# विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर चलाया गया जन-जागरूकता अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। विश्व पर्यावरण दिवस की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें के अंतर्गत पूर्व रेलवे के मालदा मंडल द्वारा मालदा टाउन, भागलपुर एवं जमालपुर रेलवे स्टेशनों पर मंगलवार को जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मालदा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान का उद्देश्य यात्रियों,




रेलवे कर्मचारियों एवं स्टेशन परिसर में कार्यरत वेंडरों को बायोडीग्रेडेबल एवं नॉन-बायोडीग्रेडेबल कचरे के पृथक्करण के लिए अलग-अलग डस्टबिन उपयोग करने की जानकारी देना था। मालदा मंडल के पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा इस अभियान का नेतृत्व किया गया। भागलपुर स्टेशन पर कर्मचारियों ने रेलवे ट्रैक को प्लास्टिक कचरे से मुक्त रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। साथ ही, वहाँ एक पर्यावरणीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर कचरा निस्तारण की आवश्यकता और उसकी विधि पर प्रकाश डाला गया। इस अभियान के दौरान रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने यात्रियों के साथ मिलकर यह संदेश दिया कि कचरे का स्रोत पर पृथक्करण न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक है, बल्कि यह रीसाइक्लिंग को भी बढ़ावा देता है। यह पहल पर्यावरणीय दृष्टिकोण से दीर्घकालिक लाभदायक सिद्ध होगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063